# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 73 अंक 193 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 12 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com







# 5वां सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार: पश्चिम एशिया संकट में भारत की इकॉनामी को 700 अरब डॉलर के फॉरेक्स रिजर्व ने बचाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया संकट के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत के लगभग 700 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) देश के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरे हैं। भारत के पास इस समय दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार हैं। भारत से अधिक विदेशी मुद्रा केवल चीन, जापान, स्विट्जरलैंड और रूस के पास है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, वैश्विक संकट या पूंजी के अचानक बाहर जाने जैसी स्थितियों में यही भंडार अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

जागरण Sunday स्पेशल

### क्या होते हैं फॉरेक्स रिजर्व

फॉरेक्स रिजर्व वे संपत्तियां होती हैं जिन्हें देश का केंद्रीय बैंक अपने पास रखता है। इसमें विदेशी मुद्रा (डॉलर आदि), सोना और सरकारी प्रतिभूतियां शामिल होती हैं।

### भारत की स्थिति कितनी मजबूत



- भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा फॉरेक्स रिजर्व है। यह करीब 700 अरब डॉलर के आसपास पहुंच गया है।

#### रिजर्व का बदला स्वरूप

- भारत के पास इतना भंडार है कि वह 10 से 11 महीने के आयात को कवर कर सकता है। आमतौर पर 4-6 महीने का आयात कवर सुरक्षित माना जाता है।
- यह भंडार देश के कुल बाहरी कर्ज का लगभग 94 प्रीसदी तक कवर करता है, जो आर्थिक स्थिरता का बड़ा संकेत है।
- भारत के फॉरेक्स रिजर्व में विविधता भी बढ़ी है। करीब 80 फीसदी हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्तियों का है। सोने का भंडार लगभग 115 अरब डॉलर है।

### 1991 से लगातार बढ़ा मुद्रा भंडार

1991 में भारत गंभीर भुगतान संकट से जूझ रहा था और केवल दो हफ्ते के आयात के बराबर ही रिजर्व बचा था। तब देश को सोना गिरवी रखना पड़ा था। इसके बाद आर्थिक सुधार शुरू हुए।

- 2000 के दशक में विदेशी निवेश बढ़ने से फॉरेन रिजर्व तेजी से बढ़ा।
- 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट में गिरावट आई, लेकिन भारत ने तेजी से रिकवरी की।
- 2013 के 'टैपर टैंट्रम' संकट में भी नीतिगत उपायों से स्थिति संभाली।
- कोविड-19 के दौरान बड़ा उछाल आया।
- पिछले 15 सालों में रिजर्व दोगुना से अधिक हुआ और 300 से 700 अरब डॉलर पहुंचा।





आरआर सुपरस्टार वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं रनों की बौछार!

## IPL आईपीएल में आज

**गुजरात बनाम लखनऊ**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**मुंबई बनाम बेंगलुरु**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणाम: पंजाब ने हैदराबाद को 6 विकेट से हराया।**
**चेन्नई ने दिल्ली को 23 रनों से हराया।**

## आशा भोसले की तबियत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती



**मुंबई, जेएनएन।** दिग्गज गायिका आशा भोसले की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें दिल और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया है और फिलहाल उनका इलाज आईसीयू में चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनका उपचार डॉक्टर प्रतीत समदानी की देखरेख में किया जा रहा है। आशा भोसले की पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया के जरिए उनकी सेहत को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि दादी को अत्यधिक कमजोरी और सीने में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनाई ने अपने संदेश में परिवार की निजता बनाए रखने की अपील भी की है। उन्होंने लिखा कि इलाज जारी है और उम्मीद है कि उनकी तबीयत जल्द ठीक हो जाएगी। खबर सामने आने के बाद फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके लिए शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। आशा संगीत की सबसे प्रतिष्ठित आवाजों में से एक हैं।

## संघर्ष विराम वार्ता: शनिवार को हुई दो दौर की बातचीत

# ईरान की मांग- लेबनान पर हमले तुरंत रोके जाएं

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष विराम वार्ता में शनिवार को दो दौर की बातचीत हुई। पहले दौर की बैठक करीब दो घंटे चली। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से बातचीत की। शनिवार रात 10 बजे के बाद शुरू हुए दूसरे दौर में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने आमने-सामने बातचीत शुरू की। दूसरे दौर में अहम मुद्दों पर देर रात खबर लिखे जाने तक चर्चा जारी रही। वार्ता रविवार को भी जारी रहेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने वार्ता के दौरान लेबनान में इजराइली हमलों को तुरंत रोकने की मांग दोहराई है। यह मुद्दा बातचीत की सबसे बड़े अड़चनों में शामिल है। इस वार्ता में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। बैठक में सुरक्षा, सैन्य, राजनीतिक, आर्थिक और कानूनी पहलुओं पर चर्चा हो रही है। वार्ता में पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। वार्ता से पहले ईरान ने साफ कहा था कि बातचीत सफल नहीं होती, तो इसकी जिम्मेदारी केवल इजराइल पर नहीं डाली जा सकती। ईरान का मानना है कि इस पूरे संघर्ष में अमेरिका और इजराइल के फैसले आपस में जुड़े हैं। हॉर्मुज पर ईरान ने कहा कि वहां से अब तक कोई अमेरिकी जहाज नहीं गुजरा और अगर कोई जहाज आगे बढ़ता, तो उस पर कार्रवाई की जाती।

(संबंधित खबरें पेज-8 पर)

### होर्मुज पर पेंच

- **ईरान** होर्मुज पर पूरे नियंत्रण के साथ गुजरने वाले जहाजों से फीस की मांग कर रहा है।
- **अमेरिका** चाहता है कि होर्मुज से पूरी दुनिया के जहाज बिना किसी रोकटोक के गुजरें।



इस्लामाबाद में शनिवार को वार्ता के दौरान ईरान के स्पीकर गालिबाफ और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ।

### 47 साल बाद आमने सामने की बातचीत

1979 की ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद पहली बार अमेरिका और ईरान के शीर्ष नेता इस स्तर पर सीधे आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बीच यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही है। इसकी सफलता दोनों पक्षों की सहमति पर निर्भर है और पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी।

### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे 2 अमेरिकी युद्धपोत

अमेरिकी सेना ने बताया है कि उसके दो युद्धपोत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब अमेरिकी युद्धपोत इस अहम समुद्री रास्ते से निकले हैं। हालांकि ईरान ने कहा कि एक जहाज को चेतावनी देकर लौटा दिया है। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका हॉर्मुज को 'खोलने' की दिशा में काम कर रहा है।

### ईरान के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: नेतन्याहू



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल ईरान और उसके सहयोगी समूहों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि उनकी सरकार ईरान के आतंकी नेटवर्क और उसके प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

## रायसेन में उन्नत कृषि मेला: राजनाथ बोले- जैविक फल-सब्जी और श्री अन्न बना रहे सैनिकों की सेहत

**जागरण, रायसेन।** आमतौर पर रक्षामंत्री को सेनाओं और देश की रक्षा से जोड़कर देखा जाता है, कृषि से उसका क्या नाता। मगर रक्षा मंत्री रहते हुए भी मेरे भीतर का किसान जीवित है। इसलिए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि देश भर में सेना की जितनी भी छावनी हैं, उनमें आसपास के किसानों द्वारा उगाए फल-सब्जी और अनाज ही खरीदे जाते हैं। अनाज में भी श्री अन्न यानी ज्वार, बाजरा और रागी के आटे को सेना की कैंटीन में रखना शुरू कर दिया है। इस पहल ने सच्चे अर्थों में जय जवान-जय किसान के नारे को सार्थक किया है। किसानों के जैविक फल-सब्जी व अनाज से सैनिकों की सेहत बन रही है तो दूसरी तरफ इस पहल से किसानों को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है।

### 47 देश को बासमती निर्यात कर रहा रायसेन: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि मेला के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि अकेला रायसेन ही 47 देशों में बासमती चावल का निर्यात कर रहा है। किसानों की मेहनत से अब देश दोगुना खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। हमारी सरकारों में प्रदेश के किसानों को गेहूं और धान का समुचित मूल्य मिला है। इस वर्ष किसानों से 2625 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रहे हैं। साथ ही 40 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी हम किसानों को दे रहे हैं। सिंचित रकबा बढ़कर 55 लाख हैक्टेयर तक पहुंच गया है। रायसेन को बागवानी हब के रूप में विकसित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को स्टेट हैंगर, भोपाल से विदाई दी।

## हाईकोर्ट: दिव्यांग दुष्कर्म पीड़िता को मिली गर्भपात की अनुमति

### टिप्पणी: जबरन गर्भ रखने के लिए नहीं कर सकते मजबूर



**जागरण, ग्वालियर।** मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक अहम फैसले में 30 साल की दिव्यांग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि किसी भी महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ जारी रखने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीड़िता को 19 सप्ताह का गर्भ है। कोर्ट ने कहा कि महिला की शारीरिक और मानसिक सेहत सर्वोपरि है। ऐसे मामलों में उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भ जारी रखना उसके अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीड़िता दिव्यांग है और सुनने व बोलने में असमर्थ है, जिससे उसकी स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई है। मामले में पीड़िता के भाई ने याचिका में बताया कि गर्भावस्था यौन शोषण का परिणाम है, जिससे महिला को गंभीर मानसिक आघात और शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है। हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की अनुमति दे दी है।

## वोटिंग, चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये कानून से मिलने वाले अधिकार हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने यह टिप्पणी राजस्थान के जिला दुग्ध संघों से जुड़े एक चुनावी विवाद की सुनवाई के दौरान की। कोर्ट ने कहा कि वोटिंग और चुनाव लड़ने का अधिकार दो अलग-अलग चीजें हैं। वोट देना नागरिक को चुनाव में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार अतिरिक्त है। इस पर योग्यता, पात्रता और अयोग्यता जैसी शर्तें लागू होती हैं। राजस्थान जिला दुग्ध संघों के चुनाव में कुछ उप-नियमों को हाईकोर्ट ने अवैध ठहराया था।


## हार्ट क्लीनिक आपके शहर रीवा में

### डॉ. शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रत्येक दिन



**रीवा।** रीवा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिरीष मिश्रा जी M.D. मेडिसिन D.N.B कार्डियोलॉजी कंसलटेंट इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल, बी.ल कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रति दिन समड़िया गोल्ड बाल भारती स्कूल के सामने रीवा में उपलब्ध है, डॉ शिरीष मिश्रा पूर्व में मैक्स हॉस्पिटल और बी.एल. कपूर जैसे हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, स्टंट, पेसमेकर, वाल्व बाईपास इत्यादि के मरीजों का फॉलो उप, जन्मजात हृदय रोग जैसे बीमारी का इलाज किया जाता है, आधुनिक जांच सुब्धियाएं जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, ECG, होल्टर, ए बीपीएम जैसे आधुनिक तकनीक से जांच उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु आराध्या मेडिकल स्टोर्स समदड़िया गोल्ड, बाल भारती स्कूल के सामने, रीवा। संपर्क नं. 9752244-218 में संपर्क कर सकते हैं।

**75 वर्ष से ज्यादा व्यक्तियों का सभी प्रकार की जांचो में 50% की छूट एवं निःशुल्क परामर्श**

**विशेष सुविधाएं: एन्जोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी,** आयुष्मान द्वारा निःशुल्क सर्जरी की जाती है।








## राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में सुमिता सिंह ने भी भरा नामांकन



**रीवा।** राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में रीवा जिले की सुमिता सिंह गहरवार ने भी नामांकन दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के लिए हो रहे चुनाव में वर्ष 2026 में महिलाओं हेतु 5 सीट आरक्षित की गई हैं। रीवा जिले से कई अधिवक्ता राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में प्रत्याशी हैं। ज्ञात हो कि रीवा जिले में 5000 से अधिक अधिवक्ता पंजीकृत हैं और प्रदेश भर में सर्वाधिक महिला अधिवक्ता रीवा जिले में हैं। एडवोकेट सुमिता सिंह गहरवार ने अपना नामांकन प्रत्याशी के रूप में कर दिया है।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## शिवकंठ नगर में सीवर लाइन की खोदाई के बाद पाइप फूटने से रोड बनी दलदल

### दो लोगों की हड्डी फ्रेक्चर, कइयों की गाड़ियां फंसी



**जागरण, रीवा।** शहर में पिछले कई सालों से चल रही सीवर लाइन बिछाने के लिए चल रही खोदाई लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। शहर के जिस भी मार्ग पर सीवर लाइन डालने के खोदाई की जाती है वहां की सड़क चलने लायक नहीं रहती। समाजसेवी सुधीर तिवारी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे शिवकंठ नगर में एक माह पहले सीवर लाइन डाली गई। उसके बाद रोड को पाट दिया गया। दो दिन पहले उसी रोड पर नल की मेन पाइप लाइन फूट गई जिससे पूरी रोड में पानी भर गया। मरम्मत के बाद पाइप का लीकेज तो बंद हो गया लेकिन पानी के कारण सड़क बीच में दलदल के रूप में तब्दील हो गई। इस दौरान उस रोड से गुजरने के कारण कई लोग गिरकर जख्मी हो गये। इससे दो लोग फ्रेक्चर भी हो गये हैं। दलदली सड़क पर कई लोगों की गाड़ियां फंसी जो बड़ी मशक्कत के बाद निकाली जा सकीं। उन्होंने बताया कि घर के दरवाजे में लगभग 10 मीटर लंबा गड्ढा हो गया था जिससे कार नहीं निकल पा रही थी। लेकिन न तो सीवर का काम रही कंपनी द्वारा कोई ध्यान दिया गया और न ही नगर निगम द्वारा कोई कार्यवाही की गई। मजबूरन अपने जेब से जेसीबी लगाकर सड़क का गड्ढा पटवाया, तब कहीं जाकर घर से कार निकल पाई। सड़क के खराब हो जाने के कारण पूरे मोहल्ले में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो लोग इस मामले को लेकर आंदोलन कर सकते हैं।

# अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने के विरोध में दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे व्यापारी

### आधे व्यापारी धरने पर और आधे खुद तोड़ रहे बढ़ा हुआ हिस्सा

### व्यापारी संघ एवं आप नेता ने दी प्रशासन को दी चेतावनी

जागरण, रीवा



अस्पताल चौराहा से सिरमौर चौराहा तक अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने की प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा एवं आप नेता सहित व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के कारण उलझ कर रह गई है। जिला प्रशासन द्वारा दिये गये अल्टीमेटम के बाद इस मार्ग के आधे व्यापारी स्वयं अपना बढ़ा हुआ हिस्सा तोड़ने में व्यस्त है तो दूसरी तरफ आधे व्यापारी इसके विरोध में धरना पर बैठे हुए हैं। इनका कहना है कि पहले उनका विस्थापान किया जाय इसके बाद उन्हें यहां से हटाया जाय। अस्पताल चौराहा से सिरमौर चौराहा तक चौड़ीकरण के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारी एवं आप नेता प्रमोद शर्मा ने पत्रकार वार्ता कर प्रशासनिक कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन विकास का ढोंग रचकर उन व्यापारियों को निशाना बना रहा है जो आजादी के समय से यानी पिछले 65 सालों से यहाँ अपनी दुकानें चला रहे हैं। बिना किसी पुनर्वास नीति के बुलडोजर चलाना न केवल तानाशाही है, बल्कि इन परिवारों को रोजी रोटी से वंचित करना है। व्यापारी संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक हर एक प्रभावित व्यापारी को शहर के भीतर उचित स्थान पर विस्थापित नहीं किया जाता, तब तक एक भी ईंट हिलने नहीं दी जाएगी। व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने भावुक होते हुए कहा कि इन दुकानों से उनकी तीन पीढ़ियां जुड़ी हैं। प्रशासन का यह कदम उनके इतिहास और अस्तित्व को मिटाने जैसा है। आप नेता प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रशासन बड़े भू-माफिया को लाभ पहुँचाने के लिए छोटे दुकानदारों को अधिकार देने के बजाय इनके रोजगार छीन कर बलि का बकरा बना रहा है। चौड़ीकरण की योजना में पारदर्शिता का अभाव है।

व्यापारी संघ ने मांग की है कि प्रशासन लिखित में दे कि बिना विस्थापन के कोई तोड़फोड़ नहीं होगी। 45 वर्षों से काबिज सभी छोटे व्यापारियों का निष्पक्ष सर्वे कर उन्हें मालिकाना हक या उचित मुआवजा दिया जाए। उजाड़े जा रहे व्यापारियों के लिए पास ही में महिला समिति वाली जगह पर सरकारी मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाकर दुकानें आवंटित की जाए, या भूमि आवंटन की जाये, व्यापारी स्वयं बनवा लेंगे।

## झलबदरी तालाब की सफाई में लोगों ने किया श्रमदान



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत झलबदरी तालाब में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान तालाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई, जलकुम्भी की निकासी और स्वच्छता कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एवं उपयंत्री के साथ आसपास के लोगों ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई और जल संरक्षण का संदेश दिया। झलबदरी तालाब में आयोजित इस श्रमदान के दौरान तालाब किनारे फैले प्लास्टिक कचरे, सड़ी-गली वनस्पतियों और जलकुंभी को हटाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, सहायक नोडल अधिकारी अपूर्वा चतुर्वेदी, उपयंत्री रमेश सिंह आईईसी हेड विवेक परमार सहित अन्य अधिकारी एवं नगर निगम के सफाई कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## होम्योपैथिक चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प




**जागरण, रीवा।** आयुष विभाग द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस एवं डॉ. हनीमेन की 271वीं जयंती के अवसर पर कला मंदिर स्वागत भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भारी संख्या में चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय आयुष अधिकारी एसके साकेत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शारदा मिश्रा एवं राजेंद्र पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत प्राचार्य एवं टीआरएस कॉलेज गवर्निंग बॉडी मेंबर राजेंद्र सिंह ने डॉ. हनीमेन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए होम्योपैथी दवा पर विश्वास कर इलाज कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संभागीय मुख्यालय में कला मंदिर में स्थित होम्योपैथिक अस्पताल जर्जर हालत में है, उसका जीर्णोद्धार किया जाए। कार्यक्रम में डॉ. रवि द्विवेदी, डॉ. शैलेंद्र मिश्रा, डॉ. रेनू, डॉ. केबी विश्वकर्मा, डॉ. वंदना मिश्रा उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. व्योमकेश मिश्रा ने किया। अंत में सभी ने होम्योपैथिक चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनावः आरक्षण प्रक्रिया के बाद चुनाव की तिथि घोषित

# 13 से शुरू होगा नामांकन दाखिला, पूर्व प्रत्याशियों को नहीं लगेगा शुल्क, 100 रुपए में मिलेगा फार्म

### महिलाओं के लिए कोषाध्यक्ष का पद आरक्षित, कार्यकारिणी सदस्य के दो पद भी आरक्षित



**जागरण, रीवा।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में महिला आरक्षण हेतु हाईकोर्ट दिशा निर्देश के तहत फिर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। शनिवार को पत्रकारों से चर्चा में जिला अधिवक्ता चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी सूर्यनाथ पांडेय ने बताया कि 8 मार्च को निर्वाचन समिति की बैठक में हाईकोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार महिला आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। श्री पांडेय ने बताया कि संघ के कोषाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है जबकि कार्यकारिणी के दो पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित किये गए हैं। नामांकन की प्रक्रिया नवीन दिशा निर्देशों के तहत 13 अप्रैल से शुरू होगी। श्री पांडेय ने बताया कि चूंकि पूर्व नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी लेकिन महिला आरक्षण के लेकर दायर याचिका में हाई कोर्ट की रोक के बाद स्थगित कर दिया गया। चूंकि महिला आरक्षण के लिए नए सिरे नामांकन प्रक्रिया शुरू की जा रही है इसके लिए पूर्व नामांकन भरने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क में राहत दी गई है। ऐसे सदस्य केवल 110 रुपए में नामांकन फार्म लेकर जमा कर सकेंगे। नवीन आवेदनों में निर्वाचन प्रक्रियी की सारी शर्तें पूरी करनी होगी। यानी अभ्यर्थियों को पद अनुसार शुल्क जमा करना होगा।

### पुराने न्यायालय भवन में होगी चुनाव प्रक्रिया

मुख्य चुनाव अधिकारी श्री पांडेय ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पुराने न्यायालय भवन में अधिवक्ता संघ कार्यालय से संपादित की जायेंगी। अभ्यर्थियों की योग्यता पूर्व निर्धारित मानदंड के अनुसार होगी। अध्यक्ष को 20 वर्ष व सचिव पद के अभ्यर्थियों के लिए 15 वर्ष का विधि व्यवसाय होना जरूरी है। अन्य पदों के लिए प्रैक्टिस टाइम की बाध्यता नहीं है।

#### ऐसे होगा चुनाव कार्यक्रम

- नामांकन 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सुबह11 बजे से शाम 5 बजे तक।
- नामांकन पत्रों की जांच 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 2 बजे दिन तक।
- नामांकन पत्रों की वापसी 16 अप्रैल को 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक, इसके बाद अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा।
- मतदान : 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक
- मतगणनाः 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शुरू होकर समाप्ति तक लगातार जारी रहेगी। मतगणना उपरांत विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी।

पत्रकार वार्ता दौरान निर्वाचन अधिकारीगणों में मो. आबिद खान, राजेंद्र सिंह, रेवा शंकर अवस्थी, मारकण्डेय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, कमलेंद्र पांडेय, शब्देंद्र सिंह व रघुवंश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## ग्रुप में जाने के लिए 5 से 30 यात्रियों का करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन, गाइडलाइन जारी

### 15 अप्रैल से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन, 13 से 70 वर्ष के लोग कर सकेंगे दर्शन

**जागरण, रीवा।** अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन की तारीख की घोषणा होते ही श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलने वाली बाबा बर्फानी की पवित्र यात्रा शुरू होने की तारीख अब तक घोषित नहीं की गई है। इधर अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने अमरनाथ यात्रा के लिए पोर्टल पर ग्रुप रजिस्ट्रेशन की गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक यदि इस साल अपने दोस्तों या परिवार के साथ जाने की योजना बना रहे हैं, तो अब 5 से लेकर 30 सदस्यों के ग्रुप का एक साथ आवेदन कर सकेंगे।

**कहां करें आवेदन? :** ग्रुप रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 15 अप्रैल से प्रारंभ होगी और आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 20 मई तय की गई है। श्रद्धालुओं को अपने आवेदन रजिस्टर्ड पोस्ट के जरिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजबाग श्रीनगर के अमरनाथ श्राइन बोर्ड पते पर भेजने होंगे। प्रति यात्री रजिस्ट्रेशन शुल्क 250 रुपए रखा गया है। खास बात यह है कि शुल्क डिमांड ड्राफ्ट से नहीं, बल्कि डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के बाद ऑनलाइन माध्यम से जमा करना होगा।

#### डाक खर्च का गणित

ग्रुप लीडर को आवेदन के साथ डाक खर्च भी भेजना होगा, जो ग्रुप के सदस्यों की संख्या पर निर्भर है। 5 सदस्यों तक 50 रुपए, 15 सदस्यों तक 150 रुपए व 30 सदस्यों तक 300 रुपए जमा करने होंगे। श्राइन बोर्ड ने 8 अप्रैल के बाद जारी किए गए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र ही मान्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते शनिवार को जिला अस्पताल में लोग स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की जानकारी लेने पहुंचे।

#### असमंजस की स्थिति बन रही

अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने अधिकृत डॉक्टरों एवं पंजीयन के लिए बैंकों की सूची जारी कर दी है, लेकिन अभी तक यात्रा शुरू होने की तारीखों की घोषणा नहीं की है, जिससे श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# शादी की धूम, कमाई की बूम, निगम को नहीं मिल रहा घेला

### अवैध बारात घर संचालक कमा रहे करोड़ों, हर साल हो रहा लाखों के राजस्व का नुकसान



फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** शादियों का दौर एक बार फिर शुरू होने को है। ऐसे में हर गली-मोहल्ले में शादी की धूम नजर आएगी। मंडप सज रहे हैं। खाली पड़े मैदानों से लेकर बारातघर और होटल तक सभी फुल हैं लेकिन इनसे नगर निगम को जितनी कमाई होनी चाहिए, उसकी तुलना में कुछ भी नहीं मिल रहा है। दरअसल ज्यादातर बारातघरों और होटल वालों ने विवाह आदि समारोह कराने का लाइसेंस ही नहीं लिया है। शहर व करीबी सीमा में करीब 150 मैरिज गार्डन और बारातघर ऐसे हैं, जहां शादी, विवाह के साथ अन्य आयोजन होते हैं लेकिन इनमें से दर्जन भर भी नगर निगम में दर्ज नहीं हैं। बाकी अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। ऐसे अवैध बारातघर लंबे समय से संचालित हैं और हर साल लाखों रुपए कमा रहे हैं लेकिन अनुमति न लेकर निगम को चूना लगा रहे हैं। उधर निगम अधिकारी भी सोए हुए हैं, तभी तो अवैध बारातघरों के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर निगम प्रशासन यदि अवैध बारातघर संचालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करे तो लाखों रुपए की आय हो सकती है।

### सुरक्षा के संसाधन भी नहीं

शहर में संचालित अवैध बारातघर किसी खतरे से कम भी नहीं हैं। दरअसल ज्यादातर बारातघरों में सुरक्षा के कोई संसाधन नहीं है। भीड़-भाड़ के दौरान यदि कभी कोई हादसा होता है, तो जानमाल का नुकसान होना तय है। निगम अधिकारियों को इससे भी कोई सरोकार नहीं है। अधिकारी अवैध बारातघरों में होने वाले हादसों का इंतजार कर रहे हैं, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

### भवन शाखा को करनी चाहिए कार्रवाई

जानकारी के अनुसार अवैध तरीके से संचालित होने वाले बारातघरों के खिलाफ नगर निगम की भवन शाखा के अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए। हर संभाग में भवन शाखा का एक यंत्री भी होता है, जिसे इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि उसके क्षेत्र में किन भवनों में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन उसे भी पीडब्ल्यूडी के कामों से पैसा कमाने से फुर्सत नहीं मिल रही है।

### शहर के बीचों-बीच भी हैं

अवैध तरीके से जो बारातघर संचालित हो रहे हैं, उनमें ज्यादातर शहर के बाहरी हिस्से में हैं लेकिन कई बारात घर ऐसे भी हैं जो शहर के बीचों-बीच सालों से संचालित हो रहे हैं। ऐसे बारातघरों के खिलाफ भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि इनमें होने वाले आयोजनों में नगर निगम के अधिकारी भी शिरकत करते हैं।

#### 5 साल पहले बांटे थे नोटिस

जानकारों का कहना है कि शहर में जितने भी बारातघर या मैरिज गार्डन हैं, सभी की जानकारी लेने के लिए नगर निगम ने करीब 5 साल पहले संचालकों को नोटिस जारी किए थे। सभी संचालकों से बारातघर और मैरिज गार्डन से संबंधित दस्तावेज भी मांगे गए थे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किसके पास अनुमति है, किसके पास नहीं, लेकिन नोटिस के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। तीन दर्जन से अधिक बारात घरों को बंद करा दिया गया था लेकिन वह फिर चलने लगे, व्यवस्थाएं भी हाईकोर्ट के आदेशानुसार नहीं बनाई गईं। अब तो हर सीजन नये बारात घर खुल रहे हैं।

## फोर्ट रोड और सिंधी चौराहे के अतिक्रमण 'नासूर' जैसे

**रीवा।** समाजसेवी उपेंद्र चन्द्र दुबे सहित नगर के गणमान्यजनों ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि विंध्य की हृदयस्थली रीवा को सुंदर, सुव्यवस्थित और महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शहर की सड़कों को चौड़ा करने और यातायात को सुगम बनाने के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के अब सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखने लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन क्षेत्रों में शुरुआत में व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया था, आज वही लोग बदली हुई सूरत देखकर प्रशासन के इस कदम की सराहना कर रहे हैं। शहर के चिरहुला रोड, खन्ना चौराहा, पंचमठा रोड और घोघर जैसे व्यस्त इलाकों में जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी, तब प्रशासन को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जैसे ही सड़कें चौड़ी हुईं और वहां का सौंदर्यीकरण हुआ, परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। आज इन क्षेत्रों के वही पूर्व 'विरोधी' नागरिक और व्यापारी कहते हैं कि जो हुआ, बहुत अच्छा हुआ। सड़कें चौड़ी होने से न केवल इलाके की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि संपत्तियों की कीमतें भी आसमान छूने लगी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यवस्थित बाजार होने के कारण अब ग्राहकों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे स्थानीय व्यापारियों का कारोबार पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। वर्तमान में इसी कड़ी में अमहिया रोड पर भी अतिक्रमण हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## कई महाविद्यालयों में नहीं लगी इंटीग्रेटेड मशीन

### प्रशिक्षण देने व प्रस्ताव मांगने के बाद ठंडी पड़ी उच्च शिक्षा विभाग की योजना



**जागरण, रीवा।** जिले के सरकारी महाविद्यालयों के छात्रों को स्मार्ट क्लास के जरिये ज्ञान नहीं मिल पाया और न ही जिले के सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग पाई। स्मार्ट क्लास योजना के तहत यह कार्यवाही होनी थी। योजना को अमलीजामा पहनाने उच्च शिक्षा विभाग ने मार्च 2019 में कार्यवाही शुरू की थी, जिसके तहत जिले के कुछ सरकारी महाविद्यालयों को भोपाल में प्रशिक्षण भी दिलाया गया। इसके उपरांत सरकारी महाविद्यालयों से उक्त तकनीकी सिस्टम स्थापित करने प्रस्ताव मांगे गए। अब प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद से विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि प्रस्ताव भेजने वाले महाविद्यालयों को उक्त मशीन क्रय करने की अनुमति विभाग को देनी थी। मशीन महाविद्यालयों को स्वयं के खर्च से डेढ़ लाख रुपये में खरीदनी थी। अब कह सकते हैं कि योजना के क्रियान्वयन में लगा पैसा और समय सब बेकार हो गया तथा छात्रों को नई तकनीक के माध्यम से ज्ञान का लाभ नहीं मिल पाया। बताते हैं कि यदि सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग जाती तो सभी शिक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटेड इस मशीन का उपयोग अपने प्रेजेंटेशन डाटा के लिए कर पाते। इस तरह शिक्षक कक्षाओं में छात्रों को बेहतर तरीके से प्रायोगिक व मौलिक ज्ञान देने में सक्षम होते। गौरतलब है कि मार्च 2019 में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को नई इंटीग्रेटेड मशीन की जानकारी दी गई। साथ ही मशीन को चलाने व उसके नये फंक्शन से शिक्षकों को अवगत कराया गया। उक्त तकनीकी सिस्टम में शिक्षक पॉवर प्वाइंट, वीडियो या अन्य तरह की डाटा फाइल का उपयोग कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए बनी ऐसी फाइल को इस मशीन में सीडी, पेन ड्राइव के जरिये दिया सकता है। यह मशीन अत्याधुनिक मशीन सफेद दीवार पर भी फोकस कर काम करती है। लेक्चर या प्रेजेंटेशन के समय शिक्षक को सुधार का विकल्प भी मिलता है, इसके लिए मशीन के साथ एक सेंसर पेन होता है। यह प्रोजेक्ट ऑनलाइन वर्चुअल क्लास से इतर ऑफलाइन काम करता है।


PIONEERS SCHOOL OF EXCELLENCE
Behind Vrindawan Colony Near Janta College Anantpur, Rewa (M.P.)
ADMISSION FEES में विशेष छूट 15.04.2026 तक
Nursery to 10th Class
An English Medium School
CBSE Pattern Formerly shemrock
National School Award 2021 Winner
Vacancy For - Pre-Primary teacher, PRT (science/mathematics) & office reception.
ADMISSION OPEN Now
Session : 2026-27
Phone No.: 8370073017, 9109143141

# गर्मी आते ही बढ़ी आगजनी की घटनाएं, कई एकड़ की फसल खाक, दोना फैक्ट्री में लगी आग

**जागरण, रीवा।** गर्मी का सीजन आते ही आगजनी घटनाओं में वृद्धि हो गई है। आए दिन आगजनी की घटनाएं प्रकाश में आने लगी हैं। शनिवार को आगजनी की एक घटना में जहां कई एकड़ फसल जलकर खाक हो गई वहीं दोना- पत्तल फैक्ट्री में आगलने से मशीनरी सहित लाखों के उत्पाद भी जलकर नष्ट हो गए। इतना ही नहीं एक अन्य घटना में चलते-चलते एक कार में भी आग लग गई। आगजनी की ज्यादातर घटनाएं शार्ट सर्किट से बतायीजा रही हैं। इसलिए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिला प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कराने होंगे।

## खेतों में भड़की आग से फसल नष्ट

**सोहागी थाना क्षेत्र में सामने आई आगजनी, ग्रामीण और फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू**



**जागरण, रीवा।** सोहागी थाना क्षेत्र के चिल्ला स्थित महरजिया क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बीच खेतों में अचानक भीषण आग लग गई। अंदेशा जताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की चिंगारी से आग लगना बताया जा रहा है। तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेने लगी। आग की लपटों को तेजी से फैलता देख स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस सहित फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद तुरंत मोर्चा संभाला। घंटों की कड़ी मशक्कत और संयुक्त प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा नुकसान हो सकता था, आग बुझ जाने से एक बड़ी घटना टल गई, ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी के चलते कुछ फसलें जलकर नष्ट हो गई हैं।

## बिछिया स्थित दोना-पत्तल गोदाम में आगजनी से लाखों की क्षति



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी जोड़ी स्थित ओम परिसर में उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब कुशवाहा दोना-पत्तल के गोदाम में अचानक भीषण आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे दोना-पत्तल जलकर खाक हो गये। बताया जा रहा है कि बुद्धसेन कुशवाहा पिछले दो वर्षों से यहां दोना-पत्तल का कारोबार संचालित कर रहे थे। उनके गोदाम में बड़ी मात्रा में दोना-पत्तल का स्टॉक रखा हुआ था। दोपहर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। भीषण धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। बिना देर किए सभी ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया। बाल्टियों और पानी के पाइप की मदद से लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड बुलाने की जरूरत नहीं पड़ी। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग को और फैलने से रोका। लेकिन तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। व्यापारी द्वारा इस अग्निकांड में करीब सात-आठ लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दे दी गई है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# एनडीपीएस एक्ट और लूट मामले में फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

## 1 लाख कैश व स्विफ्ट कार के साथ पकड़ा गया नशा कारोबारी

**अमहिया पुलिस ने आरोपियों को दबोचा**



**जागरण, रीवा।** अमहिया थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट और लूट मामले में फरार चल रहे दो शातिर बदमाशों को बधान के पास घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाख रुपए नकद व मोबाइल जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों पर रीवा के अमहिया थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध था, इसके साथ ही मऊगंज और सतना में आरोपियों पर प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी कार में सवार होकर सूनसान जगह पर बैठे हुए थे तभी पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे 1 लाख की नकदी समेत 2 स्मार्ट फोन और 11 लाख कीमती डिजायर कार भी जब्त की है। अमहिया पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि बीती रात मुखबिर सूचना पर पूर्व में दर्ज हुए एनडीपीएस के अपराध में फरार आरोपी विकास साहू अपने एक साथी इमरान शाह उर्फ इब्बू के साथ सूनसान जगह पर कार में बैठे हुए की जानकारी मिली थी। मुखबिर सूचना के बाद पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुये कार की घेराबंदी की और उसमे सवार दोनों युवकों को धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में पूर्व में दर्ज एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी विकास साहू निवासी निपनिया और उसका एक साथी इमरान शाह उर्फ इब्बू निवासी अमहिया शामिल हैं। बताया गया कि फरार आरोपी विकास के साथ पकड़ा गया इमरान शाह भी नशे का कारोबारी है, जो उत्तरप्रदेश से नशे की खेप लाकर अपने साथी को बिक्री करता था। पुलिस की मानें तो उक्त दोनों आरोपियों पर रीवा के साथ सतना और मऊगंज जिले में भी एनडीपीएस सहित लूट जैसे अपराध दर्ज हैं। इमरान उर्फ इब्बू पर अलग अलग जिलों के थानों में कुल 28 अपराध दर्ज है। आरोपियों के कब्जे से एक स्विफ्ट डिजायर कार के साथ 1 लाख कैश भी बरामद किये गए हैं। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## कार सहित 285 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ तस्कर पकड़ाया




**जागरण, रीवा।** शहर की समान थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक तस्कर को कार सहित 285 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ घेराबंदी कर पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की तलाश पुलिस पिछले चार माह से कर रही थी। पुलिस ने बीते वर्ष 12 नवंबर को 50 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी करण यादव निवासी महाजन टोला को गिरफ्तार किया था, जबकि मामले में धीरज चिकवा पिता द्वारिका चिकवा 24 वर्ष निवासी गोविंदगढ़ फरार था। फरार आरोपी धीरज की निशानदेही पर कार सहित 285 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि शहर के भीतर थाने के पास ही रहकर तस्कर नशे का एक बड़ा कारोबार चला रहा था। उसने लग्जरी लाइफ जीने के लिए शॉर्टकट का रास्ता अपनाया और फोटोग्राफर से सीधा नशे के कारोबार में उतर आया। लग्जरी कार में जब वह नशे की खेप लेकर डिलेवरी देने निकला तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्यवाही को लेकर सामान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी धीरज चिकवा गोविंदगढ़ का निवासी है, वह शहर के भीतर बिछिया थाने के सामने किराए के कमरे में निवास करता था। बताया गया समान थाना पुलिस के द्वारा इससे पूर्व दिसंबर माह में एनडीपीएस की एक कार्यवाही की गई थी जिसमें आरोपी धीरज चिकवा का नाम भी सामने आया था, तभी से आरोपी पुलिस के रडार में था। शुक्रवार की शाम आरोपी के संबंध में पुलिस को जानकारी मिली थी, इसके बाद आरोपी के घर पुलिस ने पहुंचकर तलाशी ली तो घर के सामने खड़े लग्जरी वाहन से भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप बरामद की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे की खेप का स्टॉक कार में ही रखता था और उसी से निकालकर गोविंदगढ़ मार्ग व अन्य स्थानों पर सप्लाई देता था।

# सूने घर का चोरों ने चटकाया ताला, लाखों का आभूषण और 50 हजार नकदी पार

**चोरहटा थाना क्षेत्र के करहिया मंडी के पीछे की घटना**



**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सूने आवास को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण और पचास हजार रुपए नकद पार कर दिए। बताया गया कि अज्ञात चोर घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुये हैं। शर्मा परिवार के लोगों को घटना की जानकारी शनिवार की सुबह हुई जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत चोरहटा थाना में दर्ज करवाई है। पीड़ित परिवार की मानें तो घटना की रात उनका पूरा परिवार गांव में था, इधर चोरों ने ताला तोड़कर जीवन भर की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के मुताबिक चोरों ने घर की अलमारी में रखा करीब 10 तोला सोना, 1 किलो चांदी सहित 50 हजार से अधिक नकदी पार कर दिए। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में स्थित करहिया मंडी निवासी पीड़ित महिला क्षमा शर्मा पति धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि बीते दिवस उनका परिवार अपने गांव छिबौरा गया हुआ था, इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर में धावा बोल दिया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में हुई चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है जिसमें चोर 2 की संख्या में नजर आ रहे हैं। इधर चोरी की घटना के बाद पीड़ित परिवार का बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्रित चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है।

## 16 पेटी अवैध देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तमरा-जरहा में अवैध शराब के कारोबार पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक घर से बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। बताया गया है कि आबकारी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश दी, जहां से करीब 16 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की गई। यह शराब अनुराग सिंह उर्फ सयाने निवासी ग्राम जरहा के घर से पकड़ी गई है। आबकारी विभाग की टीम ने मौके से बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शराब इस अवैध कारोबार में एक-दो अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## दिनदहाड़े घर से चोरों ने पार कर दिए आभूषण

**समान थाना में शिकायत दर्ज अब तक नहीं मिला चोरों का सुराग**

**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत किराए के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया था। लाखों के सोने चांदी के आभूषण अज्ञात आरोपी चुरा ले गए थे जिसकी शिकायत पीड़ित ने समान थाना में दर्ज करवाई थी। घटना के 6 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं और चोरों का सुराग नहीं लग सका है, जिससे परिवार परेशान है। पीड़ित शैलेन्द्र पटेल पिता मंगलदीन पटेल 30 वर्ष निवासी गोरगांव थाना रायपुर कर्चुलियान ने बताया कि वह शहर में इलेक्ट्रानिक की दुकान में काम करता है। 05 अप्रैल को वह अपनी पत्नी अर्चना पटेल के साथ दिन में गांव चला गया था, जबकि घर में उसके भाई बृजेश पटेल और भाभी सरस्वती पटेल थे जो चूड़ी की दुकान चलाते हैं, वो लोग अपनी दुकान पर चले गये थे। रात करीब 09 बजे जब वह गांव से रीवा आया तो देखा की उसके किराए के कमरे का ताला टूटा हुआ है अंदर गया तो देखा की पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पेटी में रखा सोने का झुमका, 1मंगलसूत्र, मनचली, कान की बिजली, सोने का टॉप्स, एक सोने की अंगूठी, सोने के दो लॉकेट, बच्चे के हाथ का चांदी का चूड़ा, कमरबंद इक्कीस तोला चांदी सहित आभूषण पार कर दिए। घटना के बाद पीड़ित ने चोरी की शिकायत समान थाना में दर्ज करवाई है, लेकिन अब तक चोरों का पता नहीं लग सका है।

# नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर की कार्वाई

**आरटीओ का यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष जांच अभियान**




रीवा। परिवहन विभाग ने यात्री बसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष जांच अभियान चलाया है। इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई की गई। परिवहन आयुक्त ने यात्री बसों में सुरक्षा मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने बस के गेट (दरवाजे) के सामने बस की बैठक क्षमता (सीटिंग कैपेसिटी) को स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था यात्रियों को बस की अधिकतम क्षमता की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराएगी, जिससे ओवरलोडिंग (क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाना) को रोका जा सकेगा। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चेकिंग में फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकास द्वार और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। ओवरलोडिंग और अन्य नियम उल्लंघनों पर चालान तथा आवश्यकता पड़ने पर बस का परमिट निलंबन या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त ने कहा है कि यह कदम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने सभी बस संचालकों से अपील की है कि वे बस के गेट के सामने बैठक क्षमता स्पष्ट अक्षरों में अंकित करें और सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। यह अभियान जिले सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा।

किराये से देना है
रीवा में कॉलेज चौक के पास
Complete Building किराये पर देना है
Total Area Approx 12000 Sq.Ft.
हॉस्पिटल/डॉक्टर चैंबर के लिए उपयुक्त
-:सम्पर्क करें:-
9425830072



# क्रिकेट के मैदान में नहीं चलता नेपोटिज्म

भारतीय क्रिकेट का इतिहास ऐसे कई उदाहरणों से भरा है, जहां महान खिलाड़ियों के बेटे उसी ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाए। अर्जुन तेंदुलकर की सबसे बड़ी पहचान यही है कि वे सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं। शायद यही उनकी सबसे बड़ी मुश्किल भी है। भारतीय क्रिकेट में जब भी 'तेंदुलकर' नाम सामने आता है तो वह सिर्फ एक उपनाम नहीं रहता, अपितु करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ एक एहसास बन जाता है। यह नाम उम्मीदों, यादों और गौरव का प्रतीक है, लेकिन यही नाम आज अर्जुन तेंदुलकर के लिए आसान नहीं, बल्कि एक तरह की चुनौती बन गया है।

● विनोद पाठक ●

एक ऐसी चुनौती, जहां हर कदम पर तुलना, शक और आलोचना उनका इंतजार करती है। हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अर्जुन अपने साथियों के लिए मैदान पर 'ड्रिंक्स' लेकर जा रहे थे। क्रिकेट में यह एक सामान्य बात है, टीम भावना का हिस्सा है, लेकिन जिस तरह इस छोटे से काम को 'नेपोटिज्म' और 'अहंकार' के चश्मे से देखा गया और उन्हें ट्रोल किया गया, वह सोचने पर मजबूर करता है। क्या हम खेल को अब खेल की तरह देखना भूलते जा रहे हैं? या हर चीज में किसी न किसी तरह का विवाद खोज लेना हमारी आदत बन गई है?

## 'स्टार किड' होने की सजा?

अर्जुन तेंदुलकर की सबसे बड़ी पहचान यही है कि वे सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं। शायद यही उनकी सबसे बड़ी मुश्किल भी है। एक 'स्टार किड' होने के कारण उन्हें मिलने वाले हर मौके पर सवाल उठता है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि क्रिकेट ऐसा खेल है, जहां अंत में नाम नहीं, प्रदर्शन बोलता है। यदि अर्जुन में प्रतिभा नहीं होती तो वे रणजी ट्रॉफी के अपने पहले ही मैच में शतक नहीं बनाते। वे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच विकेट लेने जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाते। मुंबई जैसी मजबूत टीम छोड़कर गोवा से खेलने का उनका फैसला भी यही दिखाता है कि वे आसान रास्ता नहीं, बल्कि अपनी मेहनत से जगह बनाना चाहते हैं।




## क्रिकेट में 'नेपोटिज्म'

अक्सर लोग क्रिकेट और फिल्मों में 'नेपोटिज्म' की तुलना करने लगते हैं, लेकिन दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है। फिल्मों में कोई स्टार किड कई बार असफल होने के बावजूद मौके पाता रहता है, लेकिन क्रिकेट के मैदान पर कोई भी गेंदबाज यह नहीं देखता कि सामने बल्लेबाज किसका बेटा है। 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आती गेंद सिर्फ एक चीज पहचानती है, आपकी क्षमता। भारतीय क्रिकेट का इतिहास ऐसे कई उदाहरणों से भरा है, जहां महान खिलाड़ियों के बेटे उसी ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाए। सुनील गावस्कर के बेटे रोहन गावस्कर ने अच्छा खेला, लेकिन तुलना का दबाव उनके साथ हमेशा बना रहा। लाला अमरनाथ के बेटे मोहिंदर अमरनाथ ने खुद को साबित किया, लेकिन सुरिंदर अमरनाथ वैसी सफलता नहीं पा सके। स्टुअर्ट बिन्नी को भी इसी तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। ये सारी कहानियां एक ही बात बताती हैं, विरासत दरवाजा खोल सकती है, लेकिन अंदर टिके रहने के लिए खुद की मेहनत ही काम आती है। यह भी कहा जाता है कि अर्जुन को बेहतर सुविधाएं मिली हैं, जो हर खिलाड़ी को नहीं मिलतीं। यह बात सही है, लेकिन इसे सिर्फ 'नेपोटिज्म' कहना शायद सही नहीं होगा। यह ज्यादा एक सामाजिक असमानता का मामला है। हर संपन्न परिवार का बच्चा बेहतर संसाधनों के साथ आगे बढ़ता है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो। असली सवाल यह है कि क्या अर्जुन किसी और का हक छीनकर आगे बढ़े हैं? अगर हम उनके प्रदर्शन को देखें तो वे धीरे-धीरे एक सक्षम खिलाड़ी के रूप में उभरते नजर आते हैं। मैदान पर पानी पिलाने जैसी भूमिका को लेकर उनका मजाक उड़ाना दरअसल हमारी 'ट्रोलिंग संस्कृति' का ही हिस्सा है। जो लोग इसे अपमान समझते हैं, शायद वे खेल की असली भावना को समझ नहीं पाए हैं।

डॉन ब्रैडमैन से लेकर विराट कोहली तक, हर बड़े खिलाड़ी ने टीम के लिए ऐसे छोटे-छोटे काम किए हैं। यही टीम भावना की असली पहचान है। अर्जुन तेंदुलकर को केवल इसलिए नकार देना कि वे सचिन के बेटे हैं, उतना ही गलत है जितना किसी को सिर्फ उसके नाम के कारण आगे बढ़ा देना। उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में देखने और समझने की जरूरत है, एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में, जो सीख रहा है, संघर्ष कर रहा है और धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रहा है।

आखिरकार क्रिकेट में असली फैसला सोशल मीडिया नहीं, बल्कि मैदान और स्कोरबोर्ड करते हैं। वही तय करेंगे कि अर्जुन तेंदुलकर अपनी विरासत को आगे बढ़ा पाएंगे या नहीं?

तब तक शायद हमें उन्हें ट्रोल करने के बजाय थोड़ा समय और थोड़ा भरोसा देना चाहिए, क्योंकि हर खिलाड़ी को अपनी कहानी लिखने का हक होता है।

---

ट्विंकल अपनी एक पोस्ट को लेकर सुर्खियां बटोर रहीं

# 'डोनाल्ड ट्रंप हमारी रसोई में घुस आए हैं'



डोनाल्ड ट्रंप हमारे किचन में आ गए हैं। एक ऑरेंज आदमी की वजह से, 1.4 बिलियन ब्राउन लोगों का देश पागलों की तरह इंडक्शन स्टोव खरीद रहा है। मैं भी अपने देश के नागरिकों के साथ शामिल हो गई हूं और तीन इंडक्शन स्टोव ऑर्डर करने की कोशिश कर रही हूं। लेकिन डीलर ने मुझे बताया कि उनके पास 1600-वॉट वाले खत्म हो गए हैं और 1800-वॉट वाले अभी तक नहीं आए हैं। क्या बकवास है यह?

● ट्विंकल खन्ना ●

'इस हफ्ते, सब कुछ 'ग्लोबल गरबा' नजर आ रहा है। एक वीडियो में, ट्रंप जापान के पीएम के सामने बैठे हैं और पर्ल हार्बर को लेकर मजाक कर रहे हैं। पिछली सरकारों के समय, अमेरिका में डिप्लोमेसी जिंदा और एक्टिव थी, अब ऐसा लग रहा है जैसे ट्रंप ने उसे देश से बाहर निकाल दिया है। इस बीच, मुझे अपने प्रधानमंत्री की तारीफ करनी ही पड़ेगी। वह पुतिन की पीठ थपथपा रहे हैं, ईरान के प्रति सहानुभूति जता रहे हैं, इजरायल के साथ सहमति में सिर हिला रहे हैं, ट्रंप को गले लगा रहे हैं और फोन पर बातचीत के जरिए खाड़ी देशों के साथ दूरियां मिटा रहे हैं। इसे ही 'ग्लोबल गरबा' कहते हैं। सिर्फ गुजराती ही जानते हैं कि किसी के पैर पर पैर रखे बिना, एक समूह में गोल-गोल कैसे घूमा जाता है?'

## ट्रम्प से सीखो लंबी उम्र के नुस्खे

अब जब मैं आधी सदी की हो गई हूं, तो मैंने यू ट्यूब पर लंबी उम्र के कुछ एक्सपर्ट्स को फॉलो करना शुरू कर दिया है। मैं स्क्वैट करती हूं, सप्लीमेंट्स पर रिसर्च करती हूं, और हर रविवार, हफ्ते भर के लिए ये 124 से ज़्यादा गोलियां अपने पिलबॉक्स में अलग कर लेती हूं। मैं बेस्वाद जूस पीती हूं, भीगे हुए मेथी के बीज, भीगे हुए अखरोट बादाम खाती हूं। कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं अपनी ज़िंदगी का इतना बड़ा हिस्सा अपनी उम्र बढ़ाने में लगा रही हूँ, जबकि पता है कि नतीजा ज़ीरो होगा।

सलाद और ग्रिल्ड पनीर के अपने बोरिंग लंच को खाते हुए, मुझे अचानक एक बात सूझी। खबरों के मुताबिक, ट्रंप सिर्फ डाइट कोक और फ्राइड चिकन पर जिंदा रहते हैं, शायद ही वो कभी कसरत करते हैं, और 79 साल की उम्र में भी उनमें एक जवान ओरंगुटान जैसी एनर्जी है- वे मिलिट्री कैंपेन चलाते हैं, जापानियों को नाराज करते हैं और ग्लोबल मार्केट को हिला देते हैं। इससे साफ पता चलता है कि मैं लंबी उम्र के लिए गलत एक्सपर्ट्स को फॉलो कर रही हूं...'

## इंटरनेशनल स्कैंडल से जुड़ाव

जेन जी मुझे हमेशा हैरान करता है। ऑफिस की यंग लड़कियों ने मुझे बताया कि वे एआई से बने दाल, फल और सब्ज़ियों के वीडियो देखकर दिमाग खराब कर रही हैं। मुझे एक दिखाया गया। क्योंकि मैंने राजमा चावल वाली रील देखी है, जिसमे राजमा को विदेश में नौकरी मिल जाती है, वह मेक्सिको चला जाता है, जहाँ उसे टैको से प्यार हो जाता है। एल्गोरिदम मुझे रेसिपी तक ले जाता है। मैं फ्रेंच बॉब स्टाइल बनवाने के बारे में सोच रही हूँ क्योंकि कम से कम अपने बालों को तो कंट्रोल कर ही सकती हूँ। मैं एक दोस्त को एक रेफरेंस फोटो भेजी तो जवाब मिला, 'तुम एक क्रेज़ी इंसान की तरह दिखोगी।' जब यह बात अपने बगल में ब्लो-ड्राई करवा रहे एक कॉमन दोस्त को बताई, तो उसने यह कहकर टाल दिया, 'तुम उससे क्यों पूछ रही हो? वह एपस्टीन के अंकल जैसा दिखता है।' यानि किसी को जितने भी तरीकों से किसी इंटरनेशनल स्कैंडल से जोड़ा जा सकता है, उसमे यह शायद सबसे ओरिजिनल है।




## डॉलर के बराबर पहुंची हार्ट रेट

अपनी कैलोरी का हिसाब रखने के साथ-साथ, मैं सोने और तेल की कीमतों पर भी नज़र रख रही हूँ। मेरी रेस्टिंग हार्ट रेट डॉलर के बराबर हो गई है। 93 बीट प्रति मिनट। एक बार डॉलर 100 के पार हो गया, तो मुझे एंजियोप्लास्टी करवानी पड़ेगी। इस बीच, मुझे एहसास हुआ कि मैं कुक से कुछ बनाने के लिए कहना भूल गई हूँ। 'सैंडविच खा लो,' मैंने उससे कहा, 'आज राजमा चावल नहीं है। राजमा चावल छोड़कर टैको के लिए मेक्सिको चला गया है।'

---

# कपूर खानदान से नजदीकी ने बनाया सलमा को 'निकाह' की हीरोइन



गोरी-चिट्टी, बिल्लौरी आंखों वाली तथा मुस्लिम होने के साथ-साथ कपूर खानदान के नजदीक होने का फायदा भी सलमा को मिला और बीआर चोपड़ा ने उन्हें 'तलाक-तलाक-तलाक' की हीरोइन बना दिया जो बाद में निकाह नाम से रिलीज हुई।

ऋषि कपूर और नीतू सिंह की शादी का रिसेप्शन राज कपूर ने लंदन में दिया था। सलमा की अम्मी को भी इसमें बुलाया गया था। बॉलीवुड के भी कई दिग्गज निर्माता-निर्देशक भी इस रिसेप्शन में हिस्सा लेने मुंबई से आए थे। इनमें बीआर चोपड़ा भी थे। फिल्मी पार्टियों में अक्सर निर्माता-निर्देशक अपनी फिल्मों की चर्चा करते हैं। नए चेहरे तलाश की तलाश में रहते हैं। बातों ही बातों में राज कपूर ने कहा कि वे अपनी फिल्म हिना के लिए एक पाकिस्तानी अभिनेत्री की तलाश में हैं।

बीआर चोपड़ा ने भी बताया कि वे आगामी फिल्म 'तलाक तलाक तलाक' के लिए एक नई मुस्लिम अभिनेत्री चाहते हैं क्योंकि मुस्लिम पृष्ठभूमि की कहानी होने की वजह से उन्हें लगता है कि एक मुसलमान अदाकारा इस रोल के साथ बेहतर न्याय कर सकेंगी। सलमा तक ये सारी बातें पहुंच गईं। राज कपूर ने 'हिना' की बजाय दूसरी फिल्म शुरू कर दी तो बीआर चोपड़ा की फिल्म हासिल करने के लिए सलमा मुंबई आ पहुंची।

गोरी-चिट्टी, बिल्लौरी आंखों वाली तथा मुस्लिम होने के साथ-साथ कपूर खानदान के नजदीक होने का फायदा भी सलमा को मिला और बीआर चोपड़ा ने उन्हें 'तलाक-तलाक-तलाक' की हीरोइन बना दिया जो बाद में निकाह नाम से रिलीज हुई। चूंकि फिल्म नायिका प्रधान थी, इसलिए स्टार कलाकार की बजाय दीपक पाराशर और राज बब्बर जैसे युवा अभिनेताओं ने सलमा के साथ काम किया। अभिनय के साथ-साथ सलमा गायन में भी पारंगत है। उनका अलबम जब निकाह के संगीतकार रवि ने सुना तो उन्होंने सलमा से गवाने का भी निर्णय लिया। सुरैया-नूरजहां के बाद सलमा ने अपने गाने खुद गाए।

1982 में रिलीज हुई निकाह ने बॉक्स ऑफिस पर भारी सफलता हासिल की। कम बजट और बिना स्टार वाली इस फिल्म की सफलता चौंकाने वाली थी। सलमा द्वारा गाए गीत दिल के अरमां, दिल की ये आरजू थी और फिजा भी है जवां गली-गली मे गूंजे। पति को बेहद चाहने वाली और उसकी बेरुखी से परेशान पत्नी का रोल सलमा ने बेहतरीन तरीके से निभाया था।

'निकाह' में श्रेष्ठ अभिनय के लिए उनका फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नामांकन हुआ। बेस्ट फीमेल सिंगर का अवॉर्ड उन्हें मिला। बॉलीवुड के निर्माताओं का यह हाल है कि कोई कलाकार हिट हो जाए, तो उसे अपनी फिल्मों में लेने के लिए सब दौड़ पड़ते हैं। सलमा के साथ भी ऐसा हुआ। उन्होंने मुंबई में बसने का इरादा कर लिया। तेजी से उभर कर सामने आई सलमा से जो आशाएं थीं उस पर वे खरी नहीं उतर पाईं तो इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार वे ही थीं।

## मसाला फिल्मों मे मिसफिट



निकाह के बाद सलमा ने जो कुछ फिल्में साइन की थी, उसमें से एक थी बी. सुभाष की 'कसम पैदा करने वाले की', सुभाष इसके पहले डिस्कोडांसर जैसी हिट फिल्में बना चुके थे। 'निकाह' की भूमिका के एकदम विपरीत रोल उन्होंने इस फिल्म में निभाया। सलमा ने इस फिल्म में गाने भी गाए और पाश्चात्य स्टाइल में मिथुन के साथ डांस भी किया, जिनमें वे एकदम मिसफिट नजर आईं। उनका अभिनय भी बुरा था। ऊँचेलोग (1985) और सलमा (1985) बुरी तरह फ्लॉप रहीं। इन फिल्मों में उनके अभिनय की कलई भी खुल गई। वे सीमित भूमिकाओं के लिए ही उपयुक्त माने जाने लगी। उनकी आवाज सिर्फ उन पर ही सूट होती थी, लिहाजा फिल्मी गायन में भी उनका दायरा सीमित था। सलमा आगा को वन फिल्म वंडर कहा जाने लगा। इसी बीच सलमा ने जावेद शेख से शादी कर कुछ पाकिस्तानी फिल्में साइन कर ली।

## सीग्रेड तक का सफर

सलमा अपने करियर को ठीक से प्लान नहीं कर पाईं। कभी वे भारत में होती तो कभी पाकिस्तान में और बीच-बीच में शादी और तलाक का दौर भी चलता रहा। इसका असर उनके करियर पर पड़ना ही था। बॉलीवुड में अपने फिसलते करियर को संभालने के लिए उन्होंने जंगलकीबेटी (1988) नामक सी-ग्रेड फिल्म भी की, जिसमें उन्होंने अंग प्रदर्शन भी किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इक्का-दुक्का फिल्मों में वे कभी-कभी दिखती रहीं। 3 अप्रैल 1962 को कराची में जन्मी सलमा हिंदी सिनेमा में बिजली की तरह चमकी जरूर, मगर उनका करियर छोटा रहा। निकाह फिल्म का गाना सलमा के जीवन पर फिट है- दिल के अरमां आंसुओं में बह गए।

## न्यूयॉर्क के व्यापारी से हुआ इश्क

इश्क-मोहब्बत के चक्कर में वे ऐसी उलझी कि बॉलीवुड के निर्माताओं ने उनसे दूरी बना ली क्योंकि सलमा करियर के प्रति ज्यादा गंभीर नजर नहीं आ रही थीं। न्यूयॉर्क के व्यापारी महमूद सिप्रा, सलमा के दीवाने थे। वे सलमा को अपनी बेगम बनाना चाहते थे इसलिए निर्माता बनकर उन्होंने सलमा को लेकर बेगम, साहिबा और बेबसी नामक फिल्में शुरू कर दी। प्यार में सलमा ने बॉलीवुड निर्माताओं के कई प्रस्तावों को ठुकरा दिया दोनों ने ब्याह रचा लिया। अचानक निकाह करने की वजह से बॉलीवुड निर्माताओं ने सलमा के नाम पर विचार करना बंद कर दिया। महमूद सिप्रा ने फिल्में सलमा को पाने के लिए ही बनाना शुरू की थीं। फिल्में आधी भी बन नहीं पाई थीं कि इश्क का बुखार उतर गया और वे अलग हो गए।

---

# तेज हो रही है महिला वोटरों को लुभाने की होड़

पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों के साथ ही महिलाओं को भी तृणमूल कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता है। राज्य में कम से कम दो दर्जन विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां महिला वोटरों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है।

● प्रभाकर मणि तिवारी ●

पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनावों से पहले सत्ता के दावेदारों में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ मची है। इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ उनको चुनौती देने वाले दल भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। भाजपा इन राज्यों में अलग-अलग भूमिकाओं में है। बंगाल में वह जहां इस बात सत्ता में आने का सपना देख रही है वहीं असम में उसका जोर जीत की हैट्रिक लगाने पर है। इन दोनों राज्यों में समानता यह है कि यहां महिला वोटरों की तादाद कुल वोटरों का करीब 50 फीसदी है और चुनावी नतीजे तय करने में इनकी भूमिका निर्णायक होती है।

बिहार में बीते साल के आखिर में हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महिलाओं के खाते में 10-10 की रकम भेजने के फैसले ने एनडीए की सत्ता में वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी तरह असम सरकार ने भी चुनाव से ठीक पहले राज्य की करीब 40 लाख महिलाओं के खाते में तीन हजार छह सौ करोड़ रुपए भेजे हैं।

पश्चिम बंगाल में तो अल्पसंख्यकों के साथ ही महिलाओं को भी तृणमूल कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता है। राज्य में कम से कम दो दर्जन विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां महिला वोटरों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है। इन महिला वोटरों ने ही वर्ष 2021 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की कड़ी चुनौती से निपटने में ममता बनर्जी की मदद की थी। वर्ष 2021 के नतीजों से साफ है कि उस समय तृणमूल कांग्रेस को महिलाओं के 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे जबकि भाजपा के मामले में यह आंकड़ा 37 फीसदी था।



## महिलाएं दिलाएंगी तीसरी बार सत्ता?

असम में भी सत्तारूढ़ भाजपा महिलाओं की कल्याण योजनाओं के बूते तीसरी बार सरकार बनाने का सपना देख रही है। चुनाव के एलान से ठीक पहले अरुणोदय योजना के तहत 40 लाख महिलाओं के खाते में 3600 करोड़ की रकम भेजी गई। इसके अलावा स्वनिर्भर नारी योजना और मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान के तहत भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनको एकमुश्त 10 हजार रुपए की सरकारी सहायता दी जाती है। असम में महिला वोटरों की तादाद 1.20 करोड़ है। भाजपा को चुनौती देने वाली प्रदेश कांग्रेस ने भी सत्ता में आने की स्थिति में राज्य की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने बिना शर्त रकम भेजने के साथ ही अपना कारोबार शुरू करने या उसे बढ़ाने की इच्छुक महिलाओं को 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बंगाल और असम में महिलाएं राजनीतिक रूप से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं। भले ही कई तमाम राजनीतिक दल उनको टिकट देने में कंजूसी बरते, लेकिन उनके वोट सबके लिए अहम हैं। यही वजह है कि उनको लुभाने की होड़ लगातार तेज हो रही है। खासकर नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में महिलाओं के एक या दो फीसदी वोट नतीजे बदल सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार योजना

यही वजह है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिलाओं के लिए लगातार तमाम योजनाएं शुरू करती रही हैं। इनमें लक्ष्मी भंडार सबसे महत्वपूर्ण है। इस बार चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री ने इसके तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम में पांच-पांच सौ रुपए की वृद्धि कर दी है। शुरुआत में इसके तहत हर महीने पांच सौ रुपए दिए जाते थे।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ममता ने यह रकम पांच सौ रुपए बढ़ा दी थी और अब चुनाव से ठीक पहले इसमें और पांच सौ रुपए जोड़ दिए गए हैं। अब सामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 15 सौ और अनुसूचित जाति व जनजाति तबके की महिलाओं को 17 सौ मिल रहे हैं।

वर्ष 2016 के चुनाव में ममता बनर्जी के समर्थन के बाद सरकार ने महिलाओं के हित में कन्याश्री और रूपश्री जैसी योजनाएं शुरू की थी। इनके तहत लड़कियों को शिक्षा और शादी के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि पार्टी को इन कल्याण योजनाओं का फायदा मिला है। लेकिन उनकी दलील है कि पार्टी का मकसद राज्य की महिलाओं को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है। दूसरी ओर, भाजपा भले तृणमूल पर महिलाओं को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने के आरोप लगाती हो, इन वोटरों की अहमियत को ध्यान में रखते हुए ही उसने सत्ता में आने की स्थिति में लक्ष्मी भंडार की जगह अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने तीन हजार रुपए देने का वादा किया है। बंगाल में भी महिला वोटरों की संख्या लगभग पुरुष वोटरों को बराबर है। खासकर इस राज्य में महिलाएं पुरुषों, के मुकाबले ज्यादा मतदान करती रही हैं।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा शनिवार को शिक्षकों की पात्रता परीक्षा न लिये जाने हेतु मुख्यमंत्री से रिव्यूपिटीशन दाखिल करने तथा केन्द्रीय मंत्री को अध्यादेश लाकर कानून संशोधन करने हेतु ज्ञापन रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा को सौंपा। जिस पर सांसद रीवा ने कहा कि वह जुलाई में लोकसभा में यह प्रश्न उठायेंगे, उन्होंने बताया कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को पूर्व में ही पत्र लिखा गया है, सांसद ने पूरी तरह से शिक्षकों के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया, साथ ही सभी विकास खंडों में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान चन्द्रोदय मिश्रा, शीतला तिवारी, केके मानव, यशपाल शर्मा, संतोष मिश्रा, पूनम वर्मा, मनीषा शर्मा, अल्पना सिंह, मृगेन्द्र सिह, सचिव मिश्रा, राकेश शुक्ला, मनोजदत्त मिश्रा, स्वतंत्र पांडेय, सतीश मिश्रा, राजेश मिश्रा, राजीव मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा, नागेंद्र तिवारी, ओमनारायण मिश्रा, मंजुला श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## लोकसभा व विधान सभा की सीटें बढ़ाना आम जनता पर भारी बोझ

**रीवा।** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. दिवाकर सिंह ने प्रधानमंत्री को ईमेल भेजकर कहा है कि महिलाओं को लोकसभा व विधान सभाओं में आरक्षण देने के लिए लोकसभा व विधान सभाओं की सीट बढ़ाना लोक हित मे नहीं है। इससे आम जनता पर और बोझ बढ़ेगा तथा बेरोजगारी व महंगाई बढ़ेगी । सीटें बढाने की बजाय जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना अति आवश्यक है जो देश हित में है।

# इतिहास एक ऐसा विषय है जिसके बिना सभी विषय अधूरेः कुलगुरु

### एपीएसयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



जागरण, रीवा

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पीएम ऊषा मद से 'विंध्य क्षेत्र का पुरातात्विक वैभव' विषय पर किया जा रहा है। शनिवार को पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर किशन यादव क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना रहे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर जेएनपाल पूर्व विभागाध्यक्ष केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर राजेंद्र कुमार कुड़रिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार रहे, विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नीरजा नामदेव, विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेश चंद्र श्रीवास्तव, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शंकर लाल यादव सहसंयोजक, डॉ.गोविंद सिंह दांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.चंद्र प्रकाश मिश्रा प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग ने की। संगोष्ठी का उद्देश्य विंध्य क्षेत्र के पुरातात्विक वैभव को प्रकाश में लाना है जो भारत में मानव की प्रथम क्रीड़ा स्थली रही। मुख्य वक्ता प्रोफेसर जेहनपाल ने पाषाण काल से लेकर प्रागैतिहासिक काल तक के पुरातात्विक महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें तीन प्रमुख बातों में केंद्रित रहने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि लिखने में, अनुशासन में और एक्सप्लेन करने में हमेशा आगे रहना चाहिए। कुलगुरु राजेंद्र कुड़रिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विंध्य क्षेत्र और इतिहास की महत्ता को बताते हुए कहा कि इतिहास ही एक ऐसा विषय है जिसके बिना सभी विषय अधूरे हैं। डिफीटेड प्रोफेसर अनिल कुमार ने बिना क्षेत्र के उप पुरातात्विक वैभव को विस्तार पूर्वक बताया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन एवं स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेश चंद्र श्रीवास्तव ने दिया, मुख्य वक्ता का परिचय डॉ. गोविंद सिंह दांगी तथा मुख्य अतिथि का परिचय डॉ.शंकर लाल यादव ने दिया। संगोष्ठी में प्रथम दिवस 18 से ज्यादा शोध पत्रों का वाचन हुआ। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से प्रोफेसर महेंद्रमणि द्विवेदी, प्रोफेसर विभा श्रीवास्तव, प्रोफेसर नमिता श्रीवास्तव, प्रोफेसर मृणाल श्रीवास्तव, प्रोफेसर आरएन पटेल, प्रोफेसर अतुल तिवारी, डॉ.अनुराग मिश्रा, डॉ.अभिमन्यु प्रसाद भूर्तिया, डॉ.सुभाष सिंह चौहान, डॉ.मुक्ता त्रिपाठी, डॉ निर्भय माहोर, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ.प्रीति तिवारी, डॉ.धीरेंद्र सिंह, डॉ.पूनम उपाध्याय के साथ सैकड़ों शोध छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### दर्शन का सबसे गूढ़ विषय भक्ति हैः प्रो.मिश्र




**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के सभागार में 'भक्त्या मामभिजानाति' विषय पर जगद्गुरु विष्णु प्रपन्नाचार्य व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. सुधाकर मिश्र, विभागाध्यक्ष वेदान्त विभाग पूर्व संकायाध्यक्ष-दर्शन संकाय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दर्शन का सबसे गुढ़ विषय भक्ति है। उपनिषदों का उद्घोष है ``आत्मा श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः'' अर्थात आत्मा के विषय में सुनना, उस पर मनन करना और निरंतर चिन्तन करना ही जीवन का लक्ष्य है। ज्ञान का मूल लक्ष्य है स्वयं का ज्ञान और यही दर्शन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ईश्वरः सर्वेशाम गुरु, ईश्वर ही सबसे बड़ा गुरु है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि भक्ति को अपने जीवन में उतारना ही जीवन का लक्ष्य है, भक्ति तर्क से परे है। आप चाहें जो भी मार्ग या साधन अपनायें, वे सभी अन्ततः भक्ति में ही विलीन होंगे। विशिष्ट अतिथि जगद्गुरु प्रपन्नाचार्य जी ने कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से न केवल विद्यार्थी बल्कि प्राध्यापक भी लाभान्वित होते हैं जो हमें खुशहाल जीवन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा की विशुद्ध भक्ति से ही परमतत्व का ज्ञान होगा और सारे कार्य सिद्ध होगें। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.नीरजा नामदेव ने दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों ने माँ वीणापाणि के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों को शॉल, श्रीफल, भेंट कर स्वागत वंदन किया गया। संचालन प्रो.श्रीकान्त मिश्र अध्यक्ष, दर्शन विभाग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.देवदास साकेत ने किया। कार्यक्रम में नगर से पधारे गणमान्य नागरिक एवं विश्वविद्यालय के आचार्य, अतिथि विद्वान एवं विद्यार्थियों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## छात्राओं का किया गया एचपीवी वैक्सीनेशन



**रीवा।** जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर के बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दो विद्यालयों सेंट्रल एकेडमी रीवा और जेंटल शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में टीकाकरण दल द्वारा 14 और 15 वर्ष की आयु की छात्राओं का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है। विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में अत्यंत कारगर साबित होता है। प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के समन्वय से इस अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

## डॉ अंबेडकर जयंती मनाने तैयारी बैठक संपन्न



**रीवा।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान सभा प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर आगामी 14 अप्रैल को समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी के लिए स्थानीय नेहरू नगर में एक विशेष बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, नारी चेतना मंच की पूर्व अध्यक्ष गीता महंत, वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट, अध्यक्ष सामोटवानी महंत, सचिव दुर्गा साकेत आदि की भागीदारी रही।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निभाई सक्रिय सहभागिता

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जागरण, रीवा।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा मानस भवन में स्वास्थ्य शिविर, संभागीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन आयुष्मान भारत योजना के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अमित तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल ने की। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उनका यह रीवा में प्रथम आगमन था, जिस पर कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे उपस्थित रहे। संभागीय सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. गौरव प्रताप सिंह सतना, डॉ. मनोज सिंह परिहार सीधी, डॉ. आलोक पाठक सिंगरौली, डॉ. ऋचा तिवारी, डॉ. राहुल कुंन्देर डॉ. अखिलेश पटेल डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. धीरेंद्र तिवारी, डॉ. मुकेश यादव दीप नारायण शर्मा, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ. अमर पटेल, डॉ. विपिन दुबे, डॉ. शशांक शर्मा पंकज त्रिपाठी, डॉ. नितिन चतुर्वेदी तथा रीवा के अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## एसडीएम कार्यालय का घेराव व ज्ञापन 13 को

**रीवा।** शहर की लगातार अनदेखी हो रही मूलभूत समस्याओं के खिलाफ गोवर्धनम फाउंडेशन (मिशन जनआवाज) के बैनर तले शहर की जनता अपनी आवाज बुलंद करने के लिए एकजुट हो रही है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल सोमवार को शहर की विभिन्न जनसमस्याओं जैसे पेयजल संकट, जर्जर सड़कों की स्थिति, अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस घेराव कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा साथी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## किसान-मजदूर की गाढ़ी कमाई कार्पोरेट की तिजोरी में कैद नहीं होने देंगेः रामजीत

### किसान सभा ने मनाया 90वां स्थापना दिवस




**रीवा।** अखिल भारतीय किसान सभा का 90वां स्थापना दिवस ग्राम पंचायत मध्येपुर में मनाया गया। मुख्य वक्ता किसान सभा के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामजीत सिंह ने कहा कि खाद बीज बिजली और फसलों के समर्थन मूल्य के लिए किसान जूझ रहा है। किसानों से आय दुगना करने का वायदा करके सरकार पीछे हट रही है। श्रम कानूनों में परिवर्तन करके पहले से संकट में फंसे मजदूरों को और संकट में डाल दिया है। सरकार शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा पर पूरी तरह विफल रही है, भारत अमेरिका ट्रेड डील बीज विधेयक , बिजली विधेयक, जैसे काले कानून ला करके संकट में फंसे किसानों को और संकट में डाल दिया है अखिल भारतीय किसान सभा देश-भर में किसान मजदूर सर्वहारा वर्ग के साथ मिलकर उनके हितों के लिए संघर्ष करेंगे और जीतेंगे भी। किसान मजदूर की गाढ़ी कमाई कार्पोरेट की तिजोरी में कैद नहीं होने देंगे। कार्यक्रम को किसान नेता इंद्रजीत सिंह शंखू जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी संतोष सिंह अशोक चतुर्वेदी भैयालाल त्रिपाठी रोहित तिवारी भक्त राज सिंह संगठन मंत्री आप तेजभान सिंह केशव सिंह मान सिंह आशुतोष सिंह अभराज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामकुमार सिंह संचालन महामंत्री रामनरेश सिंह ने की। कार्यक्रम में मोहन प्रसाद मिश्र राजेश गर्ग लाल बिहारी सिंह विष्णुकांत सिंह अभयराज सिंह डोले सिंह भेले सिंह सूर्यभान सिंह कमलेंद्र सिंह सुखेंद्र सिंह रामचरण सिंह रामेश्वर साहू रामदास आदिवासी मंगल कोरी रामलाल साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**जिला न्यायाधीश के आदेश पर अमल नहीं**

# 2 करोड़ 59 लाख वसूलने के बाद भी विवि को नहीं दी जमीन

### भूमि पर पजेशन देने व नामांतरण कराने में लापरवाही बरत रहे जिम्मेदार




**जागरण, रीवा।** कलेक्टर के आदेश का मखौल कैसे उड़ाया जा सकता है, यह राजस्व अमले से सीखना चाहिए। कलेक्टर ने 30 नवम्बर 2019 को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को करीब 6 एकड़ भूमि का आधिपत्य सौंपने का आदेश दिया था। अनुविभागीय अधिकारी को तब उक्त आदेश में 15 दिन में कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। लेकिन भू-अर्जन अधिनियम 1896 की धारा 16 के तहत आज तक अनुविभागीय अधिकारी कब्जा प्राप्त कर विश्वविद्यालय को आधिपत्य नहीं दे सके। जबकि इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा 2 करोड़ 59 लाख रुपये मुआवजा वर्ष नवम्बर 2017 में दिया जा चुका है। विश्वविद्यालय की भूमि पर 13 अवैध कब्जाधारियों में से 6 ने मुआवजा प्राप्त भी कर लिया है। फिर भी संबंधितजन विश्वविद्यालय की भूमि पर निरंतर अवैध निर्माण करा रहे हैं और राजस्व अमला समेत जिला प्रशासन निःशक्त बना हुआ है। हालाकि तत्कालीन कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी के रहते राजस्व अमले ने इस मसले को लेकर कुछ कान-पूछ हिलाया था। अवैध कब्जाधारियों को भूमि खाली करने मार्च 2020 और नवम्बर 2020 में नोटिस जारी हुए। अंतिम नोटिस गत 31 जनवरी 2022 को जारी हुई, जिसमें 15 फरवरी तक भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए, परंतु इन कागजी कार्यवाही से अवैध कब्जाधारियों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

### कुलसचिव लगातार लिख रहे पत्र

मामले को लेकर विश्वविद्यालय कुलसचिव ने विगत कई वर्षों से लगातार कलेक्टर को पत्र लिखा जा रहा है, जिसमें उक्त भूमि विश्वविद्यालय के नाम हस्तांतरण करने के लिए कहा गया है, ताकि विश्वविद्यालय के प्रस्तावित विकास कार्य समय पर पूर्ण हो सके। साथ ही, विश्वविद्यालय की सीमा निर्धारण के लिए बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जा सके। हालांकि इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### कलेक्टर के आदेश पर जमा हुई राशि

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय एमबीए भवन के पीछे की भूमि अधिग्रहित करने राशि देने की सहमति सितम्बर 2017 में कार्यपरिषद बैठक में बनी थी। तब कार्यपरिषद के कहने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उक्त राशि भू-अर्जन अधिकारी कलेक्टर के खाते में जमा करा दी। विश्वविद्यालय द्वारा दी गई राशि को जिला प्रशासन ने 6 अतिक्रमणकारियों को बतौर मुआवजा वितरित कर दिया। बताते हैं कि एमबीए भवन के पीछे की तकरीबन 6 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय की ही है, परंतु राजस्व के दस्तावेज में किसी अन्य का नाम है। लिहाजा संबंधित व्यक्तियों द्वारा उक्त जमीन को खुर्द-बुर्द कर दिया। अतिक्रमण के अलावा संबंधितों ने उक्त भूमि की खरीद फरोख्त भी बड़े पैमाने पर की, जिसमें राजस्व अमले के भी कुछ लोग शामिल हैं।

### वर्ष 2008 में पारित हुआ अवार्ड

मामले में बताया जाता हैं कि वर्ष 2003 में विश्वविद्यालय प्रशासन ने भूमि का इस्टीमेट बनाकर 14 लाख रुपये राजस्व विभाग को अदा किए, लेकिन दस्तावेजों में भूमि विश्वविद्यालय के नाम नहीं चढ़ सकी। जबकि विगत 21 मई 2008 को भू-अर्जन अधिनियम के तहत अवार्ड पारित किया जा चुका है। इधर, वर्ष 2014 में विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने 10 लाख रुपये देकर उक्त भूमि विश्वविद्यालय के नाम कराने पर स्वीकृति दी, जिसका भुगतान 14 लाख मिलाकर कर दिया गया। इसके बाद भी अधिकारियों की लापरवाही के कारण भूमि विश्वविद्यालय के नाम नहीं हो सकी। आखिर में उक्त राशि की ब्याज सहित 2 करोड़ 23 लाख 56 हजार रुपये विश्वविद्यालय ने वर्ष 2018 में जमा कराये, फिर भी हासिल शून्य है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिली नई ऊर्जाः रामकीर्ति

**जागरण, रीवा।** रीवा विधानसभा के चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व एवं उनकी कार्यशैली से पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनके एक आह्वान पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम हो, जिला स्तरीय कार्यक्रम हो या ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम, कांग्रेस का कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक और ऊर्जा से लबालब होकर बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि सत्तासीन भाजपा सरकार को विपक्षी दल की बढ़ती ताकत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर डराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का हर जमीनी कार्यकर्ता अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति एक साथ कर उन्हें घोषित किया है, साथ ही ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी पूर्ण कर ली गई है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अब सशक्त एवं मजबूत होकर पार्टी के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित कर रही हैं।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में।**



रीवाः अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़ेमेड़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 12 अप्रैल रविवार को रीवा में**



रीवाः-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 12 अप्रैल 2026 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कामता मेडिकल में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.




**एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विशिष्ट आयोजन**

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना में भारतीय रेलवे के समस्त स्टेशन पर Vocal for Local Vision के तहत स्थानीय उत्पाद को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाणिज्य परिपत्र सं0 12 of 2022 दिनांक 20.05.2022, 15 of 2022 दिनांक 10.08.2022, 18 of 2022 दिनांक 20.09.2022, 09 of 2023 दिनांक 24.05.2023 एवं 29.09.2023 के अंतर्गत स्थानीय व्यक्तियों, पंजीकृत स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ आदि को स्टाल एवं शो केस उपलब्ध कराना है। उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी मंडल द्वारा भी इस योजना के तहत निम्न स्टेशनों पर स्टॉल/ट्राली के माध्यम से विक्रय/सहप्रचार केंद्र की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है।

**स्टेशनों की सूची**

(1) वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, (2) ग्वालियर, (3) दतिया, (4) डबरा, (5) मुरैना, (6) भिंड, (7) महोबा, (8) खजुराहो, (9) छतरपुर, (10) चित्रकूट धाम कर्वी, (11) उरई, (12) पुखरायां, (13) मऊरानीपुर, (14) बाँदा, (15) ललितपुर, (16) टीकमगढ़, (17) बिरलानगर, (18) भरवासुमेरपुर, (19) खरगापुर, (20) सरकनपुर, (21) बबीना, (22) अतर्रा, (23) कालपी, (24) ओरछा, (25) बरुआसागर, (26) तालबेहट, (27) शनिचरा, (28) एट, (29) ईशानगर, (30) हरपालपुर एवं (31) घाटमपुर।

**योजना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैंः-**

1. इस योजना के अंतर्गत रेलवे प्रशासन स्वतः स्टाल/ट्राली बनवाकर उपलब्ध कराएगी।
2. पंजीकरण शुल्कः चयनित आवेदक को पंजीकरण फीस के रूप में 15 दिनों के लिए NSG-1 - NSG-3 श्रेणी तक के लिए रू. 1000/- तथा NSG-4 - NSG-6 श्रेणी के लिए रू. 500/- भुगतान करना होगा।
3. विद्युत प्रभार उपभोग के आधार पर लिया जाएगा एवं जैसा वाणिज्य परिपत्र सं. 09/2023 दिनांक 24.05.2023 में निर्देशित है।
4. प्रभावी टैक्स की देनदारी आवंटी की होगी, इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।
5. इस स्टाल पर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, हैंडलूम, स्थानीय कृषि उत्पाद, स्थानीय कारीगरी, संशाधित एवं अर्ध संशाधित खाद्य पदार्थ, परंपरागत परिधान, कपड़ा एवं हथकरघा, लकड़ी अथवा मिटटी से बनी वस्तुए, खिलौने आदि को विक्रय किया जा सकता है।
6. उपरोक्त स्टेशन के अलावा यदि कोई व्यक्ति/संस्थाएं किसी अन्य स्टेशन के लिए आवेदन देने के लिए इच्छुक हो तो वह अपना आवेदन सम्बंधित रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक/अधीक्षक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ आदि अपना आवेदन सभी प्रमाण पत्र के साथ सम्बंधित स्टेशन प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे के कार्यालय में जमा कर सकते हैं एवं अन्य किसी प्रकार की सहायता के लिए खण्ड के वाणिज्य निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

| क्र. सं. | स्टेशन | इस योजना से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु निम्नलिखित खण्ड वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं | दूरभाष नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | श्री मनोज तिवारी | 9794838962 |
| 2 | ग्वालियर | श्री वाई. के. मीना | 9752448976 |
| 3 | मुरैना, बिरलानगर | श्री विनीत भल्ला | 9752448078 |
| 4 | भिंड, बामौर गाँव | श्री रूप सिंह मीना | 9752448977 |
| 5 | महोबा, हरपालपुर | श्री रऊफ खान | 9794838983 |
| 6 | खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़ खरगापुर, सरकनपुर, ईशानगर | श्री स्वतंत्र पाटकर | 9794838964 |
| 7 | चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा | श्री राजेश्वर मिश्र | 9794838981 |
| 8 | उरई, पुखरायां, कालपी, ऐट | श्री सत्येन्द्र बंसल | 9794838982 |
| 9 | मऊरानीपुर, ओरछा, टेहरका | श्री जयकुमार | 9794838969 |
| 10 | बाँदा, भरवासुमेरपुर | श्री राजकुमार | 9794831230 |
| 11 | ललितपुर, तालबेहट | श्री संजय चौबे | 9794838984 |
| 12 | दतिया, डबरा, बबीना | श्री मनीष साहू | 9794831247 |
| 13 | घाटमपुर | श्री एस. के. सोनकर | 9305101291 |

इस योजना से संबंधित अन्य कोई जानकारी हेतु खानपान विभाग, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे झाँसी एवं ई मेल- cateringcelljhs@gmail.com से संपर्क कर सकते है।

नोटः OSOP में प्रतिभागियों का चयन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है कि इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर/दिव्यांग वर्गों तक पहुँचना है। इस योजना में निम्नलिखित को प्राथमिकता दी जाएगीः

- विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर, आई डी कार्ड धारक।
- भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED) / राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (NHDC) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
- पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
- समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।
- व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार/एम.एस.एम. ई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों से जुड़े शिल्पकार आदि और गैर सरकारी संगठन/व्यक्ति/कारीगर/बुनकर/सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार से जुड़े शिल्पकार निकाय, आदि।
- व्यक्ति, कारीगर, बुनकर, शिल्पकार जैसे पी.एम. विश्वकर्मा योजना आदि से जुड़े/पंजीकृत पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
- दिव्यांगजन (Persons with Disabilities) को प्राथमिकता दी जाएगी

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
783/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को दिया जा रहा है दो-दो माह का खाद्यान्न

## उचित मूल्य दुकानों से मार्च-अप्रैल और मई-जून का एक साथ मिलेगा राशन

**जागरण, रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र राशन कार्डधारियों को हर महीने निर्धारित मात्रा में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मार्च-अप्रैल तथा मई-जून माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मार्च और अप्रैल माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध कराकर इसका 15 अप्रैल तक वितरण किया जाएगा। मई और जून माह का खाद्यान्न 15 अप्रैल से 15 मई की अवधि में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित किया जाएगा। इसका राशन कार्डधारियों को वितरण एक मई से 31 मई तक किया जाएगा। मार्च माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में जारी किया जा चुका है। इसके साथ अप्रैल माह के खाद्यान्न का वितरण कराएं। खाद्यान्न का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से कराएं।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला आपूर्ति नियंत्रक तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों को आवंटित खाद्यान्न का समय पर वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक का पात्रता के अनुसार वितरण कराएं। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम जारी ऑनलाइन आवंटन के अनुसार उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति कराएं। खाद्यान्न तथा अन्य सामग्री उचित मूल्य दुकान पहुंचने पर परिवहनकर्ता को तत्काल पीओएस मशीन से ऑनलाइन पावती प्रदान करें। हितग्राहियों को दो-दो माह का खाद्यान्न एक मुश्त प्रदान करें। एसडीएम राजस्व तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों से उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित और वितरित खाद्यान्न का सत्यापन कराएं। पात्र परिवारों को वितरित खाद्यान्न की मात्रा का विवरण पीओएस मशीन के माध्यम से दर्ज करके उसे पावती दें। हर पात्र राशन कार्डधारी को दो-दो माह का खाद्यान्न वितरित कराएं।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती

## उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**जागरण, रीवा।** महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती ओबीसी, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शिवाजी पार्क रतहरा में मनाई गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं आमजन उपस्थित रहे और महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने अपने जीवनकाल में समाज में फैली जाति प्रथा, भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष करते हुए महिला और पुरुष दोनों को समान शिक्षा दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने भारत में पहला महिला विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत की और सामाजिक समरसता का मजबूत संदेश दिया।

वक्ताओं ने कहा कि आज भी समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की जरूरत उतनी ही है जितनी उनके समय में थी। इसलिए सभी लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा और एकता को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी दिनेश (ओबीसी), सत्येंद्र सिंह गुड्डा, दिनेश डायमंड, एडवोकेट राजेंद्र पटेल, शुभम विश्वकर्मा, जेपी नामदेव, संत कुमार पटेल, कैप्टन धर्मराज सिंह पटेल, डॉ. बी.पी. सिंह, शेखर पटेल, कृष्णपाल लगरखा, दीनानाथ पटेल, शेषमणि पटेल, कृष्ण वर्मा, पुष्पेंद्र पटेल, महेश प्रसाद पटेल, जितेंद्र सिंह, करण सिंह, धीरेंद्र सिंह, जनार्दन पटेल, केपी पटेल, संजय पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने महात्मा ज्योतिबा राव फुले के आदर्शों को अपनाने और समाज में शिक्षा, समानता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# जनगणना के प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण 15 अप्रैल से

**मऊगंज जागरण।** मऊगंज जिले में जनगणना का पहला चरण एक मई से 30 मई तक चलेगा। इस चरण में मकान सूचीकरण कार्य संपादित कराने के लिए फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों (रिजर्व सहित) को तीन दिवसीय प्रशिक्षण संबंधित तहसील और नगरीय चार्जों में दिया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 15 अप्रैल से शुरू होने वाले प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार मऊगंज तहसील चार्ज में 188 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों के चार बैच बनाए गए हैं। इनमें से दो बैच को 15 से 17 अप्रैल तक और दो अन्य बैच को 18, 21 और 22 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार मऊगंज नगरीय चार्ज में 52 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए दो बैच बनाए गए हैं। दोनों बैच को 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। देवतालाब तहसील चार्ज में 219 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए पाँच बैच बनाए गए हैं। इनमें से दो बैच को 15 से 17 अप्रैल तक, दो अन्य बैच को 18, 21 और 22 अप्रैल को तथा एक अन्य बैच को 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। हनुमना तहसील चार्ज में 497 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 10 बैच बनाए गए हैं। इनमें से चार बैच को 15 से 17 अप्रैल तक, चार अन्य बैच को 18, 21 और 22 अप्रैल को तथा दो अन्य बैच को 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। हनुमना नगरीय चार्ज में 38 तथा नईगढ़ी नगरीय चार्ज में 23 प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। नईगढ़ी तहसील चार्ज में 277 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए 6 बैच बनाए गए हैं। इनमें से दो बैच को 15 से 17 अप्रैल तक, दो अन्य बैच को 18, 21 और 22 अप्रैल को तथा शेष दो बैच को 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पिकअप और ऑटो की टक्कर में 5 घायल



**जागरण, रीवा।** पनवार थाना अंतर्गत रामबाग के आगे शिवपुर के पास शनिवार की सुबह पिकअप और ऑटो की आमने सामने जोरदार टक्टर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए । स्थानीय लोगों की सूचना के बाद 108 और 112 पुलिस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा भिजवाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ऑटो रामबाग से देवरी सवारी लेकर जा रहा था जैसे ही ऑटो शिवपुर के पास पहुंचा सामने से आ रही पिकअप वाहन से टकरा गया जिसमें ऑटो में सवार 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। ऑटो में एक चालक और 4 महिलाएं के साथ साथ एक बच्चा भी मौजूद था जिसमें 2 महिलाएं घूमन गांव 1 चौर गांव वही 1 बच्चा और 1 महिला देवरी गांव की बताई जा रही है। घायलों में ऑटो चालक योगेन्द्र यादव पिता बेनी प्रसाद यादव उम्र 38 वर्ष निवासी घूमन, राजकुमारी यादव पति मोतीलाल यादव निवासी देवरी की हालत गंभीर होने पर उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा से रीवा के लिए रेफर किया गया है।

# किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें: कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के बाद किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें। रीवा संभाग में 318 गौशालाओं में निराश्रित और बीमार गौवंश की देखभाल की जा रही है। संभाग के सभी कलेक्टर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें गौशालाओं को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। इससे एक ओर जहाँ नरवाई की समस्या दूर होगी वहीं दूसरी ओर गौ सेवा के रूप में पुण्य भी मिलेगा। पशुपालन विभाग के मैदानी कर्मचारी भूसा दान अभियान चलाकर किसानों को गौशालाओं को भूसा देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी तथा पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात करके गांवों में भूसा दान अभियान चलाएं। ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी भूसे का संग्रहण कराकर उसे गौशालाओं तक पहुंचाएं।

# जनगणना : नागरिक पोर्टल के माध्यम से कर सकेंगे सेल्फ एन्युमरेशन

## प्रगणकों द्वारा एचएलओ ऐप से किया जाएगा डेटा संकलन

**मऊगंज जागरण।** मऊगंज जिले में जनगणना के दौरान डिजिटल इंडिया पहल के तहत डेटा संग्रहण की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल तकनीक का बड़े स्तर पर उपयोग किया जाएगा। जनगणना की पूरी प्रक्रिया दो मुख्य चरणों में संपन्न होगी, जिसका पहला चरण एक मई से 30 मई तक चलेगा। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। दूसरा चरण यानी जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। इस जनगणना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता सेल्फ एन्युमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा है। आम नागरिकों के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल एसई डॉट सेंशस डॉट जीओभी डॉट इन उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह पोर्टल घर-घर जाकर किए जाने वाले डेटा संकलन की शुरुआत से ठीक 15 दिन पहले आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस सुरक्षित और सरल माध्यम का उपयोग कर परिवार का कोई भी एक सदस्य मात्र 15-20 मिनट में अपनी जानकारी हिंदी, अंग्रेजी या 14 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भर सकता है। स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल या ईमेल पर एक स्व-गणना पहचान प्राप्त होगी, जिसे बाद में घर आने वाले प्रगणक के साथ इसे साझा करना अनिवार्य होगा।

इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय कुमार जैन ने जिले के सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय विभाग, अधीनस्थ कार्यालयों और संगठनों के कर्मचारियों को इस 15 दिवसीय अवधि के दौरान नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित किया जा सके। प्रगणकों द्वारा डेटा संकलन के लिए एचएलओ ऐप (हाउसिंग लिस्टिंग एण्ड हाउसिंग सेंशस ऑपरेशन) का उपयोग किया जाएगा। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या सहायता के लिए नागरिक अपने जिले के जनगणना कार्य निदेशालय या कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाना है।

# युवा संगम रोजगार मेला 15 अप्रैल को शासकीय आईटीआई सतना में

**सतना।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना/मैहर ने बताया कि रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज सहित अन्य कंपनियों में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)**

सिराजून्निशा वेवा सफाक अहमद निवासी ग्राम घुरेहटा थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज ......अपीलार्थी

1. अन्सार अहमद, 2. अनवर अहमद दोनो के पिता हामिदरजा, 3. नशीरा बेगम पति हामिदरजा, 4. वंशबहादुर, 5. सच्चितानंद पिता श्यामविहारी (मृतक वारिसान – विवेकानंद, अभय, पिता संच्चिदानंद) 6. गोविंद प्रसाद पिता बद्री प्रसाद 7. मु0 मोबोधनी पति मुकुन्द प्रसाद 8. हिमान्शु पिता मुकुन्द प्रसाद 9. सुधान्शु पिता मुकुन्द प्रसाद 10. मिथिलेश कुमार वेवा लखनलाल मृतक वारिसान – मुरालीलाल, बृजेश पिता लखनलाल सभी निवासी ग्राम घुरेहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज।

.......उत्तरवादीगण

समाचार पत्र के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मउगंज के न्यायालय में तहसीलदार तहसील मऊगंज के राजस्व प्रकरण क्रमांक 243/अ27/2020-21 आदेश दिनांक 16/03/2021 के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 44 (1) म0प्र0 भू.रा0 संहिता 1959 ई के तहत यह अपील पेश की गई है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो दिनांक 11/05/26 को सुनवाई हेतु नियत है। अतः उत्तरवादीगण या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत दिनांक 11/05/26 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज
जिला मऊगंज म.प्र.
RN-85025


# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

## धारा 163 के तहत लागू हैं प्रतिबंधात्मक आदेश

**जागरण, रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है।

जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेहूं की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेहूं काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें।

खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। किसान यदि गेहूं के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर पथराव, तीन पुलिस कर्मी सहित राजस्व कर्मचारियों को आई चोटें



**जागरण, सतना ।** शनिवार को अतिक्रमण हटाने पहुची प्रशासन एवं पुलिस टीम पर आरोपियों ने पत्थर बाजी शुरू कर दी। जिससे पुलिस के तीन कर्मचारी और राजस्व विभाग के चार अधिकारी-कर्मचारी को चोटे आई है। बताया जाता है कि तहसीलदार की शिकायत पर सिटी कोतवाली में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस दौरान 8 नाम जद और 40-50 अन्य लोगो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह मामला डॉली बाबा इलाके में कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने के दौरान सामने आया है। अतिक्रमण हटाने पहुंची। इस दौरान प्रशासनिक टीम पर पथराव हो गया। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 3 अधूरे अतिक्रमण गिराने के बाद जैसे ही जेसीबी नौशाद कबाड़ी के घर पर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने महिला पुलिसकर्मियों से धक्का.मुक्की शुरू कर मकानों की आड़ लेकर किया पथराव पथराव इतना तेज था कि मौके पर मौजूद अधिकारी और कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए भागे।


**In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
Presiding Officer: दयाल सिंह सूर्यवंशी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000006/2026)

सुदामा प्रसाद वर्मा ................ आवेदक
VS
शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया .........अनावेदक
Process Id:-/2026
पेशी दिनांक – 25.04.2026

प्रेषिती–
(1) हर आम व खास पता– जिला रीवा (म.प्र.)
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदामा प्रसाद वर्मा पता ने मृतक पिता स्व. लालाराम वर्मा निवासी थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा (म.प्र.) की राशि 22,84,735.86/- बाइस लाख चौरासी हजार सात सौ पैतीस रूपये छियासी पैसे मात्र राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 अप्रैल 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 अप्रैल 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मुद्रा
न्यायाधीश
(दयाल सिंह सूर्यवंशी)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 85023



**न्यायालय-व्यवहार न्यायालय वर्ग-एक वरिष्ठ खंड त्योंथर, जिला-रीवा म.प्र.**
प्रोसेस नम्बर 95/2026
व्यवहारवाद प्र.क्रमांकः एम.जे.सी- 40/2025
पेशी दिनांकः 13.05.2026

1- राम किशोर पिता स्व. राम पियारे ब्रा. (मृतक) निवासी ग्राम पड़िवार, तहसील त्योंथर जिला रीवा म0प्र0 ................ आवेदकगण

बनाम

शिव लोचन पिता रामस्वरूप निवासी ग्राम पड़िवार तहसील त्योंथर जिला-रीवा (म.प्र.) ..........अनावेदकगण

अनावेदकगणों को उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में।

इस न्यायालय में लम्बित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक MJC 40/2025 राम किशोर पिता स्व. राम पियारे ब्रा. (मृतक) ग्राम पड़िवार का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक की न्यायालय में उपस्थित हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है जो इस प्रकार है- (14) बैजनाथ पिता स्व. राम दुलारे 5 (5) पुष्पा देवी पत्नी दीनानाथ 5(4) धीरज पिता राजनाथ 3(झ) साधना पिता राजनाथ 5(अ) ममता देवी पिता राजनाथ 5(ट) प्रभा देवी पिता राजनाथ 6(ब) संतोष पिता ललता 6(स) रामकुमार पिता ललता 6(द) सुरेश पिता ललता (8) राजबिहारी पिता रामजियावन 9(अ) चम्पा देवी पति स्व. रामाधार 9(ब) राजेश तिवारी पिता रामाधार 9(स) राकेश तिवारी पिता रामाधार 9(द) बृजेश पिता रामाधार 9 (ई) मुकेश पिता रामाधार 9(भ) सुमन लता पिता रामाधार (10) मोतीलाल पिता रामनिहोर (11) दिव्यराज पिता रामनिहोर (12) भूषण प्रसाद पिता रामनिहोर (13) विद्याधर सभी के पिता रामनिहोर 5(ग) कृष्ण कुमार तिवारी पिता राम सजीवन 5(घ) कमला देवी पत्नी राजनाथ। आवेदक क्रमांक MJC 40/2025 राम किशोर पिता स्व. राम पियारे ब्रा. (मृतक) ग्राम पड़िवार, तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान श्रीमती कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 वरिष्ठ खण्ड त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 13.05.2026 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 13.05.2026 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 13.05.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक
वरिष्ठ खंड त्योंथर
जिला रीवा मध्य प्रदेश
RN- 85233


# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**सतना।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ गोविंद नारायण सिंह की स्मृति कई वर्षों से निरंतर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रामपुर बघेलान में किया जा रहा है। जिसमें रामपुर बघेलान के लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में आज सायं 5 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


# त्योंथर विधायक ने बस्ती में लगाई चौपाल, सुनीं समस्याएं



**त्योंथर ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रयापी गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत कैथी पचकठा (नगरिया टोला) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने क्षेत्र के बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों का शाल-श्रीफल से आत्मीय सम्मान किया। विधायक ने उनका आशीर्वाद लेते हुए कहा कि वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन ही हमें जनसेवा की शक्ति देता है। विधायक तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के जनहितकारी कार्यों का जमकर बखान किया। विधायक ने लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे शासन की प्रत्येक योजना को पात्र हितग्राहियों की चौखट तक पहुँचाने के लिए सेतु का कार्य करें। अभियान के दौरान विधायक ने बस्ती में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वरिष्ठ जनों को विश्वास दिलाया कि सरकार उनकी हर सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

**ये रहे मौजूद :** इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष (गढ़ी) समीर सिंह, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष जैनेंद्र मिश्रा, सरपंच पद (कैथी पचकठा) सोना मौर्या, सरपंच (नेगरा) नाथूराम हरिजन, बृजेश मौर्या, शशिकांत तिवारी, सचिदानंद तिवारी, अशोक पांडेय, राजेंद्र सिंह, कृष्ण किशोर तिवारी एवं राम शिरोमणि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मृत मिला तेंदुआ, बरौंधा रेंज में हुई घटना

**जागरण, सतना।** बरौंधा वन रेंज में शनिवार सुबह एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। सतना.कालिंजर हाईवे पर सड़क किनारे नाली में मिले इस नर तेंदुए का वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया। रेंजर बृजेन्द्र पांडेय ने बताया कि कौहारी सर्किल की बीट कठवरियां के कक्ष क्रमांक पी 163 में यह घटना हुई। सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा। सतना से डॉग स्क्वॉड और पन्ना नेशनल पार्क से डॉक्टरों की टीम को भी बुलाया गया। मृत तेंदुए की उम्र लगभग 5 वर्ष बताई गई है। पोस्टमार्टम में उसके सभी अंग सुरक्षित पाए गए। डॉग स्क्वॉड टीम ने आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली लेकिन कोई संदिग्ध स्थिति नहीं मिली। शाम 5 बजे वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में मृत तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए के शरीर पर अंदरूनी चोटों के निशान मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हाईवे पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुआ उछलकर सड़क किनारे नाली में गिरा और गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।


**उत्तर मध्य रेलवे**

जेम टेंडर नोटिस संख्याः- GEM/2026/B/7426445 दिनांकः 09.04.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** GEM/2026/B/7426445, **कार्य का उसके स्थान सहित नाम :** आउटकम आधारित समग्र सफाई अनुबंध, जिसमें मशीनीकृत सफाई, कूड़ा-कचरा उठाना, कचरा निपटान, कीट और कृंतक नियंत्रण कार्य शामिल हैं, जो सांक माल गोदाम के रखरखाव के लिए 24 महीने की अवधि के लिए है।

| | |
|---|---|
| **कार्य की अनुमानित लागत (दो वर्ष हेतु):** ₹ 43,89,550/- | **बयाना राशिः** ₹ 87,790/- |
| **ठेके की अवधि :** दो वर्ष | **ई-निविदाः** 01.05.2026 को 17:30 बजे। |

**वेबसाइट एवं निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** निविदा का पूर्ण विवरण (ई-निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.gem.gov.in पर टेण्डर खुलने की तिथि 01.05.2026 को 17:00 बजे तक उपलब्ध है एवं ई-निविदा सूचना उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। 784/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक - झाँसी/कैटरिंग/एमपीएस/ई-नीलामी/2025 दिनांक : 03.04.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), झांसी निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित करता है :-

| वर्ग | सूची क्रमांक | संपत्ति विवरण | |
|---|---|---|---|
| एमपीएस | एम.पी.एस-झांसी-4-26 | पांच साल के लिए बहुउद्देशीय स्टॉल का आवंटन<br>एमपीएस स्टॉल का आकार-लंबाई- 300 सेमी (ट्रैक के समानांतर), चौड़ाई - 250 सेमी (ट्रैक के लंबवत), अंदर की ऊँचाई - 210 सेमी, अधिकतम ऊँचाई - 270 सेमी, स्टॉल टॉप पैनल - 60 सेमी में जोनल | |
| **स्टेशन** | **पी.एफ** | **जगह** | **स्टॉल संख्या/आरक्षण** |
| भरूआसुमेरपुर | 01 | पी.एफ-01, पुराने IPS और बैटरी रूम के पास | RMPS-01 (अनु.जाति) |

नीलामी शुरू : 20.04.26 13:00 — नीलामी समाप्त : 20.04.26 13:30

**टिप्पणी :** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण ऊपर उल्लिखित कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 781/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-90

**कार्य का नाम : झांसी वर्कशाप -** एसएसई/पीडब्ल्यू/जेएचएस यार्ड के अंतर्गत वीजीएलजे यार्ड की वर्कशॉप में विविध पी.वे कार्य। एडीईएन/मुख्यालय-1/जेएचएस के अधिकार क्षेत्र में।

**अनुमानित लागत (रूपये) :** 14589838.56 (एक करोड़ पैतालीस लाख नवासी हजार आठ सौ अड़तीस रूपये और छप्पन पैसे मात्र।)

| | |
|---|---|
| **अमानत राशि (रूपये) :** 291800/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये :** कुछ नही |

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 05.05.2026 15:30 बजे

**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 789/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**(मोहिनी भदौरिया)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)**
प्रोसेस नम्बर - 369/2026
पेशी दिनांकः 17.04.2026

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रकाशन

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक R.C.S.A. 30/2024 भूपेन्द्र पिता विश्वनाथ ग्राम देउर जिला-रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 01 की न्यायालय में उपस्थित हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है जो इस प्रकार है- धीरेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह ग्राम बोदाबाग वार्ड क्रमांक 9 तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)। आवेदक क्रमांक R.C.S.A. 30/2024 भूपेन्द्र पिता विश्वनाथ ग्राम देउर तह. जवा जिला-रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान मोहिनी भदौरिया व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 17.04.2026 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 17.04.2026 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 17.04.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

मुद्रा
(मोहिनी भदौरिया)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
त्योंथर, जिला रीवा म.प्र.
RN-85224

# वंदे मातरम के अपमान पर कांग्रेस में चुप्पी, सीएम नाराज, राजनीति गरमाई

## इंदौर की पार्षदों ने भरी बैठक में किया था इंकार, पार्टी लाइन के बहाने बचा रही कांग्रेस

**जागरण, भोपाल।** इंदौर नगर निगम की बजट बैठक में कांग्रेस की महिला पार्षदों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अपमान अब प्रदेश स्तर पर तनातनी की वजह बन गया है। जिलाध्यक्ष के प्रस्ताव के बाद भी दो दिन से मामले में चुप्पी साधकर बैठी प्रदेश कांग्रेस निशाने पर आ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे कांग्रेस का दोहरा चरित्र बताकर कठघरे में खड़ा कर दिया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अब भी इतिहास के सहारे अपने ऊपर लगे दाग को मिटाने की कोशिश में है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मामले पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर नाराजगी जताई। सुबह-सुबह आए सीएम के बयान से पूरे सूबे की राजनीति अचानक गरमा गई। दो दिन से अपने ही पाले में खेल रही कांग्रेस के नेता इतिहास के पन्ने पलटने में जुट गए। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी एक बार फिर कार्रवाई को लेकर अगल-बगल की बातें करने लगे तो संगठन भी सौ साल पुरानी तस्वीर के सहार वंदे मातरम के अपमान से पल्ला झाड़ते नजर आए। बैठक के तत्काल बाद इंदौर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे द्वारा भेजे गए कार्रवाई के प्रस्ताव पर भी प्रदेश संगठन दो दिन बाद भी कार्रवाई के सवालों के जवाब ही ढूंढ रहा है। इससे इंदौर से लेकर भोपाल तक कांग्रेस में ही खींचतान की स्थिति बन गई है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश नेतृत्व ने अपने प्रवक्ताओं और मीडिया से जुड़े नेताओं को भी कुछ न बोलने की हिदायत दे डाली है। इस मुद्दे पर इलेक्ट्रानिक चैनलों पर होने वाली डिबेट से भी सभी को दूर रहने कहा है। इतना ही नहीं, किसी तरह की बाइट देने से भी रोक दिया गया है। प्रदेश नेतृत्व के इस रवैये से मची खींचतान के बीच राष्ट्रीय गीत और कांग्रेस का अपमान करने वाली महिला पार्षद आज भी बात पर कायम हैं और पार्टी की रीति-नीति को खुलकर कोस रही हैं।

### मुख्यमंत्री ने बताई बेशर्मी की हद



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस को इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस दोहरे चरित्र से बाहर नहीं निकल पा रही। महिला पार्षदों ने बेशर्मी की हद पार कर दी। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ये लोग देश को कहां ले जाएंगे? देशभक्तों का और कितना अपमान करेंगे। हजारों देशभक्तों ने भारत माता की जय बोलते-बोलते प्राण त्याग दिए। मुझे इस बात का दुख और ग्लानि हो रही है।सीएम ने कहाकि प्रदेशाध्यक्ष पटवारी जो हर मामले पर बोलते हैं, वो अब इस पर क्यों नहीं बोल रहे। कांग्रेस की पार्षद की टिप्पणी पर उनका क्या कहना है?। अगर इस पर पटवारी और कांग्रेस नेता कोई कार्रवाई नहीं कर पाते, तो सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए सीएम ने कहा, जब देखो तब कांग्रेसी भगवान राम की निंदा करते हैं, हिंदुओं का अपमान करते हैं।

**हमें न बताएं राष्ट्र गान व गीत का महत्व -पटवारी:** पीसीसी चीफ पटवारी का कहना है कि देश के संविधान में और कांग्रेस के संविधान में देश की आजादी की



यात्रा में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के महत्व को किसी को बताने या छिपाने की आवश्यकता नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी के हर अधिवेशन में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का अपना महत्व है, हमें किसी से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। इस दौरान पटवारी कांग्रेस के अल्प संख्यक नेताओं का बचाव करने में भी पीछे नहीं रहे। कांग्रेस के किसी पार्षद ने कोई बात कही है तो वह बात भी पार्टी के संज्ञान में है, पार्टी जब निर्णय लेगी सबको बता देगी।

**संगठन मान रहा अक्षम्य भाषा:** इस मामले में संगठन ही प्रदेशाध्यक्ष से अलग भाषा बोल रहा है। प्रदेश के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले दोनों पार्षदों की भाषा को दुर्भाग्यपूर्ण अक्षम्य मान रहे हैं। मगर कार्रवाई दिल्ली से होना है। इसलिए प्रदेश नेतृत्व दिल्ली दरबार की ओर देख रहा है। ऐसे में इंदौर के नेताओं की हालत सबसे ज्यादा खराब है। पार्टी को दुविधा में डालने वालीं पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख अभी भी पार्टी विरोधी बयान से पीछे नहीं हैं।

**बीजेपी एफआईआर की तैयारी में :** भाजपा ने राष्ट्रीय गीत का अपमान करने वाली दोनों कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं भाजपा इंदौर शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी को पत्र लिखकर दोनों पार्षदों के निष्कासन की मांग की है। इंदौर के भाजपा विधायकों के अलावा हिंदू जागरण मंच भी मैदान में आ चुका है। मंच के संयोजक सुमित हार्डिया ने वंदे मातरम का अपमान करने वाली पार्षदों का मुंह काला करने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इससे मामले में गर्मागर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।

# यूसीसी से आदिवासियों की पहचान पर गंभीर खतरा

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उठाए सवाल, मांगी संरक्षण की गारंटी

**जागरण, भोपाल।** समान नागरिक संहिता यूसीसी को लेकर मप्र में सुगबुगाहट बढ़ते ही कांग्रेस के नेता खुलकर सामने आ गए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसे आदिवासियों की पहचान पर गहरा संकट बताया है। नेता प्रपिक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार यूसीसी को लेकर प्रदेश में भय फैलाया जा रहा है। इसे लागू करने से पहले सरकार को साफ करना चाहिए कि यह आदिवासियों पर लागू होगी या नहीं? नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने यूसीसी को देश और प्रदेश पर थोपने का आरोप लगाते हुए कहाकि संविधान के अनुच्छेद 44 में यूसीसी को 'राज्य के नीति निदेशक तत्व' में रखा गया था। इसके पीछे संविधान सभा की सोच यह थी कि विविधताओं वाले देश में इस विषय पर व्यापक सहमति जरूरी होगी। यह मार्गदर्शक सिद्धांत था, लेकिन बीजेपी सरकार इसे जल्दबाजी में बिना संवाद और बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के थोपना चाहती है। सिंघार का कहना है कि यूसीसी प्रदेश में आदिवासी समाज की पहचान, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सरकार को बताना चाहिए कि यूसीसी आदिवासियों पर लागू होगी? यदि नहीं, तो इसे लागू करने के पहले सरकार को इसके संरक्षण की गारंटी देना चाहिए? सदन में चर्चा के अलावा सभी धर्म, जनजातियों और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर ही अगला कदम उठाना चाहिए। उन्होंने इसके संभावित खतरे बताते हुए मांग की है कि आदिवासी समाज को इस संहिता से बाहर रखा जाए और उनकी परंपराओं व अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। क्योंकि आदिवासी समाज की अपनी सामाजिक व्यवस्था, विवाह, उत्तराधिकार और भूमि से जुड़े रीति-रिवाज सदियों पुराने हैं। उन्होंने कहाकि यदि यूसीसी बिना छूट के लागू हुई, तो यह संविधान की भावना के खिलाफ होगा।



### बीजेपी पर उठाए सीधे सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी पर सीधा हमला करते हुए आरोप लगाया कि बिना विचार-विमर्श के कानून बनाना भाजपा में नया ट्रेंड बन गया है। यूसीसी पर भाजपा और उसकी सरकारों का यह तरीका अलोकतांत्रिक, असांप्रदायिक और असंवैधानिक है। यह जानबूझकर फैलाया गया भय है। मध्यप्रदेश में दिवाली तक यूसीसी लागू करने की घोषणा ने अलगाव का माहौल बना दिया है। जो अच्छा नहीं है। यह देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता के लिए घातक साबित होगी।

# कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया



**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार में मंत्री रहीं अर्चना चिटनीस ने आरोप लगाया है कि जब भी भाजपा की सरकारों ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अधिकार देने का प्रयास किया, कांग्रेस ने उसका विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे तीन तलाक कानून हो या अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो, महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिटनीस ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राच्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय-समय पर की जाती रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी उन्हें हक दिलाने का वास्तविक प्रयास नहीं किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिलाओं को संसद और राच्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब विपक्षी दलों के विरोध के कारण बिल पास नहीं हो सका। अटल जी के समय महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले सभी दल आज भी कांग्रेस के साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी की नीतियां कितनी महिला विरोधी हैं, इसका प्रमाण यह है कि शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार ने संसद में कानून बनाकर पलट दिया था। चिटनीस ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर भाजपा ने देश की आधी आबादी के प्रति अपने सम्मान और दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है। चिटनीस ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कानून के रूप में हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक निर्णय के साक्षी बनने जा रहे हैं, जिसमें देश का भाग्य बदलने की क्षमता है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वह सपना अब साकार हो रहा है। यह पूरे देश के लिए बहुत ही खास समय तो है ही, साथ ही यह मातृशक्ति के लिए भी अविस्मरणीय क्षण है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि सदियों से प्रतीक्षित उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धरातल पर उतारा है।

# मृत्युभोज के बाद 100 से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार, मची अफरा-तफरी

## डिंडौरी और मंडला जिला अस्पताल में कराया भर्ती, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में डाला डेरा



**जागरण, डिंडौरी।** जिले के मेहदवानी जनपद से फूड पॉइजनिंग का गंभीर मामला सामने आया है। दरअसल झाम झोला गांव में एक दशगात्र कार्यक्रम के दौरान भोजन करने से 100 से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। शुक्रवार रात को हुए इस भोज के बाद आधी रात से ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी और शनिवार सुबह मरीज अस्पताल पहुंचने शुरू हो गए।

घटना में 103 लोग बीमार हुए हैं। मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मेहदवानी स्वास्थ्य केंद्र में 29 और मंडला जिले के मोहगांव केंद्र में 63 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कुछ मरीजों को इलाज के लिए डिंडौरी और मंडला जिला अस्पताल भी भेजा गया है। राहत की बात यह है कि फिलहाल सभी मरीजों की हालत खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे फिलहाल तेज धूप में बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। उन्हें हल्का भोजन करने को कहा गया है। गांव में स्वच्छता बनाए रखने और साफ पानी का उपयोग करने के निर्देश भी दिए।

### केवल पूड़ी खाने वाले पड़े बीमार

स्वास्थ्य विभाग की शुरुआती जांच में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय के अनुसार, जिन लोगों ने आटे से बनी पूड़ी खाई थी, केवल वही बीमार पड़े। जिन्होंने पूड़ी नहीं खाई, वे सुरक्षित हैं। इस भोज में पूड़ी के साथ सब्जी, दाल और चावल परोसे गए थे। प्रशासन ने खाने और पानी के सैंपल ले लिए हैं ताकि सही कारणों का पता चल सके।

# शराब दुकानों से ठेकेदारों की दूरी, 267 शेष दुकानों की रिजर्व प्राइज 40 फीसदी घटाई

## 18वें राउंड में आबकारी झोंकेगा ताकत, सोमवार को खुलेंगे टेंडर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में शराब की दुकानों के आवंटन को लेकर आबकारी विभाग और ठेकेदारों के बीच खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। वर्ष 2026-27 के वित्त वर्ष में 17 राउंड के बाद भी बची हुई 267 दुकानों को नीलाम करने के लिए रिजर्व प्राइस में कटौती की सीमा 35 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। विभाग को उम्मीद है कि इस छूट के बाद ठेकेदार अब वाइन शॉप का ठेका लेने के लिए आगे आएंगे। दरअसल, सरकार ने इस वित्त वर्ष के लिए शराब ठेकों के वार्षिक मूल्य में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। अब तक 3553 शराब दुकानों की 17 राउंड की नीलामी हो चुकी है। इसके बाद भी 267 दुकानें बच गई हैं। बाजार की भाषा में इन्हें घाटे वाली दुकानें माना जा रहा है।



### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| कुल दुकानें | 3553 |
| बिकी दुकानें | 3286 |
| शेष दुकानें | 267 |

- पिछले साल का रेवेन्यू 16,627 करोड़
- इस साल का टारगेट 19,952 करोड़
- अब तक मिला रेवेन्यू 17,435.3 करोड़

टारगेट से पीछे 1,345 करोड़

### आरक्षित मूल्य में 35 फीसदी कटौती के बाद भी बच गई दुकानें

एक अप्रैल से नए ठेके शुरू होने के बावजूद प्रदेश की 267 दुकानों को अब भी ठेकेदारों का इंतजार है। आलम यह है कि रिजर्व प्राइस (आरपी) में 35 प्रतिशत तक की कटौती किए जाने के बाद भी शराब कारोबारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। 16वें और 17वें राउंड में कुल 384 दुकानों की ईटेंडर के जरिए नीलामी की गई थी, लेकिन इनमें से केवल 117 दुकानें ही नीलाम हो पाईं। शुक्रवार को हुए 17वें राउंड में तो महज 25 दुकानें ही 106 करोड़ रुपये में उठी हैं, जबकि इनकी रिजर्व प्राइज 162.21 करोड़ थी। ऐसे में जिन दुकानों के ठेके नहीं हो पाए, उनका संचालन वर्तमान में आबकारी विभाग के अमले को करना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्य को पूरा करने के लिए आबकारी अधिकारी 267 दुकानों के लिए अब बड़े ठेकेदारों को मनाने में जुटे हुए हैं। इनमें भोपाल की भी 6 दुकानें शामिल हैं।

# मप्र में शुरू होगा सीसीटीएनएस 2.0 20 भाषाओं में एफआईआर का अनुवाद

## केस की धाराएं दर्ज करने में मिलेगी एआई की मदद, एक क्लिक पर मिलेगी अपराधियों की कुंडली

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस थानों में अब एफआईआर के लिए नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। इसके तहत एमपी पुलिस जल्द ही थानों में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) 2.0 को लागू करने जा रही है। यह नया सिस्टम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस होगा, जो न केवल अपराधियों को पकड़ने में मदद करेगा बल्कि यह भी बता देगा कि किस इलाके में अपराध होने की आशंका ज्यादा है। फिलहाल एमपी पुलिस इसका ट्रायल कर रही है और दो माह के भीतर इस व्यवस्था को प्रदेशभर में लागू करने की तैयारी की जा रही है। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने इसे जल्द प्रदेश में लागू करने के निर्देश एससीआरबी के अफसरों को पिछले दिनों दे दिए हैं। इस नए नेटवर्क की खासियत यह भी होगी कि यह अन्य राज्यों से भी लिंक रहेगा ताकि इंटर स्टेट गिरोहों और अपराधियों की जानकारी तत्काल देश के सभी राच्यों को मिल सके। इससे पहले एमपी में साइबर अपराधों की जांच के लिए साइबर फॉरेंसिक लैब में ई-फॉरेंसिक 2.0 भी शुरू किया गया है।

### इस तरह काम करेगा सीसीटीएनएस 2.0



- सीसीटीएनएस 2.0 में अपराधियों की पूरी कुंडली होगी। एक क्लिक पर यह सिस्टम अलग-अलग राच्यों और थानों में दर्ज एफआईआर का विश्लेषण कर किसी भी अपराधी की प्रोफाइल बना देगा। अगर किसी अपराधी ने अलग-अलग नामों से जुर्म किया है, तो एआई उसे पहचान कर यह जानकारी भी देगा कि ये सभी अपराध एक ही व्यक्ति ने किए हैं।
- क्राइम होने से पहले ही सीसीटीएनएस 2.0 पुलिस को अलर्ट करेगा। इसे प्रिडिक्टिव पुलिसिंग कहा जाता है। यह सिस्टम पुराने डेटा और स्थानीय घटनाओं के जरिए यह बताएगा कि आने वाले समय में किन इलाकों में अपराध बढ़ सकते हैं। इससे पुलिस को गश्त, बीट प्लानिंग और सुरक्षा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।
- सीसीटीएनएस 2.0 की एक अन्य खूबी 20 भाषाओं में अनुवाद की सुविधा भी है। अभी अन्य राच्यों की स्थानीय भाषाओं में दर्ज एफआईआर को बदलने के लिए अनुवादक की जरूरत होती है, लेकिन अब एफआईआर एआई सॉफ्टवेयर के जरिए देश की 20 प्रमुख भाषाओं में खुद ट्रांसलेट हो जाएगी। इससे दूसरे राच्यों की पुलिस के साथ जानकारी साझा करना और बाहरी अपराधियों को पकड़ना आसान हो जाएगा।
- सीसीटीएनएस 2.0 का एक फीचर अपराधी के चेहरे के साथ नंबर प्लेट की पहचान भी होगा। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के जरिए यह एआई सिस्टम भगोड़े अपराधियों के चेहरों को भीड़ में भी पहचान लेगा। इसके अलावा ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) के जरिए ट्रैफिक रूल तोड़ने वाले वाहनों की भी पहचान कर इसकी जानकारी संबंधित थानों को दे देगा।
- सीसीटीएनएस के जरिए कोर्ट और थानों के बीच सालों से लंबित पड़े मामलों के निपटारे की स्पीड में तेजी आएगी। इससे पीड़ितों को मदद मिलेगी। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के अफसरों के अनुसार अब मेडिकल केस, जीरो एफआईआर और कोर्ट से जारी होने वाले वारंट की जानकारी सीधे और तुरंत थानों तक पहुंचेगी। इससे कागजी कार्रवाई में होने वाली देरी खत्म होगी।

### ये खास फीचर भी होंगे शामिल

- एफआईआर दर्ज करते समय एआई मॉडल खुद यह सुझाव देगा कि इस केस में कौन सी कानूनी धाराएं लगाई जानी चाहिए, जिनके जरिए केस पुख्ता बने।
- आदतन अपराधियों (हिस्ट्रीशीटर्स) की कुंडली पहले से तैयार रहेगी। इसके आधार पर रिस्क स्कोर के जरिए ऐसे शातिरों को ट्रैक किया जा सकेगा।
- प्रदेश में फिलहाल 1100 पुलिस थाने हैं, यहां अभी बुनियादी सीसीटीएनएस सिस्टम काम कर रहा है। इस सिस्टम के अपडेट होने से एमपी पुलिस को तकनीक की मदद से अपराधों पर काबू पाने में भी मदद मिलेगी।
- इसे प्रदेश में लागू करने का जिम्मा एससीआरबी के पास है। इससे पहले प्रदेश की पुलिस ई-एचआरएमएस और ई-ऑफिस सिस्टम को भी लागू कर चुकी है। ट्रायल के बाद अब सीसीटीएनएस 2.0 के जरिए पुलिस अपने काम में तकनीकी मदद के दायरे को आगे बढ़ाएगी।
- इस सिस्टम के जरिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने और गुमशुदा लोगों की रिपोर्ट करने की ऑनलाइन सुविधा मिलेगी।

### एनएसई ने शुरू किया नैनोसेकंड स्तर पर ऑर्डर एक्नॉलेजमेंट

भोपाल। वॉल्यूम के आधार पर दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव्स एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने 11 अप्रैल, 2026 से करंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स, कैश (कैपिटल मार्केट) और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में अपना इमीडिएट एक्नॉलेजमेंट फीचर लागू कर दिया है। इसके जरिए अब ऑर्डर का एक्नॉलेजमेंट नैनोसेकंड में मिल रहा है, जो पहले के लगभग 100 माइक्रोसेकंड के सिस्टम रिस्पॉन्स टाइम से काफी तेज है।

# 3200 करोड़ फ्रॉड के सरगना को दुबई से लाने की तैयारी

## रेड नोटिस के बाद केंद्र सरकार भी हुई एक्टिव, इंटरपोल और यूएई सरकार को सौंपे दस्तावेज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) 3200 करोड़ रुपये से ज्यादा के साइबर फ्रॉड के मास्टरमाइंड लविश चौधरी उर्फ नवाब को अगले चार माह में वापस ला सकती है। इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अब इस मामले में केंद्र सरकार ने भी एक्शन लेना शुरू कर दिया है। पीएचक्यू के एक वरिष्ठ अफसर के मुताबिक, रेड नोटिस के बाद उसे दुबई से भारत लाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। प्रत्यर्पण के नियमों के अनुसार लविश को लाने से पहले भारत सरकार की तरफ से अपराधों की डिटेल के साथ उसे कस्टडी में रखने की जगह तक की जानकारी भेजी जाएगी। यूएई के नियमों के अनुसार इस सारी कार्रवाई में लगभग तीन से चार माह का समय लग सकता है। यह मप्र एसटीएफ के लिए पहला ऐसा मामला होगा जब विदेश में छिपे किसी अपराधी को वापस लाया जाएगा।

**रेड नोटिस के बाद केंद्र सरकार ने किए ये प्रयास:** दो माह पहले ही रेड नोटिस जारी होने के बाद एसटीएफ ने इंदौर की स्पेशल कोर्ट में प्रत्यर्पण की अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद अब उसे लाने की प्रक्रिया के लिए केंद्र सरकार की मदद ली जा रही है। एसटीएफ ने इसके लिए एफआईआर, केस डायरी, सबूत जैसे लगभग 200 दस्तावेजों का हिंदी से अरबी और अंग्रेजी में अनुवाद कराया है और इन्हें सीआईडी के जरिए केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को भेजा है। यहां से इन्हें यूएई सरकार को सौंपा जाएगा। विदेश और गृह मंत्रालय भी अपने-अपने स्तर पर यूएई के साथ डिप्लोमैटिक चैनलों और इंटरपोल के जरिए लगातार फॉलो-अप ले रहे हैं। पीएचक्यू को उम्मीद है कि अगर सब सुचारू रहा तो 3 से 4 महीने में यूएई की अदालत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे देगी, जिसके बाद एसटीएफ टीम दुबई जाएगी।

### कई कंपनियों के जरिए की ठगी, कार्रवाई के डर से विदेश में छिपा

लविश मूल रूप से यूपी के मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और बतौर बास्केटबॉल कोच उसने अपना करियर शुरू किया था। इंदौर के ईशान सलूजा की शिकायत पर जब एसटीएफ ने जांच शुरू की तो उजागर हुआ कि वह 3200 करोड़ की साइबर ठगी का मास्टरमाइंड है। इस मामले में उसके 10 साथियों को एसटीएफ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। लविश ने बोटब्रो, क्यूएफएक्स ट्रेड, यॉर्कर एफएक्स, टीएलसी कॉइन जैसी फर्जी कंपनियों में निवेश एक से दो साल में ही दोगुना होने का झांसा देकर लोगों से रकम म्यूल खातों में जमा कराई। इस फंड को क्रिप्टो और हवाला के जरिए दुबई ट्रांसफर किया गया, जिससे लविश ने लग्जरी प्रॉपर्टी खरीदी। अपने एजेंटों को लविश विदेश में महंगी पार्टी देता था। एसटीएफ ने फिलहाल उसके खातों में जमा 260 करोड़ रुपये को फ्रीज करा रखा है। इसके अलावा ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में उसके कई बैंक अकाउंट्स और प्रॉपर्टी फ्रीज कर रखी है। जानकारी के मुताबिक लविश दुबई में ही छिपा हुआ है।



**जंगल** कूनो नेशनल पार्क में गूंजी किलकारी, केंद्रीय मंत्री यादव ने दी खुशखबरी

# मादा चीता गामिनी ने 4 शावकों को दिया जन्म

**जागरण, श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में शनिवार को फिर किलकारी गूंजी हैं। यहां दक्षिण अफ्रीकी मूल की मादा चीता गामिनी (उम्र करीब 25 माह) ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है। यह भारत में जन्मी किसी मादा चीता ने खुले जंगल में शावकों को जन्म देने का पहला मामला है, जो चीता पुनर्वास परियोजना को खास सफलता है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंटरनेट प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशखबरी को साझा किया।

उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण है और चीता प्रोजेक्ट के लिए बड़ा मील का पत्थर है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि कूनो में भारतीय परिस्थितियों में चीतों का सफल अनुकूलन और प्रजनन इस परियोजना की सफलता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने पार्क प्रबंधन, डॉक्टरों और फील्ड स्टाफ की मेहनत की सराहना की। दरअसल यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास कार्यक्रम के बाद यह जंगल में दर्ज जन्म की पहली सफल घटना है। इससे यह साफ संकेत मिलता है कि कूनो का वातावरण अब चीतों के लिए अनुकूल बन रहा है और वे यहां स्वाभाविक रूप से खुद को ढाल रहे हैं। मादा चीता गामिनी के 4 शावकों के जन्म के साथ ही कूनो में चीतों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है।




### एक साल से अधिक समय से जंगल में थी गामिनी

फील्ड डायरेक्टर चीता प्रोजेक्ट उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि मादा चीता गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी। इस दौरान उसने शिकार करना, क्षेत्र तय करना और प्राकृतिक परिस्थितियों में खुद को बनाए रखना सीख लिया। अब शावकों का जन्म इस बात का प्रमाण है कि चीतों का जीवनचक्र कूनो में सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा है।

# बाघ के डर से ग्रामीणों ने जंगल में महुआ बीनने जाना किया बंद

**जागरण, सिवनी।** जिले के वन विकास निगम के बहरई परिक्षेत्र में बाघ और तेंदुए ने महुआ बीन रहे लोगों पर हमला कर दिया, बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। गांगपुर गांव में तेंदुए ने घर के बाहर सो रहे नाबालिग पर हमला कर दिया, परिजनों की सतर्कता से उसको बचा लिया गया। क्षेत्र में महुआ बीनने के दौरान बाघ में हमलों में अबतक दो लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं। बाघ के हमलों में डोरली निवासी विनोद उड़के सहित दो ग्रामीणों की मौत के बाद लोगों ने जंगल जाना ही बंद कर दिया है। वर्तमान समय महुआ बीनने का सीजन है, बावजूद इसके ग्रामीण ने जान के खतरे और मवेशियों पर हमले की आशंका के कारण खेतों और जंगलों की में जाना बंद कर दिया है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए जंगल के अलग-अलग हिस्सों में 20 कैमरा ट्रैप लगाए हैं। वन अमला नियमित गश्ती और सर्चिंग अभियान चला रहा है। एक सप्ताह बीतने के बाद भी बाघ कैमरों में कैद नहीं हो सका है।





**सुबह 5.37 बजे महासागर में उतरा**

शनिवार सुबह 5.37 बजे ओरियन कैप्सूल अमेरिका के सैन डिएगो के तट के पास प्रशांत महासागर में 'स्प्लैशडाउन' हुआ। आर्टेमिस-2 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों ने दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में लैंडिंग की।

# आर्टेमिस-2 मिशनः चांद का चक्कर लगाकर लौटे चारों एस्ट्रोनॉट



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की दहलीज को छूकर धरती पर वापस लौट आए हैं। शनिवार सुबह 5.37 बजे उनका ओरियन कैप्सूल अमेरिका के सैन डिएगो के तट के पास प्रशांत महासागर में 'स्प्लैशडाउन' हुआ। आर्टेमिस-2 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों ने दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में लैंडिंग की। ये मिशन 2 अप्रैल को लॉन्च हुआ था। 1972 के बाद यह पहली बार है, जब इंसान चंद्रमा के इतने करीब पहुंचा है। आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्रियों ने 6 अप्रैल को पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूरी तक यात्रा करके किसी भी इंसानी अंतरिक्ष मिशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने चांद के अंधेरे हिस्से की फोटोग्राफी भी की थी। मिशन का मकसद स्पेसक्राफ्ट के 'लाइफ सपोर्ट सिस्टम' की जांच करना था। नासा देखना चाहता था कि अंतरिक्ष में इंसानों के रहने के लिए यह कितना सुरक्षित है। यान अभी चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरा, लेकिन भविष्य में चंद्रमा पर इंसानों के बसने का रास्ता आसान बनाएगा।

## 3000 डिग्री तापमान और 6 मिनट का ब्लैकआउट

5.03 बजे सर्विस मॉड्यूल से अलग होने के बाद यान की हीट शील्ड सक्रिय हो गई। घर्षण की वजह से यान के बाहर का तापमान करीब 3,000 डिग्री फेरनहाइट तक पहुंच गया। इस दौरान 6 मिनट के लिए 'कम्युनिकेशन ब्लैकआउट' रहा। यानी धरती से संपर्क टूट गया। ऐसा तापमान के बढ़ने से यान के चारों ओर प्लाज्मा की परत बनने से हुआ। 5.23 बजे यान जब करीब 22 हजार फीट की ऊंचाई पर था तो ड्रोग पैराशूट खुले। पैराशूट ने समुद्र में गिरने से पहले ओरियन की रफ्तार कम की और उसे स्थिर बनाया। 5.34 बजे करीब 6,000 फीट की ऊंचाई पर छोटे पैराशूट अलग हो गए और तीन मुख्य पैराशूट खुले। इससे ओरियन की रफ्तार घटकर 218 किमी प्रति घंटे से भी कम रह गई।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ में शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रही एक यात्री विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। खराब मौसम के कारण काठमांडू एयरपोर्ट पर लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने पर पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क किया। अनुमति मिलने के बाद फ्लाई दुबई की फ्लाइट को सुबह 8.22 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सुरक्षित उतारा गया। विमान में कुल 154 यात्री सवार थे और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। लैंडिंग के बाद तकनीकी टीम ने विमान की जांच की और उसमें ईंधन भरा गया। करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 10 बजे विमान को काठमांडू के लिए रवाना कर दिया गया।अधिकारियों के अनुसार, नेपाल की राजधानी काठमांडू में मौसम खराब होने के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिल पाई।

### यौन उत्पीड़न के आरोप में एचआर मैनेजर सहित 11 गिरफ्तार

**नासिक, जेएनएन।** नासिक में एक प्रमुख आईटी/बीपीओ कंपनी में यौन उत्पीड़न और धार्मिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसे राजनीतिक हलकों में 'कॉर्पोरेट जिहाद' करार दिया गया है। शनिवार तक इस मामले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 8 पुरुष कर्मचारी और कंपनी की एक महिला एचआर मैनेजर शामिल हैं। अब तक 8 महिला कर्मचारियों और 1 पुरुष कर्मचारी ने कुल 9 एफआईआर दर्ज कराई हैं। शिकायतों में 2022 से 2026 के बीच यौन शोषण, छेड़छाड़, और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप हैं। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया, बीफ खाने का दबाव डाला गया और हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणी की गई। पीड़िता के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी को बुर्का पहनने और नमाज़ पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया था।

### मेरठ : बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

**मेरठ, जेएनएन।** मेरठ के सदर बाजार क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता अपनी 33 वर्षीय बेटी की लाश के साथ करीब 4 से 5 महीने तक रहा। यह घटना तेली मोहल्ले की है, जहां उदयभानु बिस्वास (76) शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हैं, उसने अपनी बेटी प्रियंका की मौत की खबर किसी को नहीं दी। प्रियंका की मौत दिसंबर 2025 में पीलिया के कारण हुई थी। पिता ने डॉक्टरों के बजाय तांत्रिक क्रियाओं का सहारा लिया था। लाश के सड़ने से आने वाली दुर्गंध को छिपाने के लिए पिता कमरे में परफ्यूम छिड़कता रहता था। जब पुलिस और रिश्तेदारों ने दरवाजा खोला, तो शव पूरी तरह सड़ चुका था और कंकाल बन गया था।

**विधानसभा चुनावः** भाजपा-टीएमसी ने प्रचार में झोंकी ताकत, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

# टीएमसी का अहंकार तोड़ेगी जनताः मोदी भाजपा बंगाल विरोधी, घुसने न देंः ममता

### पीएम ने मुर्शिदाबाद, जंगीपुर, कुशमंडी में की रैली, ममता ने भाजपा पर किया पलटवार




**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। हालिया चुनावी रैलियों में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तीखे हमले किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कुशमंडी में रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी के 'अहंकार' को चकनाचूर कर देगी। उन्होंने टीएमसी को 'निर्मम सरकार' और 'भ्रष्टाचार की जननी' बताते हुए कहा कि 15 साल के राज ने बंगाल को भयभीत रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि आजादी के बाद अंग्रेजों, कांग्रेस और वामपंथियों का अहंकार जिस तरह टूटा, वैसा ही टीएमसी के साथ होगा। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान और आदिवासी समुदाय की उपेक्षा को लेकर भी ममता सरकार पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को 'बंगाल विरोधी' बताते हुए आरोप लगाया कि वे बाहरी हैं और उन्हें अपने घर में घुसने नहीं देना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर चुनाव आयोग की मदद से उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने और बीएसएफ और सीआरपीएफ का इस्तेमाल कर महिला मतदाताओं को डराने का आरोप लगाया। ममता ने कहा, एक सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन बीजेपी पर नहीं। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि वे बंगाल की संस्कृति और खान-पान में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

### ...तो बंगाल तुम्हें वोट नहीं देगाः शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा और पर्सनल हमला किया, चुनावी मौसम में उनकी चोटों का मजाक उड़ाया और उन पर 'विक्टिम कार्ड' खेलने का आरोप लगाया। बांकुरा जिले के रामसागर फिशरी ग्राउंड और एथानी फुटबॉल ग्राउंड में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ममता दीदी कभी अपने पैर पर असली/नकली पट्टी बांधती हैं, तो कभी अपने सिर पर। इस चुनाव में, अपने सिर पर, अपने पैरों पर, या जहां चाहें पट्टी बांध लें, बंगाल के लोग आपको वोट नहीं देने वाले हैं। शाह ने कहा, भाजपा सरकार सभी के लिए एक कानून पक्का करेगी, खासकर एक से ज्यादा शादी की प्रथा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कोई भी चार पत्नियां नहीं रख पाएगा। सभी के लिए बराबर कानून होंगे। उन्होंने संथाल समुदाय से भी बात की, और बनर्जी पर राज्य के दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने हमारी संथाल बहन को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान किया। ममता जी यह बर्दाश्त नहीं कर सकतीं कि एक गरीब आदिवासी लड़की टॉप पर पहुंच गई है।

### भ्रष्टाचार, घुसपैठ और मां-माटी मानुष मुद्दा

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होनी है। दोनों पार्टियों के बीच मुख्य मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां भाजपा भ्रष्टाचार और घुसपैठ को मुद्दा बना रही है, वहीं ममता सरकार 'मां-माटी-मानुष' और बाहरी बनाम बंगाली का नैरेटिव आगे बढ़ा रही है।


**पश्चिम बंगालः शिक्षक भर्ती घोटाले**

### ईडी ने की पार्थ चटर्जी के ठिकानों पर छापेमारी

विधानसभा चुनाव से पहले ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी के मुताबिक, शनिवार को कोलकाता में पार्थ चटर्जी व अन्य आरोपियों के खिलाफ नए सिरे से तलाशी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई कथित शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता में दो स्थानों पर तलाशी ली गई, जिनमें पार्थ चटर्जी का आवास और इस मामले में कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय का घर शामिल है।

# दुनिया भर में फंसी है ईरान की 120 अरब डॉलर की संपत्ति

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान की विदेशी संपत्तियां लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण दुनियाभर में फ्रीज हैं। विभिन्न आकलनों के अनुसार, ईरान के 100-120 अरब डॉलर के एसेट्स विभिन्न देशों और वित्तीय संस्थानों में फ्रीज या प्रतिबंधित स्थिति में पड़े हैं। इन संपत्तियों में विदेशी बैंकों में जमा धन, तेल निर्यात से मिली कमाई, रियल एस्टेट निवेश और अन्य वित्तीय हित शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह राशि ईरान की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रतिबंधों के कारण इसका उपयोग सीमित या असंभव बना हुआ है। 2023 में एक अहम समझौते के तहत दक्षिण कोरिया में फंसे करीब 6 अरब डॉलर को कतर के बैंकों में ट्रांसफर किया गया था। यह सौदा कैदियों की अदला-बदली के साथ जुड़ा था। पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद इस फंड पर फिर से कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए और इसका उपयोग केवल मानवीय जरूरतों तक सीमित कर दिया गया।



**पाकिस्तान बना शांति वार्ता का मंचः** पाकिस्तान फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर बनी सहमति में मदद करने की सफलता का जश्न मना रहा है। पाकिस्तान के नेता शांति वार्ता की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। राजधानी इस्लामाबाद में दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। करीब 10 हजार पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। दुनिया भर के देश लड़ाई खत्म होते ही होर्मुज स्ट्रेट के फिर से खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। युद्ध से पहले इस रास्ते से दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल की सप्लाई होती थी। पाकिस्तान का भी काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है।

### इन देशों में फंसी है ईरान की संपत्ति

- चीन में करीब 20 अरब डॉलर, द. कोरिया में 7 अरब डॉलर, इराक में 6 अरब डॉलर, लक्जमबर्ग में 1.6 अरब डॉलर, जापान में 1.5 अरब डॉलर की राशि फंसी।
- अधिकांश रकम ईरान के तेल निर्यात से जुड़ी है, जिसे अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते संबंधित देशों के बैंकों में रोक दिया गया।
- अमेरिका में सीधेतौर पर ईरान के करीब 2 अरब डॉलर के एसेट्स फ्रीज हैं। इसमें लगभग 5 करोड़ डॉलर की रियल एस्टेट और उससे होने वाली आय भी शामिल है।
- अमेरिका का प्रभाव केवल अपने देश तक सीमित नहीं है। ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल के जरिए अमेरिका वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर प्रभाव डालते हुए अन्य देशों व बैंकों में भी ईरानी संपत्तियों को ब्लॉक या नियंत्रित करने की क्षमता रखता है।
- ओएफएसी की 'स्पेशली डिजिग्नेटेड नेशनल्स (एसडीएन) लिस्ट' के तहत ईरान से जुड़े कई बैंक, कंपनियां और संस्थाएं प्रतिबंधित हैं, जिससे उनके एसेट्स तक पहुंच लगभग असंभव हो जाती है।

## लालू के पड़ोसी बनेंगे नीतीश



**पटना, जेएनएन।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पद से इस्तीफे की तैयारी शुरू कर दी है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री आवास '1 अणे मार्ग' खाली कर रहे हैं और अपना सामान '7 सर्कुलर रोड' स्थित बंगले में शिफ्ट कर रहे हैं। यह बंगला उनके पसंदीदा आवासों में से एक है और पहले भी वे 2014 में पद छोड़ने के बाद यहां रह चुके हैं। 7 सर्कुलर रोड बंगला, पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास (10 सर्कुलर रोड) के बहुत करीब (लगभग 200-250 मीटर की दूरी पर) है। नीतीश 13 अप्रैल को अंतिम कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस्तीफा दे सकते हैं। 14 अप्रैल को उनके औपचारिक इस्तीफे और 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार के गठन की संभावना है। शनिवार से ही मुख्यमंत्री आवास से फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली और ई-रिक्शा के जरिए नए आवास पर भेजा जा रहा है। नए बंगले के बाहर उनकी नेम प्लेट भी लगा दी गई है। यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक लंबे युग के अंत और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली संभावित नई सरकार के आगमन का संकेत माना जा रहा है।

## रणवीर सिंह ने संघ प्रमुख भागवत से की मुलाकात



**नागपुर, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह शुक्रवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के मेमोरियल पर गए। जहां उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि दी और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात की। बताया गया कि एक्टर ने संघ के दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर के मेमोरियल पर जाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। रणवीर दोपहर करीब 4 बजे मुंबई से चार्टर्ड फ्लाइट से नागपुर पहुंचे। वे रेशिमबाग स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर गए, जो आरएसएस से जुड़ा प्रमुख स्थान है। आरएसएस से जुड़े लोगों ने रेशिमबाग स्थित स्मृति भवन में उनके दौरे की पुष्टि की है। हालांकि, उनके इस दौरे का उद्देश्य साफ नहीं किया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि दौरा छोटा, लेकिन अहम रहा। उन्होंने आरएसएस पदाधिकारियों के साथ कई विषयों पर बातचीत की।

# महिला आरक्षण को न बनाएं सियासी हथियारः थरूर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने महिला आरक्षण कानून को लेकर केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस पर जल्दबाजी में कदम उठाने से संघीय ढांचे, लोकतांत्रिक संतुलन पर असर पड़ सकता है। संसद के 16 अप्रैल से शुरू होने वाले विशेष सत्र से पहले थरूर ने आरोप लगाया कि सरकार तीन दिवसीय सत्र का इस्तेमाल आगामी विधानसभा चुनावों, लोकसभा चुनाव से पहले सियासी लाभ के लिए कर रही है। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की पक्षधर रही है और 2013 में इसी पार्टी ने यह विधेयक राज्यसभा से पारित कराया। थरूर ने महिला आरक्षण कानून को परिसीमन से जोड़कर जल्दबाजी में लागू करना उचित नहीं होगा, इससे कुछ राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ सकता है, जबकि अन्य राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिए ठीक नहीं है। परिसीमन जनसंख्या के आधार पर लोकसभा, विधानसभा सीटों के पुनर्विन्यास की प्रक्रिया है। वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटों को 816 करने की योजना है। इससे उत्तर भारत के अधिक आबादी वाले राज्यों उप्र, बिहार व मप्र को ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। दूसरी ओर दक्षिण के राज्य जैसे तमिलनाडु और केरल को आशंका है कि उनकी सीटों का अनुपात घट सकता है, जिससे संसद में उनका प्रभाव कम हो जाएगा। विपक्ष का मानना है कि इससे क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ सकता है।

## मंत्री भुजबल का हेलिकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा, बाल-बाल बचे

**पुणे, जेएनएन।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल के हेलीकॉप्टर की शनिवार को पुणे में एक जोखिम भरी लैंडिंग हुई, जहां हेलीकॉप्टर निर्धारित हेलीपैड के बजाय कार पार्किंग क्षेत्र में उतरा। यह घटना इस साल की शुरुआत में हुए उस बड़े हादसे की याद दिलाती है, जिसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जान चली गई थी। शनिवार सुबह भुजबल पुणे के पुरंदर तहसील के खानवडी गांव में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। पायलट को हेलीपैड दिखाई नहीं दिया और उसने गलती से हेलीपैड से लगभग 1-1.3 किलोमीटर दूर एक खाली कार पार्किंग क्षेत्र में हेलीकॉप्टर उतार दिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और मंत्री सुरक्षित रहे। हालांकि, पार्किंग में रोटर ब्लेड के कारण कारों या इमारतों को नुकसान पहुंचने का खतरा था। पुणे ग्रामीण पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट डीजीसीए को भेजने का फैसला किया है और पायलट के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस घटना ने महाराष्ट्र में काफी हड़कंप मचाया है, क्योंकि यह 28 जनवरी 2026 को हुए अजित पवार के दुखद विमान हादसे के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अजित पवार का चार्टर विमान बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया था। जिसमें उनकी और उनके साथ सवार 4 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। उस हादसे की वजह भी खराब विजिबिलिटी और धुंध को बताया गया था। इन दोनों घटनाओं के कारण वीवीआईपी उड़ानों और उनकी लैंडिंग प्रोटोकॉल की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**पुणे पहुंचे थे भुजबल, जनवरी में अजित का प्लेन हुआ था क्रैश**

**कूटनीति** अमेरिका-ब्रिटेन में मतभेद के बाद मॉरीशस के विदेश मंत्री रामफुल का दावा

# 'चागोस' को वापस लेने कसर नहीं छोड़ेगा मॉरीशस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने चागोस द्वीप समूह को वापस पाने के लिए 'कोई कसर नहीं छोड़ने' का संकल्प लिया है, क्योंकि ब्रिटेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद इस समझौते को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया है। ब्रिटिश सरकार ने शनिवार को स्वीकार किया कि संसद में इस समझौते को पारित करने के लिए समय समाप्त हो गया है, और इसे मई में होने वाले 'किंग्स स्पीच' के अगले विधायी एजेंडे में भी शामिल नहीं किया गया है। विदेश मंत्री रामफुल ने स्पष्ट किया कि वे इस क्षेत्र के वि-उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए हरसंभव राजनयिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे। उन्होंने इसे न्याय का मामला बताया। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार का कहना है कि रणनीतिक



डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और यह समझौता अमेरिकी समर्थन के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। ब्रिटेन ने इस समझौते को फिलहाल 'डीप फ्रीज' में डाल दिया है।

### डोनाल्ड ट्रंप का विरोध

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समझौते को 'घोर मूर्खता' और एक बड़ी गलती करार दिया है। उनका तर्क है कि इन द्वीपों को सौंपना एक रणनीतिक आत्मसमर्पण होगा और इससे यह क्षेत्र चीन के प्रभाव में जा सकता है। मूल समझौते के तहत, ब्रिटेन को चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपनी थी, जबकि डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे को 99 साल के पट्टे पर अपने पास रखना था। इसके बदले में ब्रिटेन को मॉरीशस को सालाना लगभग 101 मिलियन पाउंड का भुगतान करना था।

**डिएगो गार्सिया का महत्व**

डिएगो गार्सिया हिंद महासागर में एक महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है, जिसका उपयोग अमेरिका, ब्रिटेन ने वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान युद्धों के दौरान किया था। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इस अड्डे का नियंत्रण पूरी तरह ब्रिटेन के पास रहना सुरक्षित है।


## अक्षय तृतीया के अवसर पर ह्यूज़ पेश करेगा आधुनिक डिज़ाइन की कलात्मकता में प्राकृतिक रंग

**मुंबई।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भारत का अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा, तनिष्क ने प्राकृतिक रंगीन जेमस्टोन्स का जादू अपना नया और खास कलेक्शन ह्यूज़ पेश करेगा। ऐसा भारतीय ग्राहकों की जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए, प्रस्तुत किया गया, बताया गया है कि 100प्रतिशत प्राकृतिक जेमस्टोन्स से सजा यह कलेक्शन शुद्धता और बेहतरीन डिज़ाइन के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज की आधुनिक महिलाएँ अपनी एक अलग और खास पहचान चाहती हैं और तनिष्क का यह अंदाज़ उनकी इसी पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। चाहे ऑफिस का डेली लुक हो या किसी खास फंक्शन की रौनक, ये जेमस्टोन्स आपके हर पल को खास बना देंगे। यह कलेक्शन भारतीय गर्मी के मौसम के रंगों प्रेरित है। जेमस्टोन्स की प्राकृतिक चमक और गहराई को निखारने के लिए उसके आस-पास की बनावट और शेप को बहुत बारीकी से तैयार किया गया है। लॉन्च अदाकारा तृप्ति डिमरी ने किया। इस अवसर पर, टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, सुश्री पेल्की त्शेरिंग ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि, हमें आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए प्राकृतिक जेमस्टोन्स के अनुभव को एक नया रूप दिया है। आज के दौर में ज्वेलरी सिर्फ एक आभूषण नहीं, बल्कि खुद को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त ज़रिया है। तनिष्क की हेड ऑफ डिज़ाइन, सुश्री गरिमा माहेश्वरी ने कहा कि ह्यूज़ के साथ, हमने हाल के वर्षों में भारत में प्राकृतिक जेमस्टोन्स के सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी डिज़ाइन प्रयोगों में से एक को अंजाम दिया है। तनिष्क का यह एक ऐसा कलेक्शन बना है, जो न केवल आधुनिक और प्रभावशाली है, बल्कि भारतीय डिज़ाइन के प्रति एक नया और प्रभावशाली नज़रिया पेश करता है।


## शादी के अगले दिन ही काल बना ट्रक दूल्हा-दुल्हन और सास-भाभी की मौत

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश में शिवपुरी जिले के सिरसोद थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। दुर्घटना में खुशियों से भरा एक परिवार पलभर में उजड़ गया। टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खाद से भरा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खड़े ऑटो पर पलट गया। इस भीषण हादसे में नवविवाहित दूल्हा-दुल्हन सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ट्रक पलटते हुए दिख रहा है। पुलिस के अनुसार तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव के रहने वाले 25 साल के वीरेंद्र शाक्य की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी। मंदिर में सादगी से विवाह के बाद शनिवार को दोनों अपने घर लौट रहे थे। ऑटो में उनके साथ दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य, बहन भूरिया शाक्य और अन्य परिजन सवार थे। टोंगरा रोड पर ऑटो कुछ देर के लिए खड़ा था, तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे ऑटो पर पलट गया। देखते ही देखते ऑटो में बैठे लोग ट्रक के नीचे दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े।

# चार एकड़ बैंगन की फसल पर चलवाया रोटावेटर

**जागरण, बड़वानी।** जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम ऊंची में एक किसान की मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिर गया। यहां रहने वाले किसान मंशाराम पंचोले ने अपनी चार एकड़ खेत में लगी बैंगन की खड़ी फसल को रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया। जिस फसल को महीनों मेहनत से तैयार किया था, उसे खुद अपने ही हाथों मिट्टी में मिलाना किसान के लिए एक बड़ी मजबूरी बन गया। किसानों का कहना है कि उन्हें बैंगन के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जिससे लागत निकालना तो दूर की बात, फसल की कटाई करना भी भारी पड़ रहा है।

## 5 अस्पताल, 121 क्लिनिकों का पंजीयन निरस्त

**जागरण, जबलपुर।** बिना वैध पंजीकरण संचालित हो रहे 5 अस्पतालों और 121 क्लीनिकों का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। इन अस्पतालों में मरीजों की भर्ती रोक लगा दी है। कार्रवाई का निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। दरअसल, निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन के लिए पंजीकरण का नवीनीकरण अनिवार्य होता है, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक का समय निर्धारित किया था। विभाग द्वारा समय-सीमा के भीतर आवेदन करने के लिए बार-बार निर्देश भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद कई संस्थानों ने नियमों की अनदेखी की।

## रिकॉर्ड रूम में लगी आग कांग्रेस ने बताई साजिश



**जागरण, राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर किला क्षेत्र में शुक्रवार देर रात राजस्व विभाग के पुराने रिकार्ड रूम में आग लग गई। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। डिस्मेंटल घोषित भवन में वर्षों से राजस्व रिकार्ड रखने और असामाजिक तत्व उसमें निवास करने सहित कई मामले सामने आए हैं, जो आग लगने का कारण बताये जा रहे हैं। इसे लेकर पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य नेताओं ने पुलिस और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए लापरवाही और अपने पुलिस विभाग में पदस्थ एक कर्मचारी के बेटे को डिस्मेंडल घोषित बिल्डिंग में टहराने और उसमें जुआ-सट्टा चलने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने रिकार्ड रूम में आग लगाने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद रात को ही मौके पर एसडीएम सहित प्रशासनिक अमला पहुंचा था। मालूम हो कि देर रात पुराने कलेक्टर भवन में रखे वर्ष 2002 से पहले के रिकार्ड रूप में अचानक आग लग गई। यह रिकार्ड कलेक्टोरेट शिफ्ट होने के बाद पुराने रिकार्ड शिफ्ट न करते हुए वहीं ताले में बंद कर दिया था।

### गुना में भाजपा पार्षद के परिवार पर जानलेवा हमला, गंभीर हालत में इलाज जारी

# जन्मदिन का खूनी जश्न, बीच सड़क पर गुंडागर्दी के बाद पिकअप से चार को रौंदा



**जागरण, गुना।** प्रदेश में गुना के नानाखेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जन्मदिन की पार्टी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। शराब के नशे में धुत रसूखदार युवकों ने न केवल मोहल्ले में उत्पात मचाया, बल्कि विरोध करने पर भाजपा पार्षद के परिवार के चार सदस्यों पर जानलेवा हमला करते हुए उन्हें महिंद्रा पिकअप वाहन से बेरहमी से रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परिवार का एक सदस्य कई फीट दूर जाकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने फरियादी श्याम कुशवाह की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### जोरदार टक्कर के बाद युवक उछलकर कई फीट दूर गिरा

नानाखेड़ी क्षेत्र में पुष्पेंद्र, आकाश, दीपेंद्र रघुवंशी और उनका दोस्त आनंद अपने 20-25 साथियों के साथ सड़क पर जन्मदिन मना रहे थे। देर रात तक बीच सड़क पर हो-हल्ला और गंदी गालियां दी जा रही थीं। पड़ोस में रहने वाले भाजपा पार्षद के परिवार ने जब मर्यादा में रहने का हवाला दिया तो आरोपी उग्र हो गए। आरोपियों ने पहले कुशवाह परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किया। इसके बाद दीपेंद्र रघुवंशी ने अपनी महिंद्रा पिकअप गाड़ी चालू की और पहले वाहन को पीछे (बैक) करके परिजनों को कुचला, फिर तेजी से आगे बढ़ाकर सड़क पर खड़े लोगों को रौंद दिया। चश्मदीदों के अनुसार, गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि एक युवक उछलकर कई फीट दूर जा गिरा। घटना के बाद आरोपी मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर फरार हो गए।

### वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल

परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी आरोपी आनंद कुशवाह की शिकायत की थी, लेकिन कड़ी कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। वारदात से मोहल्ले में दहशत है। फिलहाल सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### उत्पात मचा रहे युवकों ने प्रधान आरक्षक को पीटा

**गुना** शहर के यातायात थाने के ठीक सामने आधी रात को सड़क पर हंगामा कर रहे युवकों को यातायात थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पंकज भट्ट ने समझाने और शांत करने का प्रयास किया, तो नशे में धुत आरोपियों ने सीधे वर्दी पर ही हाथ डाल दिया। आरोपियों ने प्रधान आरक्षक के साथ गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सगे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रात को प्रधान आरक्षक पंकज भट्ट थाने पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान थाने के ठीक सामने स्थित आस्था होटल और ट्रैक्टर सर्विस सेंटर के पास से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाजें आईं। सड़क पर हो रहे इस उत्पात को शांत कराने के लिए पंकज भट्ट अकेले ही वहां पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को सार्वजनिक स्थान पर हंगामा न करने की समझाइश दी, लेकिन आरोपियों ने उन पर ही हमला कर दिया।

## भोपाल से चलने वालीं 10 ट्रेनों में कोच परिवर्तन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन ने भोपाल व आरकेएमपी से शुरू व खत्म होने वाली दस ट्रेनों में स्थाई तौर पर कोच परिवर्तन किया है। रेलवे का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को अधिक किफायती एसी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना एवं मांग के अनुरूप बेहतर सेवा प्रदान करना है। स्थाई कोच संयोजन से यात्रियों को बेहतर सुविधा एवं संतुलित यात्री भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। रेलवे द्वारा अधिसूचित ट्रेनों में स्थाई आधार पर 1 एसी-3 टियर कोच की जगह 1 एसी-3 इकॉनॉमी कोच जोड़ा जाएगा।

**इन ट्रेनों में कोच परिवर्तन:** गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में 15 जून से। गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में 16 जून से। गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में 17 जून से। गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में 20 जून से। गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में 20 जून से। गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस में 23 जून से। गाड़ी संख्या 11633 भोपाल-चोपन एक्सप्रेस में 21 जून से। गाड़ी संख्या 11634 चोपन-भोपाल एक्सप्रेस में 22 जून से। गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन में 22 जून से।

## उज्जैन में मंदिर तोड़ने पर बजरंग दल व रहवासी भिड़े, किया पथराव

**जागरण, उज्जैन।** मंदिर के विस्थापन को लेकर शनिवार रात 8 बजे शहर में शुरू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अटके हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और नगर निगम की टीम के सामने ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में सब-इंस्पेक्टर अंकित बनोध घायल हो गए। दरअसल पंचमपुरा क्षेत्र में नगर निगम सड़क चौड़ीकरण का काम करा रहा है। इसके तहत मंदिर और आसपास के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की जा रही थी। स्थानीय रहवासियों में से कुछ लोगों ने मंदिर के विस्थापन के लिए सहमति दे दी थी। जबकि कॉलोनी के दो परिवारों ने इस पर आपत्ति जताई। चूंकि उनके मकान भी अतिक्रमण की जद में आ रहे थे, जिससे वे कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। विरोध कर रहे परिवारों ने शनिवार को कार्रवाई के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मौके पर बुला लिया। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता जेसीबी और अन्य मशीनों से चल रही कार्रवाई को रोकने लगे। इसी दौरान वे रहवासी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पहले ही मंदिर के विस्थापन के लिए सहमति दी थी। दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो धीरे-धीरे तीखी नोक-झोंक में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया। पत्थरबाजी के दौरान हालात बिगड़ते देख नगर निगम की टीम ने कार्रवाई रोक दी। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को अलग किया।

# भोपाल-रामगंज मंडी रेल लाइन का 67 फीसदी काम पूरा, अगले साल तक दौड़ने लगेगी ट्रेन

### देरी के कारण 1 हजार करोड़ बढ़ी परियोजना की लागत, कोटा के मुकाबले भोपाल मंडल में काम की धीमी रफ्तार

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल से रामगंज मंडी के बीच बिछाई जा रही नई रेल लाइन का काम अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुल 276 किलोमीटर के इस प्रोजेक्ट में अब तक 187 किमी का रेलखंड बिछा दिया गया है। यानि 67 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष बचा 33 किमी का काम वर्ष 2027 तक पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है। भोपाल रेल मंडल से मिली जानकारी अनुसार मप्र एवं राजस्थान को सीधे रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना कुल 276 किलोमीटर लंबी है, जिसकी अनुमानित कुल लागत 3,035 करोड़ है। इस नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत कुल 27 स्टेशन हैं, जिनमें रामगंज मंडी, जुल्मी, झालावाड़, झालरापाटन, जूनाखेड़ा, अमेठा, अकलेरा, पचोला, घटोली, नयागांव, भोजपुर, देवपुरा, खिलचीपुर, राजगढ़, नरसिंहपुर, ब्यावरा, पीपलखेड़ा, सोनकच्छ, नरसिंहगढ़, जमुनियागंज, कुरावर, श्यामपुर, दुराहा, जरखेड़ा, मुगलियाहाट, संत हिरदाराम नगर एवं निशातपुरा डी केबिन शामिल हैं।



### 111 किमी का काम भोपाल के पास

इस परियोजना के अंतर्गत कुल 276 किलोमीटर में से निशातपुरा डी केबिन से ब्यावरा तक 111 किलोमीटर का रेलखंड भोपाल के अधीन आता है, शेष रामगंजमंडी से नरसिंहपुर तक 165 किलोमीटर का खंड कोटा मंडल के अधीन आता है। इस परियोजना में कुल 4 टनल, 4 महत्वपूर्ण ब्रिज, 34 मुख्य ब्रिज एवं 171 अंडरपास शामिल है। भोपाल-रामगंजमंडी के 276 किलोमीटर की नई रेल लाइन परियोजना में अबतक 187 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें भोपाल मंडल में निशातपुरा डी केबिन से श्यामपुर 42 किमी एवं कोटा मंडल में 145 किमी रामगंजमंडी से राजगढ़ तक का कार्य पूर्ण हो चूका है। शेष 89 किलोमीटर का कार्य (कुरावर-श्यामपुर, सोनकच्छ-नरसिंहगढ़, ब्यावरा-सोनकच्छ) वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा करने का लक्ष्य है।

### 500 करोड़ से 3000 करोड़ पहुंची लागत

2001 के रेल बजट में इस परियोजना की घोषणा की गई थी। तब प्रोजेक्ट के लिए करीब 500 करोड़ रुपए बजट का ऐलान किया गया था। प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए डेडलाइन 2012 तय की गई थी। लेकिन समय बढ़ता गया और समय के साथ परियोजना की लागत भी। अब रेल मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 2027 की डेडलाइन तय की है, जबकि बजट बढ़कर 3000 करोड़ तक पहुंच गया है।

### परियोजना की विशेषताएं

- परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दो राज्यों के 5 जिलों (कोटा, झालावाड़, राजगढ़, सीहोर एवं भोपाल) को प्रत्यक्ष रूप से जोड़ती है।
- राजस्थान के झालावाड़ स्थित कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयले की ढुलाई में यह मार्ग अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। वर्तमान में प्रयुक्त रूठियाई-ब्यावरा-झालावाड़ (215 किमी) मार्ग की तुलना में यह नया मार्ग 42 किलोमीटर कम होगा।
- रूठियाई-कोटा-रामगंज मंडी- झालावाड़ (257 किमी) मार्ग के माध्यम से जयपुर से दक्षिण भारत की ओर चलने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रूट लगभग 115 किलोमीटर कम हो जाएगा, जिससे यात्रा समय में लगभग 3 घंटे की बचत होगी।
- इस परियोजना से मध्यप्रदेश के आंतरिक जिलों-जैसे शाजापुर, राजगढ़, गुना आदि की आबादी को सीधे राज्य की राजधानी भोपाल से जोड़कर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को सशक्त आधार मिलेगा।

परियोजना के पूर्ण होने से यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी, माल परिवहन में सुविधा तथा क्षेत्र में रोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।
■ **सौरभ कटारिया**, सीनियर डीसीएम, भोपाल रेल मंडल

### सैंपल के जरिए बड़ी डील का नया खेल, उड़ीसा से मप्र तक फैला तस्करी का नेटवर्क उजागर

# गांजा तस्करों को ट्रेन से उतरते ही पुलिस ने दबोचा, तीन महिला सहित छह गिरफ्तार

**जागरण, जबलपुर।** जबलपुर में पुलिस ने गांजा तस्करी के नए तरीके का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों के पास से 7 किलो 206 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 3 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। यह गांजा सैंपल के रूप में लाया गया था, जिसे पसंद आने पर बड़ी खेप की डील की जानी थी। पुलिस अब इस मामले में स्थानीय खरीदार की तलाश कर रही है। देश में उड़ीसा को गांजा तस्करी का बड़ा हब माना जाता रहा है, जहां से कई राज्यों में अवैध सप्लाई होती है। हाल ही में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पुलिस की सख्ती के बाद तस्करों ने अपना तरीका बदल लिया है। अब वे छोटे-छोटे सैंपल लेकर अलग-अलग शहरों में घूम रहे हैं और संभावित ग्राहकों को दिखाकर बड़ी डील फाइनल करते हैं। जब सैंपल पसंद आ जाता है, तब बड़ी मात्रा में गांजा सप्लाई किया जाता है। जबलपुर में पकड़े गए आरोपी भी इसी रणनीति के तहत गांजा लेकर आए थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे उड़ीसा में गांजा की खेती कर इसे जबलपुर के एक व्यक्ति को बेचने आए थे।

**गढ़ा स्टेशन पर दबिश, ट्रेन से उतरते ही गिरफ्तारी :** शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि गढ़ा रेलवे स्टेशन पर कुछ तस्कर उतरने वाले हैं और यहां बड़ी डील होने की संभावना है। इसके बाद क्राइम ब्रांच और तिलवारा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। जैसे ही तीन महिलाएं और तीन पुरुष बैग लेकर ट्रेन से उतरे, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

## ट्रेन में चढ़ने पर फिसला पैर, टुकड़ों में बंटा युवक



**जागरण, रतलाम।** प्रदेश के रतलाम रेलवे स्टेशन पर रूह कंपा देने वाला हादसा हुआ। दरअसल प्लेटफार्म क्रमांक-04 पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और मृतक का शव के दो टूकड़े हो गए। मृतक की पहचान दाऊद अयाज बेग उम्र 40 वर्ष, बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में की गई है। घटना शुक्रवार दोपहर 2.35 बजे की है। घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12904 गोल्डन टेंपल मेल के रवाना होते समय एक व्यक्ति चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह संतुलन खो बैठा और ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ के एसआई गवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे, जहां स्टेशन मास्टर रविंद्र सिंह राठौड़ एवं प्लेटफार्म ड्यूटी स्टाफ मौजूद मिले।मौके पर निरीक्षण के दौरान उक्त व्यक्ति ट्रेन से कटकर मृत अवस्था में पाया गया।

## कार्य स्थल पर महिला सहकर्मी के शरीर को घूरना अपराध नहीं: बॉम्बे हाई कोर्ट

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और कानूनी सीमाओं को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी महिला सहकर्मी को गलत तरीके से घूरना निश्चित रूप से अनैतिक और अनुचित व्यवहार है, लेकिन इसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354सी के तहत ताक-झांक का अपराध नहीं माना जा सकता। जस्टिस अमित बोरकर की सिंगल बेंच ने एक बीमा कंपनी के एग्जीक्यूटिव के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि कानून की व्याख्या को उसकी मूल परिभाषा से बाहर जाकर नहीं खींचा जा सकता। दरअसल एक प्रसिद्ध बीमा कंपनी में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ सहकर्मी (आरोपी निगुडकर) पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला का आरोप था कि ऑफिस की मीटिंग्स के दौरान आरोपी उनसे नजरें मिलाने के बजाय जानबूझकर उनके सीने की तरफ टकटकी लगाकर देखता था। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि आरोपी अक्सर अनुचित टिप्पणियां करता था, जिससे काम का माहौल बेहद असहज और अपमानजनक हो जाता था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354सी (ताक-झांक) के तहत मामला दर्ज किया था। जस्टिस अमित बोरकर ने सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपी का व्यवहार, यदि सच भी मान लिया जाए, तो वह नैतिक रूप से गलत और काम के माहौल के खिलाफ है।

# इंस्टाग्राम पर फोटो डालकर प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

### शादी के 15 दिन पहले युवक ने प्रेमिका के साथ उठाया कदम



**जागरण, राजगढ़।** प्रदेश के राजगढ़ जिले में जंगल में महुए के पेड़ पर युवक-युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों के शव एक ही रस्सी के दो फंदों पर लटके मिले। युवक ने सुसाइड से पहले युवती के साथ किस करते कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। मामला भोजपुर थाना क्षेत्र के ढाबली खुर्द गांव का है। मृतकों की पहचान ढाबली खुर्द के रहने वाले 23 साल के राकेश तंवर और राजस्थान के जामुनिया गांव की 21 वर्षीय धापू बाई तंवर के रूप में हुई है। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजन के मुताबिक, राकेश की 15 दिन बाद शादी होने वाली थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिवार को उसके प्रेम संबंध की जानकारी नहीं थी। शनिवार सुबह कुछ ग्रामीण जंगल गए थे। इस दौरान पेड़ पर दोनों को लटके देखकर घबरा गए। फौरन गांव आकर लोगों को जानकारी दी। इसके बाद भोजपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओपी धर्मराज नागर, भोजपुर थाना पुलिस और खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भिजवाए। घटनास्थल पर आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ जुट गई।

## इंदौर में आग से मर्सिडीज कार और दो बाइक जलीं



**जागरण, इंदौर।** शहर के भक्त प्रहलाद नगर में एक घर के बाहर आगजनी का मामला सामने आया है। दरअसल घटना शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे की है। आग में मर्सिडीज कार और दो बाइक जलकर राख हो गईं। सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोका और काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के मुताबिक भक्त प्रहलाद नगर स्थित ह्दयेश दीक्षित के घर के बाहर खड़ी उनकी मसिर्डीज कार और दो वाहन आग में स्वाहा हो गए। आग लगने के चलते पूरे वाहन जलकर राख हो गए। यहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने फायर ब्रिगेड को आगजनी की सूचना दी। आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आया है।

## प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, पटवारी ने लगाए गंभीर आरोप

**विसं, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बड़े अस्पतालों में घूम रहे चूहे मरीजों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रदेश में लापरवाही का खतरनाक सिलसिला चल रहा है, जिसकी कीमत आम जनता अपनी जान देकर चुका रही है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि एक ओर जहरीले कफ सिरप के सेवन से करीब 25 लोगों की मौत ने दवा नियंत्रण व्यवस्था की पोल खोल दी है, वहीं दूसरी ओर हज़ारों करोड़ के बजट वाली इंदौर नगर निगम ने 35 लोगों को पानी में जहर देकर सरकारी हत्या कर दी और जिम्मेदारी से भागने के लिए पूरी भाजपा आज सांप्रदायिक रंग देकर प्रदेश की फिजा बिगाड़ने का काम कर रही है। इन दोनों घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार बुनियादी स्वास्थ्य सुरक्षा करने में विफल रही है। प्रदेश की जनता लगातार परेशान हो रही है। पटवारी ने कहा कि इन घटनाओं के बाद भी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया, और अब भोपाल स्थित एम्स के नवजात गहन चिकित्सा इकाई में चूहों की मौजूदगी ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं होती, तब तक प्रशासन हरकत में नहीं आता। पटवारी ने सरकार से सवाल किया, क्या मध्यप्रदेश की जनता की जान इतनी सस्ती हो गई है कि बार-बार की लापरवाही के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे?


## अब सिर्फ रिसीवर ही पढ़ पाएगा आपका जीमेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गूगल ने एक बड़ा ऐलान किया है, जिसमें जीमेल यूजर्स को एंड टू एंड एनक्रिप्शन का सपोर्ट मिलेगा। यह सपोर्ट एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम पर मिलेगा। एंड टू एंड एनक्रिप्शन की सुविधा इंस्टेंट मैसेजिंग एप वॉट्सएप पर भी मिलता है। एक बार अपडेट मिलने के बाद यूजर्स को सेंसटिव ईमेल भेजने के लिए सिक्योरिटी लेयर के लिए अलग से सॉफ्टवेयर या एक्सटेंशन की जरूरत नहीं होगी। ईमेल सुरक्षित तरीके से रिसीवर तक पहुंच जाएगा। एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन, असल में एक तरह का डिजिटल सिक्योरिटी लॉक सिस्टम है। इस टेक्नोलॉजी का यूज करने पर डेटा भेजने वाले और रिसीव करने वाले के अलावा अन्य कोई शख्स ईमेल या मैसेज को बीच में डिकोड नहीं कर पाएगा।

**आदेश** | कोर्ट की फटकार के बाद पीएचक्यू का फरमान, असंज्ञेय अपराधों में जारी होगा एनसीआर

# जांच के नाम पर केस लटकाया तो अफसरों पर गिरेगी गाज, 14 दिन की डेडलाइन तय

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस थानों में अब संज्ञेय (गंभीर) अपराध की शिकायतों को जांच के नाम पर लटकाना पुलिस अधिकारियों को भारी पड़ेगा। पुलिस मुख्यालय के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने इस संबंध में नए आदेश जारी करते हुए साफ कर दिया है कि गंभीर अपराध की सूचना मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। हाल ही में एक मामले में पुलिस द्वारा बिना अपराध दर्ज किए लंबी विवेचना करने पर हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पुलिस को जमकर फटकार लगाई थी। इसके साथ ही पीएचक्यू तक यह जानकारियां भी पहुंच रही थीं कि कई शिकायतों की जांच महीनों और वर्षों तक चलती रहती है और इसे निपटाने के नाम पर रिश्वत मांगी जाती है।




### फैसला बना नजीर, 14 दिन की डेडलाइन तय


भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नरों के साथ सभी जिलों एवं जीआरपी यूनिट्स के एसपी को जारी आदेश में सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश मामले का हवाला दिया गया है। इस के मुताबिक हर गंभीर अपराध की सूचना मिलने पर एफआईआर तत्काल दर्ज करनी ही होगी, केवल अपवाद के तौर पर यह तय करने के लिए प्रारंभिक जांच की जा सकती है कि मामला संज्ञेय है या नहीं। इस जांच को भी अब हर हाल में 14 दिनों के भीतर पूरा करना ही होगा। इसके लिए भी थाने के स्टाफ को डीएसपी स्तर के अफसर से अनुमति लेनी होगी। आदेश में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए निर्देश जारी किए गए हैं कि केवल भ्रष्टाचार, पारिवारिक या वैवाहिक विवाद, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए लाभ लेने के मामलों में ही प्रारंभिक जांच की जा सकेगी।

### हत्या, डकैती में बगैर जांच होगी एफआईआर

बीएनएसएस के तहत अपराधों को संज्ञेय (गंभीर) और असंज्ञेय (कम गंभीर) में बांटा गया है। संज्ञेय अपराध में हत्या, बलात्कार, अपहरण, डकैती, दहेज मृत्यु, मानव तस्करी और आतंकवादी कृत्य आते हैं और इन मामलों में पुलिस मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति या अदालती आदेश के बिना एफआईआर दर्ज कर अपराधी को बिना वारंट गिरफ्तार कर सकती है। वहीं, असंज्ञेय अपराध में मानहानि, चोट, अतिक्रमण, उपद्रव जैसे मामले शामिल हैं। इनमें पुलिस अदालत के निर्देश के बिना न तो एफआईआर दर्ज कर सकती है और न ही मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना जांच शुरू की जा सकती है। इन मामलों में गिरफ्तारी भी वारंट जारी होने के बाद ही की जा सकती है। पीएचक्यू ने साफ कर दिया है कि महिलाओं के खिलाफ लैंगिक अपराधों की सूचना पर पुलिस अधिकारी अगर तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं करता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# साहित्य सृजन

## माटी



एक ना एक दिन, सबका, वो आएगा,
तन ये माटी का, माटी में खो जाएगा,
फिर क्यों अपना, मन ये न माने,
अपना पराया, लगे फिर बताने,
यहीं छोड़ सब कुछ, चला तो जाएगा,
तन ये माटी का...
जो मिला है उसमें, खुश क्यों न होता है,
चकाचौंध देख कर, आंख क्यों भिगोता है,
सांस की जो डोर टूटी, क्या तू रो पायेगा,
तन ये माटी का...
जीवन मिला जो उसे सेवा मे लगाइए,
खुश देख दुनिया को, खुशियां मनाइए,
कालिख लगी तो तू क्या, उसे धो पायेगा,
तन ये माटी का...
जिस जगह की आज तू, कर रहा लड़ाई,
मोह तू करे क्यो इतना, वो चीज है पराई,
यहीं जाने कितने सोये, तू भी सो जाएगा,
तन ये माटी का...।

**आशीष सारंग, रीवा**

## भारत गढ़ पाओगे



बातों से नहीं बदलते, इतिहास गढ़े जाते हैं,
जो खुद जलते दीपक बन, औरों को राह दिखाते हैं।
वीरों की उस पावन धरती पर, सिर ऊँचा कर चलना सीखो,
वरना उनके जैसा तुम, क्या नाम कमा पाओगे ?
जिस माटी ने जन्म दिया, उसका कर्ज चुकाना है,
रग-रग में बहते रक्त से, भारत को सजाना है।
जो हँसते-हँसते सीमा पर, जीवन अर्पण करते हैं,
उनके जैसा त्याग भला, तुम कब कर पाओगे ?
तूफानों से लड़कर जिसने, तिरंगा लहराया है,
हर बलिदानी वीर ने, इतिहास सजाया है।
सीने पर गोली खाकर भी, जो झुके नहीं रण में,
उनके जैसा साहस तुम, क्या दिखला पाओगे ?
आराम की नींद छोड़कर, जो जाग रहे सरहद पर,
अपनों से दूर रहकर भी, डटे हुए हैं हिम्मत कर।
उनके तप, त्याग और बल को, दिल से पहचानो तुम,
वरना केवल शब्दों से, क्या फर्ज निभा पाओगे ?
जाति-पांति के जंजालों से, अब ऊपर उठना होगा,
एक तिरंगे के नीचे, खुद को एकत्रित करना होगा।
राष्ट्र धर्म सबसे ऊपर-ये मंत्र हृदय में बसा लो,
तभी सही मायनों में, तुम भारत गढ़ पाओगे।।

**प्रीतम शुक्ला, बिठौली सीधी**

## लुटा दिया



जिनके लिए जीती बाजी भी हमने हारी
हमारी वफा की इस कदर वो दाद देता है।
जैसे दाना कोई बुलबुल को सैय्याद देता है।
समंदर उड़ेलकर रख दिया हमने जिनकी खातिर।
एक कतरा देकर हमे एहसान से लाद देता है।।
हमारी वफा की इस कदर वो दाद देता है।।
हमने जिन्हें तवज्जो खास दी उनके लिए हम आम।
उनकी हर नाकामी के जिम्मेदार हमीं तमाम।
जान की बाजी लगा दी फिर भी तोहमत नमकहराम।
हर किसी से हमारे गुनाहों की फरियाद देता है।।
इस कदर हमारे वफा की वो दाद देता है।।
जीती बाजी भी जिनके लिए हमने हारी है।
कहने लगे एहसान नहीं यही तो दुनियादारी है।
सब कुछ लुटा दिया हमने तब भी
अपनी इस आदत को नहीं सुधारी है।।
पता नहीं नये-नये जख्म वो कैसे इजाद देता है।।
हमारी वफा की इस कदर वो दाद देता है।

**उमेश बिहान, रीवा**

## हर मुश्किल का हल भी होता है



है हर मुश्किल का हल होता,
आज नहीं तो कल होता,
आंख से मत छलकाओ आंसू,
बूँद मे गंगा जल होता,
जिन नदियों का जल रुकता है जी,
कभी नहीं वह निर्मल होता,
बहते रहो भाव में भरकर,
तभी तो है मन निश्छल होता,
प्रेम प्रभु का अद्भुत तोहफा,
श्रेष्ठ तो माँ का आंचल होता है।

**वन्दना मिश्रा, मैदानी रीवा**

## संत सा रहना कठिन है



दीप बनना ही कठिन है
सूर्य समिधा की तरह जग
सतत देना ही कठिन है
स्वयं को तिल-तिल जलाकर
दीप बनना ही कठिन है
उसी का जीवन है उन्नत
राष्ट्रहित जो सतत चलता।
दूसरों को सुख मिले इस हेतु
संघर्षों में पलता।
त्याग सारे सुख के साधन
संत सा रहना कठिन है।
स्वयं को तिल-तिल जलाकर
दीप बनना ही कठिन है।
जगत में गुरु परम पद है
तिमिर को जो काटता है।
स्वयं करता श्रम से अर्जित
शिष्य हित फिर बांटता है।
निज तपस्या प्राप्त फल को
सबमें लुटाना ही कठिन है।
स्वयं को तिल-तिल जलाकर
दीप बनना ही कठिन है ।

**हरिकान्त अग्निहोत्री 'महर्षि', रीवा**

## कोई दर्द नहीं समझता



ज़ब तक व्यक्तिआत्महत्या ना कर ले
तब तक जिन्दा व्यक्ति
का कोई दर्द नहीं समझता।
ज़ब तक व्यक्ति कामयाब ना जो जाये
तब तक कोई मेहनत नहीं समझता।
अब घर घर की कहानी हर घर पे आ रही
कहे की अब घर के ही
लोग घर को घर नहीं समझते
शांति चाहने वाला व्यक्ति भी
अब चिल्ला के शांति चाह रहा
मन तो था मन का हो सब मगर
मन का कभी हुआ है क्या...!

**रोहित गुप्ता, हितुआ गंगेव**

# पोस्टर और रंगोली से दिया जल संरक्षण का संदेश

**मऊगंज जागरण।** जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल रामपुर रतनगवां में एक रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने जल संरक्षण पर आधारित आकर्षक पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी कला के माध्यम से छात्राओं ने पानी की हर बूंद को बचाने और भविष्य के लिए जल संचय के महत्व का संदेश दिया। रंगीन रंगों और चित्रों के जरिए छात्राओं ने जल संकट के समाधान और वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों को बखूबी प्रदर्शित किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल बच्चों की रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी जाता है।

# दो वर्ष पूर्व शासन ने जारी कर दी थी राशि, सरपंच ने नहीं शुरू कराया पंचायत भवन का निर्माण कार्य




### गोरगांव 165 में अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) के निर्माण का है मामला

**रायपुर कर्चुलियान।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोरगांव 165 इन दिनों अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण को लेकर सुर्खियों में है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व शासन द्वारा स्वीकृत इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपये की राशि पंचायत के खाते में जमा कर दी गई थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक निर्माण कार्य की एक ईंट भी नहीं रखी गई। इस लापरवाही ने अब ग्रामीणों के धैर्य का बांध तोड़ दिया है और पूरे गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### सरपंच द्वारा जानबूझकर टाला जा रहा निर्माण कार्य

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि सरपंच अर्जुन कोल द्वारा जानबूझकर निर्माण कार्य को टाला जा रहा है। सरपंच का कहना है कि अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आती है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में शासकीय आराजी नंबर 952, रकबा 0.4780 हेक्टेयर भूमि मौजूद है, जिस पर निर्माण कार्य आसानी से कराया जा सकता है। बावजूद इसके, जिम्मेदारों की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है। अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) के अभाव में गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं के संचालन, बैठकों और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार गांवों के विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर ऐसी लापरवाही विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगा रही है।

### जपं सीईओ को सौंपी सामूहिक लिखित शिकायत

मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम के समस्त ग्रामीणों ने एकजुट होकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है। आवेदन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि उपलब्ध शासकीय भूमि पर तत्काल अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इसके साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रायपुर कर्चुलियान को भी भेजी गई है, ताकि मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। लोगों ने संवाददाता को बताया कि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। फिलहाल, गोरगांव 165 के ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी आवाज इस बार अनसुनी नहीं होगी और जल्द ही अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण कार्य धरातल पर नजर आएगा।

# भव्य शोभायात्रा का आयोजन कर पाटोत्सव का किया शुभारंभ



**आंचलिक डेस्क।** श्री मानसपीठ खजुरीताल में 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पावन पाटोत्सव महापर्व के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के रंग में रंग दिया। इस दौरान सैकड़ों वाहनों का काफिला आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसमें क्षेत्र के अनेक भक्तजन, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सुसज्जित वाहनों के साथ निकली इस दिव्य यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। यात्रा के दौरान जयकारों, भजन-कीर्तन और धार्मिक उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर भव्य पटोत्सव के आयोजक रामलला चार्य महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित ही 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित होने वाला यह पाटोत्सव अद्वितीय भव्यता, दिव्यता और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न होगा। आप सभी कार्यकर्ताओं, भक्तजनों और क्षेत्रवासियों का सहयोग, समर्पण एवं सेवा भाव इस आयोजन की सबसे बड़ी शक्ति है, कोई भी धार्मिक आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं होता, बल्कि वह समाज की आस्था, एकता और संस्कारों का महापर्व होता है। जब पूरा क्षेत्र एक सूत्र में बंधकर धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु आगे आता है, तब ऐसे आयोजन इतिहास रचते हैं। कार्यकर्ताओं के प्रयास को उन्होंने जमकर सराहा। उनके अथक प्रयासों और क्षेत्रवासियों के स्नेहपूर्ण सहयोग से यह पाटोत्सव निश्चित ही भव्यता के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस दिव्य महोत्सव में सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें और आयोजन को अपनी सहभागिता से और अधिक सफल एवं ऐतिहासिक बनाएं।

# विद्युत उपभोक्ता जमा कर रहे बकाया राशि




### समाधान योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन

**आंचलिक डेस्क।** पूर्व संभाग रीवा के बदराव वितरण केंद्र अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव में समाधान योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में मौके पर बीके शुक्ला अधीक्षण अभियंता रीवा द्वारा पात्र विद्युत उपभोक्ताओं को समझाइश देकर बकाया राशि जमा करने हेतु प्रेरित किया एवं सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। एसई, डीई पूर्व संभाग एवं सहायक अभियंता रीवा की उपस्थिति में आयोजित कैंप से करीब 20 उपभोक्ताओं ने तुरंत समाधान योजना का लाभ प्राप्त करते हुए पैसे जमा किए और करीब 100000 की राशि जमा हुई।

**गोविंदगढ़ क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण :** मुख्य अभियंता द्वारा समाधान योजना कैंप एवं मेंटेनेंस कार्य का औचक निरीक्षण पूर्व संभाग के गोविंदगढ़ क्षेत्र में किया गया, जिसमें मुख्य अभियंता ने सब स्टेशन का निरीक्षण, हाई ट्रिपिंग वाले 33, 11 केवी फीडर के मेंटेनेंस हेतु निर्देशित किया। ग्राम मड़वा में 40 से अधिक उपभोक्ता जिसमें प्रत्येक पर 100000 से ऊपर बकाया होने पर सप्लाई बंद की गई, एवं शीघ्र गलत बिल सुधार हेतु निर्देशित किया गया, ताकि उपभोक्ता सही बिल समय पर जमा कर सके। जिस क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा लगातार बिल जमा किया जा रहा है उनको प्री मानसून मेंटेनेंस एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। मेंटेनेंस कार्यों को एप में प्रतिदिन दर्ज करने हेतु भी निर्देशित किया गया। क्षेत्र के पार्षदों को उपभोक्ताओं को समझाकर बिल समाधान योजना के तहत जमा करने हेतु भी सूचित किया गया। इस अवसर पर गोविंदगढ़ के क्षेत्रीय पार्षद, जेई गोविंदगढ़ सहित विद्युत विभाग सब स्टेशन ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# धर्मशाला प्रांगण में दुकानदारों ने अतिक्रमण कर सड़क को कर दिया है संकरी

### सुबह से शाम तक लगा रहता है जाम, आमजन आक्रोशित



**हनुमना, नि.प्र.।** परिषद हनुमना के वार्ड क्रमांक 9 में अतिक्रमणकारियों ने अपने पैर जमा लिये हैं। यहां धर्मशाला प्रांगण के सामने से मध्यांचल ग्रामीण बैंक, गल्ला मंडी सहित अन्य प्रतिष्ठान हैं। अतिक्रमण के कारण सड़क पर लगने वाला जाम ग्रामीण एवं नगरीय लोगों को अत्यधिक परेशान करने वाला है। यहां पिपराही सरदमन, प्रतापगंज, शाहपुर, खटखरी, बन्ना अन्य कहीं से धर्मशाला प्रांगण में अगर पहुंचना है तो वह अपने निजी वाहन से धर्मशाला प्रांगण एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक तक नहीं पहुंच सकते, इसका मूल कारण है धर्मशाला प्रांगण का लंबे समया से अतिक्रमण है। निलेश केसरी बच्चा भैया ने संवाददाता को बताया कि कई बार ऐसा हुआ है कि अगर हनुमना, बहरी मार्ग में जाम की स्थिति बन जाती है तो अगर कोई इमरजेंसी पड़ जाए जैसे कोई सड़क दुर्घटना हो जाए महिलाओं का प्रसव अन्य इमरजेंसी कार्य के लिए तो धर्मशाला प्रांगण से रीवा रोड निकलना हो तो बहुत ही मुश्किल बात है कि कोई वाहन इस मार्ग से निकल जाए। अतिक्रमण ने पूरी तरह से पैर जमा चुका है।

### अतिक्रमण हटाने में प्रशासन नहीं दिखा रहा दिलचस्पी


श्री केसरी ने प्रश्न पूछते हुए कहा कि आखिर क्यों नगर परिषद द्वारा हनुमना नगर के धर्मशाला प्रांगण के अतिक्रमण के ऊपर सख्त कार्यवाही नहीं की जा रही है। आखिर क्यों नगर परिषद में हुए अतिक्रमण पर जन प्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी थाना प्रभारी हनुमना, अनुविभागीय अधिकारी हनुमना इत्यादि उदासीनता बरत रहे हैं। कई बार अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना में लोगों की जान भी जा रही है। हनुमना नगर वासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता निलेश केसरी बच्चा ने जिला अधिकारी कलेक्टर मऊगंज, अनुविभागीय अधिकारी हनुमना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना, थाना प्रभारी हनुमना, यातायात प्रभारी मऊगंज का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग किया है कि हनुमना नगर के साथ-साथ मुख्य रूप से धर्मशाला प्रांगण के भी अतिक्रमण के ऊपर सख्त कार्यवाही की जरूरत है ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण



**मऊगंज जागरण।** हनुमना जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव ने जल स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिन्हांकित तालाबों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और उन नालों का परीक्षण किया जहाँ चेक डैम का निर्माण प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि ग्राम को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पूर्व में ही तैयार की जा चुकी है, जिसमें चेक डैम, स्टॉप डैम, तालाबों का जीर्णोद्धार, नालों पर जल संरचनाएं और रिचार्ज पिट जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। फील्ड विजिट के माध्यम से इन सभी प्रस्तावित स्थलों की तकनीकी उपयुक्तता का बारीकी से परीक्षण किया गया ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# 87 वर्षीय बुजुर्ग ने लिया देहदान का संकल्प



**मऊगंज ब्यूरो।** 87 वर्षीय वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक भास्कर प्रसाद पाण्डेय पिता चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम बहुती, तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.) ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने संवाददाता को बताया कि मेरा यह मत है कि, यदि मेरी आंखे, मेरा हार्ट, मेरा फेफड़ा, मेरी किडनी, गुर्दा एवं जिस्म मरणोपरांत भी यदि किसी के शरीर में जाकर उसे नया जीवन प्रदान करता है तो यह पुण्य का कार्य है और इस तरह से मैं मरूंगा नहीं क्योंकि मैं मर करके भी दूसरे व्यक्ति के शरीर में जिंदा रहूंगा और इसी आशय से मैने देहदान किया है।

# दो माह की पर्ची निकाल कर एक माह का खाद्यान्न वितरित कर रहा काजल स्वसहायता समूह



### ग्राम पंचायत बरौली ठकुरान का है मामला

**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौली ठकुरान के सात सैकड़ा से ज्यादा हितग्राहियों के खाद्यान्न वितरण का जिम्मा जिला प्रशासन रीवा द्वारा काजल स्वसहायता समूह बरौली ठकुरान को सौंपकर समुचित तरीके से खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए गए थे। लेकिन उसके विपरीत हितग्राहियों ने काजल स्वसहायता समूह बरौली ठकुरान पर खाद्यान्न वितरण के नाम पर कालाबाजारी का आरोप लगाते लगाया है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि जिला कलेक्टर रीवा के निर्देशानुसार माह अप्रैल एवं माह मई 2026 का खाद्यान्न एक साथ वितरण के निर्देश हैं लेकिन उसके विपरीत काजल स्वसहायता समूह बरौली ठकुरान के द्वारा गेहूं चावल नमक शक्कर की दो माह की पर्ची तो निकाल लिया जाता है लेकिन किसी को दो माह तो किसी को एक माह का खाद्यान्न प्रदान कर यह कहकर भगा दिया जाता है कि अभी खाद्यान्न आया ही नहीं है , जब आयेगा तब मिलेगा। इस संबंध में शांति देवी, मुन्नी आदिवासी, उमेश वर्मा, अशोक सिंह सहित अन्य हितग्राहियों ने आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि दिन-दिन भर कड़ी धूप में बैठने के बावजूद पूरा खाद्यान्न नही मिल पाता है। उन्होंने आगे आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि समूह द्वारा खाद्यान्न वितरण के नाम पर एक किवंटल में 5 से 10 किलो तक कम तौलाई दी जाती है उसके बावजूद नमक शक्कर तक नहीं दिया जाता है। कहते हैं कि लेना हो तो वो नहीं तो चलते बनो। समूह के उक्त मनमानी पर हितग्राहियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए फूड इंस्पेक्टर एवं फूड कन्ट्रोलर रीवा से निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# पीएस त्रिपाठी को दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर तहसील में पदस्थ रहे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पीएस त्रिपाठी का स्थानांतरण त्योंथर से सिंगरौली अपर कलेक्टर के रूप में हुआ। त्योंथर तहसील के तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ल एवं कर्मचारियों के साथ अधिवक्ता संघ त्योंथर द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले साल और माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया, अपने उद्बोधन में त्रिपाठी ने सबके सहयोग एवं समन्वय के साथ किये गये कार्यों की जमकर सराहा। लोगों का कहना है कि त्योंथर में उनका सबसे प्रशंसनीय और महत्व पूर्ण कार्य 86 एकड़ भूमि को मध्यप्रदेश शासन की भूमि घोषित किया जो सदैव त्योंथर वासियों के लिए स्मरणीय रहेगा।

# सच्चे मार्ग पर चलकर ही मोक्ष की प्राप्ति संभव : रामकृष्णाचार्य महाराज

### उमरिया फुलहा में पधारे आचार्य रामकृष्णाचार्य महाराज का किया स्वागत



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** रामकृष्णाचार्य जी महाराज के आगमन से नईगढ़ी क्षेत्र के उमरिया लखन खोरिहान एवं फुलहा गांव में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण है। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि विशेष बात यह रही कि वे वेंकटेश मंदिर से पधारे, जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया। आचार्य महाराज ने उपस्थित भागवत जनों को श्रीमन्नारायण भगवान के धाम की प्राप्ति हेतु रामानुजाचार्य द्वारा बताए गए नियमों और सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भक्ति, सेवा और सदाचार को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि सच्चे मार्ग पर चलकर ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। इस दौरान दास मनविश्राम,दास शालिक राम,, दास राजनारायण,दास राजबहोर,दास राजमणि, दास व्यंकटेश कुमार,दास नागेश्वर,दशमति,उज्ज्वल एवं सुखेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अमृतधारा देवतालाब में दास भैयालाल सोनी के निवास पर आध्यात्मिक अमृत वर्षा होगी, जहां श्रद्धालु भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे।

# पंजाब किंग्स ने 10वीं बार 200 प्लस टारगेट किया चेज, हैदराबाद को हराया

**न्यू चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में वो कर दिखाया जो अब उनकी पहचान बन चुकी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में पंजाब ने न केवल 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की, बल्कि 10वीं बार 200 से अधिक रनों का लक्ष्य पीछा करने वाली आईपीएल इतिहास की पहली टीम बन गई। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब ने इस सीजन की अपनी तीसरी जीत दर्ज की जबकि हैदराबाद की चार मैचों में यह तीसरी हार है। सात अंक पंजाब अंक तालिका में दूसरे जबकि हैदराबाद एक जीत से छठे नंबर पर है। इससे पहले, ओपनर अभिषेक शर्मा की 28 गेंद में 74 रन की तूफानी पारी के बाद पंजाब किंग्स ने वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट पर 219 रन के स्कोर पर रोक दिया।



### अय्यर का 'रॉयल' फिनिश

पंजाब किंग्स को मैच फंसता हुआ नजर आया, तब क्रीज पर आए कप्तान श्रेयस अय्यर। अय्यर ने न केवल पारी को संभाला बल्कि पूरी तरह से मैच को अपनी मुट्ठी में कर लिया। उन्होंने 69 रनों की कप्तानी पारी खेली और मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए।

### अभिषेक ने गेंदबाजों की उड़ाई धज्जियां

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत किसी डरावने सपने जैसी थी। सनराइजर्स के



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आते ही पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को जमकर धोया। अभिषेक ने महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़कर सनराइजर्स को पावरप्ले में ही 105/0 के स्कोर पर पहुंचा दिया।

**अभिषेक पावरप्ले में 7 सिक्स लगाने वाले चौथे बैटर:** अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में 7 सिक्स लगाकर रिकॉर्ड बनाया। वे आईपीएल पावरप्ले में 7 सिक्स लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने। उनसे पहले सनथ जयसूर्या, जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो भी ऐसा कर चुके हैं। पंजाब की ओर से पहला ओवर फेंक रहे अर्शदीप सिंह ने वाइड से शुरुआत की। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने चौका लगाकर टीम का खाता खोला।

### प्रियांश-प्रभसिमरन का 'जवाबी हमला'



220 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने ठीक वैसा ही खेल दिखाया जैसा हैदराबाद के लिए 'ट्रेविशेक' (ट्रेविस हेड और अभिषेक) ने दिखाया था। दोनों ने पावरप्ले में 93 रन जोड़ दिए और अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। हालांकि, मैच में रोमांच तब बढ़ा जब शिवांग कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजाब के तीन विकेट जल्दी झटक लिए। 11वें ओवर में जब स्कोर 128/3 था, तब हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी थी।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः 219/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक कॉ. अर्शदीप. बो. शशांक | 74 | 28 | 5 | 8 |
| ट्रैविस कॉ. जेवियर बो. शशांक | 38 | 23 | 5 | 1 |
| ईशान कॉ. मार्को बो. अर्शदीप | 27 | 17 | 3 | 1 |
| हेनरिक कॉ. कूपर बो. बार्टलेट | 39 | 33 | 1 | 1 |
| अनिकेत बो.(मार्कस/प्रभसिमरन) | 18 | 9 | 1 | 1 |
| सलील कॉ. जेवियर बो. अर्शदीप | 9 | 8 | 0 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 13, **कुलः** 20 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन, **विकेट पतनः** 1-120, 2-122, 3-169, 4-195, 5-214, 6-218, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-50-2, जेवियर 4-0-42-1, मार्को 4-0-40-0, विजय 2-0-33-0, शंशाक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0,

**पंजाबः 223/4 (18.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का. नीतीश बो. शिवांग | 57 | 20 | 5 | 5 |
| प्रभसिमरन का. हैनरिक बो. शिवांग | 51 | 25 | 4 | 4 |
| कूपर का. अनिकेत बो. शिवांग | 11 | 12 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 | 33 | 5 | 5 |
| नेहाल बधेरा बो. हर्ष दुबे | 14 | 14 | 0 | 1 |
| शंशाक सिंह नाबाद | 16 | 9 | 1 | 1 |

**अतिरिक्तः** 05, **कुलः** 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन, **विकेट पतनः** 1-99, 2-117, 3-128, 4-197 **गेंदबाजीः** हर्ष दुबे 4-0-38-1, जयदेव उनादकट 3-0-40-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतीश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0.

# लगातार तीन हार के बाद दिल्ली को हराकर चेन्नई ने चखा जीत का स्वाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लगातार तीन हार के बाद जब चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस के चेहरों पर मायूसी छाने लगी थी, तभी संजू सैमसन के बल्ले ने ऐसी आग उगली कि दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज पूरी तरह नतमस्तक नजर आए। आईपीएल के इस रोमांचक मुकाबले में सीएसके ने न केवल जीत की राह पर वापसी की, बल्कि दिल्ली को करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपना दम भी दिखा दिया। इस जीत के सबसे बड़े नायक रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन। संजू ने मैदान के चारों ओर शॉट्स की ऐसी बौछार की कि दिल्ली के फील्डर बस गेंद को सीमा रेखा के पार जाते देखते रह गए। उन्होंने महज 56 गेंदों का सामना करते हुए 115 रनों की नाबाद और विध्वंसक पारी खेली। उनकी इस शतकीय पारी की सबसे खास बात उनका स्ट्राइक रेट रहा, जो 205.36 का था। संजू ने अपनी पारी में 15 शानदार चौके और 4 छक्के जड़े। यह उनकी बल्लेबाजी का ही कमाल था कि चेन्नई का स्कोर 200 के पार पहुंच सका।



| | |
|---|---|
| 115 | रन |
| 56 | गेंद |
| 15 | चौके |
| 04 | छक्के |

### दिल्ली की पारी 189 रन हुई ढेर

चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से रखे गए 213 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम संघर्ष के बावजूद 20 ओवरों में 189 रनों पर ढेर हो गई। चेन्नई ने यह मुकाबला 23 रनों से जीत लिया। दिल्ली की शुरुआत पथुम निसांका ने तूफानी अंदाज में की, जिन्होंने 24 गेंदों पर 41 रन कूटे, जबकि केएल राहुल 18 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि मध्यक्रम में समीर रिजवी (6) और कप्तान अक्षर पटेल (1) के सस्ते में आउट होने से टीम लड़खड़ा गई। ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंदों पर 60 रनों की जुझारू पारी खेलकर जीत की उम्मीदें जगाईं, लेकिन जेमी ओवरटन की घातक गेंदबाजी (4 विकेट) ने दिल्ली की कमर तोड़ दी। अंत में आशुतोष शर्मा (19) और डेविड मिलर (17) ने कोशिश जरूर की, लेकिन अंशुल कंबोज के 3 विकेटों और नूर अहमद की कसी हुई गेंदबाजी के सामने दिल्ली की पूरी टीम आखिरी गेंद पर 189 रन बनाकर सिमट गई।

### संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर 115 रन बनाए

संजू सैमसन ने मौजूदा सीजन में अपनी निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़ते हुए नाबाद शतकीय पारी खेली जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दो विकेट पर 212 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। सैमसन की 56 गेंदों की नाबाद 115 की पारी में उन्हें दूसरे छोर से आयुष महात्रे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने रिटायर आउट होने से पहले 36 गेंदों में 3 चौकों और चार छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। सैमसन के आईपीएल करियर का यह चौथा शतक और सुपरकिंग्स के लिए पहला शतक है। सैमसन ने कई आकर्षक शॉट लगाए, जिसमें कुलदीप की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर जड़ा गया छक्का खास रहा।

**दिल्ली के लिए एकमात्र सफलता अक्षर को मिली:** म्हात्रे की जगह क्रीज पर आए शिवम दुबे ने 10 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 20 रन बनाए। कैपिटल्स के लिए एकमात्र सफलता अक्षर पटेल को मिली।

**स्टब्स ने खेली 60 रन की पारी**

दिल्ली की ओर से स्टब्स की फिफ्टी दिल्ली की पारी में नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने उतरे ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 बॉल पर 60 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्सः 212/2 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 | 56 | 15 | 4 |
| ऋतुराज का. निसांका बो. अक्षर | 15 | 18 | 1 | 0 |
| आयुष रिटायर्ड आउट | 59 | 36 | 3 | 4 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 | 10 | 2 | 1 |

**अतिरिक्तः** 3, **कुलः** 20 ओवर में 2 विकेट पर 212 रन, **विकेट पतनः** 1-61, 2-1720 **गेंदबाजीः** आकिब 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर पटेल 4-0-391, टी. नजराजन 4-0-54-0, एनगिडी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

**पंजाबः 223/4 (18.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसांका का. ब्रेविस बो. अंशुल | 41 | 24 | 5 | 2 |
| लोकेश राहुल का. जेमी बो. खलील | 18 | 10 | 2 | 1 |
| रिजवी का. ब्रेविस बो. जेमी | 6 | 9 | 1 | 0 |
| अक्षर का. खान बो. गुरजापनीत | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मिलर बो. जेमी ओवरटन | 17 | 14 | 1 | 1 |
| स्टब्स को. नूर बो. जेमी | 60 | 38 | 4 | 3 |
| आशुतोष को. अंशुल बो. नूर | 19 | 10 | 1 | 2 |
| नबी का. अकील बो. जेमी | 4 | 2 | 1 | 0 |
| कुलदीप को. ब्रेविस बो. अंशुल | 7 | 4 | 0 | 0 |
| एनगिडी को. गुरजापनीत बो. अंशुल | 3 | 5 | 0 | 0 |
| नटराजन नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 15, **कुलः** 18.5 ओवर में 10 विकेट पर 189 रन, **विकेट पतनः** 1-61, 2-61, 3-66, 4-76, 5-121, 6-149, 7-154, 8-183, 9-185, 10-189 **गेंदबाजीः** अकील 2-0-20-0, खलील अहमद 3-0-40-1, अंशुल कंबोज 4-0-35-3, गुरजापनीत सिंह 4-0-39-1, जेमी ओवरटन 4-0-18-4, नूर अहमद 3-0-36-1

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| वैभव (राजस्थान) | 200 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 184 |
| यशस्वी (राजस्थान) | 183 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 09 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 06 |
| अंशुल(चेन्नई) | 06 |



### बाउंड्री मीटर

296 छक्के
523 चौके
42 अर्धशतक
01 शतक



अभिषेक शर्मा ने महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़कर सनराइजर्स हैदराबाद को पावर प्ले में ही 105/0 के स्कोर पर पहुंचा दिया।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.403 |
| पंजाब | 4 | 3 | 0 | 7 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 4 | 2.501 |
| दिल्ली | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.811 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.359 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 | 0.275 |
| गुजरात | 3 | 1 | 2 | 2 | - 0.270 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.715 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.517 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.315 |

# बेंगलुरु के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई इंडियंस

**मुंबई, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरूआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ में जीत की राह पर लौटने का होगा । तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरूआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया । पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट के साथ आठवें स्थान पर है। रोहित शर्मा को कुछ समय के लिये आरेंज कैप भी मिली लेकिन बल्लेबाजी मुंबई की चिंता का सबब है और आरसीबी जैसे दमदार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक ईकाई के रूप में उसे अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी।




**मध्यक्रम का नहीं चल रहा है बल्ला:** मध्यक्रम में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार नहीं चल पा रहे। सूर्यकुमार ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक बनाया लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगले मैच में नाकाम रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या का बल्ला अभी तक चला नहीं है। गुवाहाटी में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर मुंबई के बल्लेबाज लय को तरसते रहे।

**आरसीबी की मजबूत है बल्लेबाजी:** बल्लेबाजों की मददगार पिच पर आरसीबी के पास कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। कप्तान रजत पाटीदार (142), विराट कोहली (129) और देवदत्त पडिक्कल (125) ने अच्छी पारियां खेली है जबकि टिम डेविड (99), रोमारियो शेफर्ड और वेंकटेश अय्यर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं।

## मैदान से हटकर

### द कोरिया में विराट की जर्सी मिलते ही झूम उठी फैन

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की फैन फॉलोइंग सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर में फैली हुई है। इसका ताजा उदाहरण एक कोरियाई महिला फैन का वीडियो है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मिशेल नाम की इस फैन ने जैसे ही अपनी आरसीबी जर्सी अनबॉक्स की, उनकी खुशी देखने लायक थी। वीडियो में उनका एक्साइटमेंट पहले ही फ्रेम से साफ नजर आता है। वीडियो में मिशेल पैकेज खोलने से पहले ही मुस्कुराती नजर आती हैं। जैसे ही उन्होंने बॉक्स खोला, सबसे पहले कुछ स्टिकर्स निकाले और उन्हें देखकर खुशी जाहिर की। लेकिन असली पल तब आया जब उन्होंने जर्सी को बाहर निकाला। जर्सी हाथ में लेते ही वह हंसने लगीं, उसे गले से लगाया और फिर पहनकर अपनी खुशी जाहिर की। जर्सी पर 18 नंबर लिखा था, जो कि विराट कोहली का जर्सी नंबर है। मिशेल ने वीडियो के कैप्शन में अपनी भावनाएं भी शेयर कीं। उन्होंने लिखा, मैं एक कोरियन आरसीबी फैन हूं।

# अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट महिला रैंकिंग में शीर्ष पर



**लोनाटो, जेएनएन।** भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग (आईकेआर) में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है। इस श्रेणी की रैंकिंग में स्विट्जरलैंड के जोल्टन कोइग्नी शीर्ष पर हैं। अतिका के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें 2026 की शुरुआत में मिनी वर्ग (8-12) से जूनियर वर्ग (12-14 वर्ष की आयु) में शामिल कर दिया गया था। वह पिछले महीने वालेंसिया में चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर एकेडमी (सीओटीएफए) सीरीज के पहले दौर में पोडियम पर पहुंची थी।


# एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारत का दबदबा कायम

**शिमला, जेएनएन।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया। युगल का खिताब भी भारत के ही पास रहा जिसमें ऋषान चट्टोपाध्याय और आकाश राजवेलु ने नेपाल के खिलाफ पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की।

### 60 साल बाद कोई भारतीय मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचा

# डिफेंडिंग चैंपियन को हराकर, आयुष पहुंचे एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। 60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई है। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था। आयुष ने चीन के झेजियांग में खेले गए सेमीफाइनल में टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन थाई प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को तीन गेम में हराया। आयुष ने पेरिस ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट और 2023 के वर्ल्ड चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।



### आयुष ने पिछली हार का बदला लिया

दोनों खिलाड़ी इससे पहले पिछले साल आर्कटिक ओपन में भिड़े थे, जहां वितिदसर्न ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार आयुष ने शानदार वापसी करते हुए हिसाब बराबर कर लिया। पहला गेम हारने के बाद जिस तरह उन्होंने वापसी की, उसने उनकी मानसिक मजबूती को भी साबित किया।

**क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टी को हराया**

वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था। इसके अलावा उन्होंने चीनी ताइपे के चिन यू जेन और चीन के ली शी फेंग जैसे खिलाड़ियों को भी मात दी।

### रोहित ने भावुक संदेश साझा कर सपोर्ट स्टाफ और फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट का आभार जताया

# मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के 15 साल पूरे

**मुंबई, जेएनएन।** रोहित शर्मा ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ अपने 15 साल पूरे होने पर भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने इस लंबे सफर के लिए टीम, सपोर्ट स्टाफ और फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट का दिल से आभार जताया।

रोहित ने साफ कहा कि जो कुछ भी उन्होंने हासिल किया है, वह टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। रोहित ने अपने साथियों और स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कहा, आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनाया। पॉली, हार्दिक, सूर्या, शार्दुल, माली, कोच और आप सभी का शुक्रिया। आप लोगों के प्रयास के बिना यह सब मेरे लिए संभव नहीं होता।



### पांच खिताब, लेकिन टीमवर्क सबसे अहम

रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं, लेकिन उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय सिर्फ खुद को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है, न कि किसी एक खिलाड़ी की व्यक्तिगत चमक का। रोहित ने अपने करियर के अहम पड़ावों को याद करते हुए फ्रेंचाइजी के मालिकों और मैनेजमेंट का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, हमने पांच ट्रॉफी जीतीं, लेकिन हम सभी जानते हैं कि यह पूरी टीम के प्रयास के बिना संभव नहीं था। आकाश अंबानी यहां नहीं हैं, भाभी भी नहीं हैं, लेकिन मैं उन्हें भी

**टीम का साथ बना सबसे बड़ी ताकत**

रोहित ने आगे कहा कि टीम के हर सदस्य ने उन्हें एक बेहतर लीडर बनने में मदद की। उन्होंने कहा, बहुत से लोग हैं जिनका धन्यवाद करना है। कई लोगों ने मुझे लीडरशिप रोल में बढ़ने में मदद की और अब एक खिलाड़ी के रूप में भी सभी का

**इस विरासत को और ऊंचा ले जाना है**

अपने संदेश के अंत में रोहित ने फ्रेंचाइजी से जुड़े हर व्यक्ति को धन्यवाद देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, जो लोग यहां नहीं हैं, उन्हें भी मैं दिल से धन्यवाद कहना चाहता हूं। इस खास सफर को बनाने के लिए सभी का शुक्रिया। जैसे पॉली कहते हैं, यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए।

# वैभव सूर्यवंशी गेंदबाजों के लिए बने चुनौती




**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में अपनी आतक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने अब तक 18 गेंदबाजों का सामना किया है, जिनमें से 10 के खिलाफ पहली ही गेंद पर बाउंड्री जड़ दी। चार मैचों में 200 रन, 266.67 का स्ट्राइक रेट और ऑरेंज कैप के साथ वैभव का दबदबा साफ नजर आ रहा है। खास बात यह है कि अब तक कोई भी गेंदबाज उन्हें बोल्ड नहीं कर सका है, जो उनकी तकनीक और आत्मविश्वास दोनों को दर्शाता है। आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने अब तक इस सीजन खेली गई चार पारियों में चौके-छक्कों की बरसात कर दी है। वह चार मैचों में 200 रन के साथ फिलहाल ऑरेंज कैप की रेस में सबसे ऊपर हैं।

**प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन -कोहली**



वैभव को सुपरस्टार कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन पर वैभव को यह मौका मिला। वैभव आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान को जीत दिलाई। कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा-'प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन'।

### मुख्यमंत्री 18 अप्रैल को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जल गंगा और संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 15 से

**रीवा।** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी की जाएगी। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# पिता की उठ रही थी अर्थी, इधर सरहंगों ने गेहूं की फसल को केमिकल से किया नष्ट

## लोही से आए पीड़ित ने लगाया आरोप पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोही से पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे उमेश तिवारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी पिता का निधन हो गया उसी दौरान सरहंगों ने गेहूं की फसल को केमिकल से नष्ट कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव के ही दिलीप तिवारी, रणवीर तिवारी, तुलसीदास शुक्ला ने उसके खेत में गेहूं की फसल में दवाई डालकर नष्ट कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उक्त मामले की शिकायत उसके द्वारा थाना बिछिया थाना में भी की गई जहां कार्रवाई नहीं हुई, जिससे वह पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लेकर पहुंचा है। पीड़ित के मुताबिक ग्राम लोही स्थिति आराजी खसरा नंबर 648 रकबा 2.23 में गेहूं की फसल बोई हुयी थी, उक्त भूमि के स्वामी उसके पिता एवं सह भूमि स्वामी विद्या तिवारी व चन्द्रशेखर तिवारी हैं, जिसे वह अधिया में खेती करने के लिए लिया था। बताया गया कि 26 फरवरी को उसके पिता चन्द्रमणि तिवारी की मृत्यु हो गई, उस दिन परिवार सदमे में था, एक तरफ अर्थी उठ रही थी तो दूसरी तरफ पड़ोस के ही सरहंगों ने गेहूं कि बोई हुई फसल में खड़ी व हरी फसल में जहरीली दवा का छिड़काव कर दिये, जिससे फसल नष्ट हो गई। पीड़ित ने मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## सड़क पर दौड़ती कार में भड़की आग



**जागरण, रीवा।** शहर के विक्रम पुल के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती हुई कार में अचानक से आग भड़क उठी। घटना शनिवार को उस वक्त हुई जब कार की रिपेयरिंग करने वाला मिस्त्री खुद अपनी कार लेकर घर जा रहा था, तभी अचानक इंजन से धुआं उठा और आग भड़क उठी। सड़क के बीचों बीच चलती कार में आग लगने से एक ओर जहां मौके पर हड़कंप मच गया तो वहीं कुछ देर के लिये मार्ग के दोनों से गुजरने वाले वाहनों के पहिए थम गए। हालांकि कार चालक की सूझबूझ से जल्द ही आग पर काबू पाया गया और आग को मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बुझाया। बहरहाल कार में आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, प्रथम दृष्टया इंजन के हिस्से में हुये शॉर्ट सर्किट से आग का लगना माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक घोघर निवासी फयाज खान, जो खुद एक मिस्त्री हैं, ट्रांसपोर्ट नगर से अपने घर घोघर आ रहे थे, तभी अचानक से उनकी कार में आग भड़क उठी। घटना के दौरान सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया जिसके बाद लोगों नें राहत की सांस ली । आग लगने से कार के इंजन का हिस्सा बुरी तरह जल गया है।

**विक्रम पुल के समीप का मामला**

## नशे में मदमस्त युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा

**रीवा।** गुढ़ कस्बे में शुक्रवार की रात एक नशे में धुत युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नशे में धुत युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर विद्युत पोल की केबिल को नंगे हाथों से पकड़कर खींचता रहा, जिस दौरान पटाखों की तरह शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकलती रही। पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल है। बताया गया कि युवक के घर की बिजली किसी कारण से बंद थी, इस बात से नाराज होकर उसने विद्युत केबिल को खींचकर पूरे इलाके की सप्लाई को ही बंद कर दिया। युवक का कहना था कि मेरी लाइट नहीं है तो किसी की नहीं रहेगी।


























































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com